किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार • समाज जागरण • RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 4 अंकः 89 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 07 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

योगी कैबिनेट का फैसला, व्यावसायिक संपत्तियों पर भी मिलेगी स्टाम्प शुल्क छूट

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में परिवार के सदस्यों के बीच निष्पादित अचल संपत्ति के दान विलेख पर स्टाम्प शुल्क में दी जा रही छूट के दायरे को और व्यापक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस फैसले के तहत अब पारिवारिक सदस्यों के बीच व्यावसायिक और औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी स्टाम्प शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी।

रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 के अनुसार अचल संपत्ति के दान विलेख का पंजीकरण अनिवार्य

अब तक भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के तहत उत्तर प्रदेश में दान विलेखों पर संपत्ति के मूल्य के अनुसार हस्तांतरण पत्र (कन्वेयंस डीड) की तरह स्टाम्प शुल्क देय होता था, जबकि रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 के अनुसार अचल संपत्ति के दान विलेख का पंजीकरण अनिवार्य है।

अचल संपत्ति का दान परिवार के सदस्यों के पक्ष में किया जाता है, तो स्टाम्प शुल्क में छूट

सोमनाथ पर पीएम मोदी के लेख की शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने की सराहना

समाज जागरण

शंकराचार्य स्वामी अवि मुक्तेश्वरानंद ने सोमनाथ मंदिर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखे गए लेख की सराहना की है। उन्होंने कहा कि एक हजार वर्ष पहले मंदिर को तोड़ने का पहला प्रयास किया गया था, लेकिन आज भी सोमनाथ अडिग खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने लेख के माध्यम से उस पीड़ा, संवेदना और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री मोदी का ब्लॉग उस पीड़ा को अभिव्यक्त करता है, जो सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के समय महसूस की गई थी

मीडिया से बातचीत में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी का ब्लॉग उस पीड़ा को अभिव्यक्त करता है, जो सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के समय महसूस की गई थी। महमूद गजनवी ने अपनी सेना के साथ मंदिर को नुकसान पहुंचाया था और मंदिर के पुजारियों व श्रद्धालुओं को भी क्षति पहुंचाई गई थी। वह यह सोचता था कि मंदिर और मूर्ति तोड़ने से सब कुछ खंडित हो जाएगा। यह प्रयास एक हजार वर्ष पहले किया गया था।"

मंदिर और मूर्तियां तोड़ी जा सकती हैं, लेकिन सोमनाथ को नहीं तोड़ा जा सकता

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने ब्लॉग के जरिए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि मंदिर और मूर्तियां तोड़ी जा सकती हैं, लेकिन सोमनाथ को नहीं तोड़ा जा सकता। "एक हजार वर्ष बीत जाने के बाद भी सोमनाथ वहीं खड़ा है। गजनवी आया और चला गया, लेकिन सोमनाथ आज भी अडिग है। यह संदेश भविष्य के लिए भी चेतावनी है कि ऐसी कोशिशें व्यर्थ हैं।" शंकराचार्य ने इसे स्वागत योग्य कदम बताया।

सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण को पीएम मोदी ने इसे मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक बताया

इसी दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने मांग की कि देश में जहां-जहां महमूद गजनवी के नाम पर स्थान या पहचान है, वहां से उसका नाम हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गजनवी ने कोई सकारात्मक या सराहनीय कार्य नहीं किया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व- अटूट आस्था के 1,000 वर्ष' शीर्षक से सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण को लेकर एक लेख लिखा। पीएम मोदी ने इसे मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक बताया।

प्रधानमंत्री ने अपने लेख में लिखा- यह ऐसा दुख है, जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है

प्रधानमंत्री ने अपने लेख में लिखा, "1026 में, आज से ठीक एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं। यह ऐसा दुख है, जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है।"

एक हजार वर्ष बाद भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है

उन्होंने आगे लिखा, "एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनः निर्मित करने के प्रयास होते रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप वर्ष 1951 में स-ाकार हो सका। संयोग से वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वह समा-रोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे।"

सोमनाथ मंदिर के तीर्थ पुरोहितों और सोमपुरा ब्राह्मण समुदाय ने भी पीएम मोदी की प्रशंसा की

प्रधानमंत्री के इस लेख के बाद सोमनाथ मंदिर के तीर्थ पुरोहितों और सोमपुरा ब्राह्मण समुदाय ने भी पीएम मोदी की प्रशंसा की है। उनका कहना है कि एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों का स्मरण करना केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

लंबे ब्रेक के बाद कंगना रनौत की फिल्मों में वापसी, 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू

समाज जागरण

बॉलीवुड अभिनेत्री और मंडी से सांसद कंगना रनौत लंबे समय से फिल्मों से दूर रहकर राजनीति में सक्रिय नजर आ रही थीं। शीतकालीन सत्र के दौरान उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखे हमले किए थे, लेकिन अब कंगना ने एक बार फिर फिल्मी दुनिया में वापसी कर ली है। अभिनेत्री काफी समय बाद फिल्म के सेट पर लौटी हैं और अपनी नई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है।

कंगना रनौत ने शूटिंग के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर किया साझा

कंगना रनौत ने शूटिंग के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें वह निर्देशक मनोज तापड़िया के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में कंगना सेट पर मौजूद टीम के सदस्यों से बातचीत करती दिख रही हैं, वहीं मनोज तापड़िया उन्हें फिल्म के सीन समझाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, "फिल्म के सेट पर वापसी कर अच्छा लग रहा है।"

फिल्म का निर्देशन मनोज तापड़िया कर रहे हैं

फिल्म 'इमरजेंसी' के बाद कंगना लंबे समय बाद किसी नई फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। 'भारत भाग्य विधाता' की घोषणा 'इमरजेंसी' की रिलीज के साथ ही कर दी गई थी, लेकिन लगभग एक साल बाद अब इसकी शूटिंग शुरू हो पाई है। इस फिल्म का निर्माण यूनोइया फिल्म्स की बबीता आशिवाल और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट के आदि शर्मा मिलकर कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्देशन मनोज तापड़िया कर रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले 'मद्रास कैफे', 'चीनी कम', 'एनएच10' और वेब सीरीज 'माई' जैसी चर्चित परियोजनाओं का निर्देशन किया है।

'भारत भाग्य विधाता' एक देशभक्ति फिल्म

'भारत भाग्य विधाता' एक देशभक्ति फिल्म बताई जा रही है, जिसमें उन गुमनाम नायकों की कहानियों को पर्दे पर उतारा जाएगा, जिनके योगदान से देश का भविष्य बना, लेकिन जिनके बारे में आम तौर पर कम जानकारी है। फिल्म की कहानी वीरता, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना से भरपूर होगी। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

कंगना रनौत की आखिरी रिलीज फिल्म 'इमरजेंसी' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी

उल्लेखनीय है कि कंगना रनौत की आखिरी रिलीज फिल्म 'इमरजेंसी' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। फिल्म की रिलीज पर कुछ समय के लिए बैन भी लगाया गया था, लेकिन आवश्यक बदलावों के बाद इसे रिलीज की अनुमति मिल गई थी। 'इमरजेंसी' का निर्माण और निर्देशन खुद कंगना ने किया था, जिसमें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी। करीब 60 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में लगभग 20 करोड़ रुपए का ही कलेक्शन किया था और यह अपने बजट का आधा भी नहीं निकाल पाई थी।

घना कोहरा, तापमान 4-6 डिग्री, दृश्यता 50 मीटर से कम

उत्तर प्रदेश में शीतलहर का कहर

कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों की छुट्टियां बढ़ीं, 50 से अधिक जिलों में भीषण ठंड

लखनऊ/प्रदेश। उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है, जबकि घने कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर से भी कम दर्ज की जा रही है। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कई जिलों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं, जबकि उच्च कक्षाओं का संचालन सीमित समय में किया जा रहा है।

गाजीपुर

शीतलहर और घने कोहरे के चलते 6 से 10 जनवरी तक कक्षा 1 से 8 में अवकाश घोषित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन इस अवधि में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर सकते हैं। वहीं कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगी।

लखनऊ

राजधानी लखनऊ में जिलाधिकारी ने 6 से 8 जनवरी तक कक्षा 1 से 8 में अवकाश की घोषणा की है। कक्षा 9 से 12 का संचालन भी 10 से 3 बजे तक रहेगा। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेश पर जिले के सभी बोर्डों (यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आ-ईसीएसई सहित) के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में 8 जनवरी तक अवकाश रहेगा। इस दौरान ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा सकती हैं।

कानपुर देहात

अत्यधिक ठंड और शीतलहर को देखते हुए 7 जनवरी 2026 तक कक्षा 1 से 8 के लिए अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई और आ-ईसीएसई सहित सभी बोर्डों पर लागू होगा।

प्रदेशभर में ठंड का प्रकोप

लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, आगरा, मेरठ, बरेली, अयोध्या, झांसी सहित 50 से अधिक जिलों में न्यूनतम तापमान 4 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। घने कोहरे के कारण सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ है तथा दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

राहत कार्य तेज

प्रदेश सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को रैन बसेरों की व्यवस्था, अलाव जलाने और कंबल वितरण जैसे राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। स-रकार ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सेहत और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और मौसम की स्थिति के अनुसार आगे भी

सबरीमाला मंदिर में महापाप

केरल के सबसे बड़े मंदिरों में से एक सबरीमाला में गर्भगृह से सोना चुराने की नापाक कोशिश हुई है. केरल हाईकोर्ट में सबरीमाला स्वर्ण चोरी मामले की जांच कर रही एसआईटी ने जो खुलासा किया है, वह हैरान करने वाला है. एसआईटी ने अदालत को बताया कि आरोपियों का मकसद सिर्फ कुछ सोने की प्लेटें चुराना नहीं था, बल्कि उनकी योजना मंदिर के अन्य पवित्र हिस्सों से भी सोना नोच लेने की थी.

अन्वेषा सैटेलाइट: अंतरिक्ष में भारत का सबसे ताकतवर जासूसी कैमरा!

समाज जागरण

नई दिल्लीः भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो साल 2026 का शानदार आगाज करने जा रहा है. 12 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजकर 17 मिनट पर पीएसएलवी-सी62 मिशन लॉन्च होगा. इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से भेजा जाएगा. यह इसरो का कुल 101वां ऑर्बिटल मिशन है. इस मिशन का मुख्य पेलोड ईओएस-एन1 है जिसे अन्वेषा भी कहा जाता है. इस रॉकेट के साथ कुल 19 सैटेलाइट्स अंतरिक्ष में भेजी जाएंगी. इनमें भारत के साथ-साथ दुनिया के कई अन्य देशों के पेलोड्स शामिल हैं. यह मिशन भारत की जासूसी ताकत और तकनीकी क्षमता को पूरी दुनिया में साबित करेगा. इस ऐतिहासिक पल के लिए इसरो ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. पूरी दुनिया की नजरें अब श्रीहरिकोटा के लॉन्च पैड पर टिकी हैं.

'विवादित नारे लगाने वाले सभी छात्र होंगे सस्पेंड', JNU प्रशासन ने अपनाया कड़ा रुख

जेएनयू के सबरमती ढाबा वाली वो सड़क जहां प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ गूंजे नारों ने लोकतंत्र की अभिव्यक्ति और मयार्दा के बीच की धुंधली लकीर को एक बार फिर बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है. प्रशासन ने अब साफ कर दिया है कि जिसे छात्र आजादी समझ रहे हैं वह कानून की नजर में नफरत की प्रयोगशाला है और अब इस प्रयोगशाला के किरदार कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि जांच के आधार पर दोषी छात्रों को विश्वविद्यालय से तत्काल निलंबित होंगे. यूनिवर्सिटी ने अपने आधिकारिक एक्स हेंडल पर कहा, 'किसी भी तरह की हिंसा, गैर-कानूनी हरकत या देश विरोधी गतिविधि को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इस घटना में शामिल छात्रों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें तुरंत सस्पेंशन, निष्कासन और यूनिवर्सिटी से स्थायी रूप से बाहर निकालना शामिल है.' आपत्तिजनक नारे लगाने वाले छात्रों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी. प्रशासन ने पुलिस को औपचारिक अनुरोध भेजकर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करा दी है. प्रशासन के अनुसार 5 जनवरी 2020 की हिंसा की छठी बरसी मनाने के लिए करीब 30-35 छात्र सबरमती हॉस्टल के बाहर एकत्र हुए थे. लेकिन कार्यक्रम का स्वरूप तब बदल गया जब उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर आए न्यायिक फैसलों के बाद वहां उकसाने वाले नारे लगने शुरू हो गए. प्रशासन ने इसे सुप्रीम कोर्ट का अनादर और जेएनयू की आचार संहिता का खुला उल्लंघन माना है.

एक साल में 6,526 मामले दर्ज, 181 करोड़ रुपये की बिजली बचाई

संभल में बिजली चोरी का बड़ा खुलासा

मस्जिदों व मदरसों में भी मिली अवैध बिजली खपत, 11 कर्मचारी निलंबित

समाज जागरण

संभल। जिले में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए अभियान में विद्युत विभाग ने बड़ा खुलासा किया है। बीते एक वर्ष के दौरान संभल जिले में बिजली चोरी के कुल 6,526 मामले सामने आए हैं। सख्त कार्रवाई और निगरानी के चलते विभाग ने बिजली चोरी पर रोक लगाकर करीब 181 करोड़ रुपये की बिजली बचाने में सफलता हासिल की है।

जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि कुछ मस्जिदों और मदरसों में अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। विभागीय टीमों ने छापेमारी कर ऐसे कनेक्शनों को काटते हुए नियमानुसार कार्रवाई की है।

बिजली चोरी के मामलों में केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि विभागीय लापरवाही भी उजागर हुई है। जांच में बिजली चोरी में लिप्त पाए गए 11 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिजली चोरी से न केवल राजस्व को भारी नुकसान होता है, बल्कि ईमानदार उपभोक्ताओं पर भी अतिरिक्त भार पड़ता है। आने वाले समय में विशेष अभियान, स्मार्ट मीटर और सघन जांच के माध्यम से बिजली चोरी पर पूरी तरह अंकुश लगाने की योजना है।

राजनीति अब सेवा नहीं, एक व्यवसाय बन चुकी है जहाँ भावनाएँ बिकती हैं और वोट खरीदे जाते हैं...

कभी राजनीति को सेवा का सबसे पवित्र माध्यम माना जाता था। यह वह मार्ग था, जहाँ व्यक्ति अपने निजी हितों से ऊपर उठकर समाज, देश और लोकतंत्र के हित में कार्य करता था। राजनीति में प्रवेश का अर्थ था–त्याग, सिद्धांत, संघर्ष और जनकल्याण। परंतु आज के समय में राजनीति का यह स्वरूप धुंधला पड़ता जा रहा है। अब राजनीति सेवा नहीं, बल्कि एक सुनियोजित व्यवसाय बनती जा रही है, जहाँ भावनाएँ बिकती हैं और वोट खरीदे जाते हैं।

आज राजनीति एक ऐसे बाजार में बदल चुकी है, जहाँ जनता उपभोक्ता है और नेता विक्रेता। चुनाव अब विचारों की नहीं, बल्कि ब्रांडिंग की प्रतियोगिता बन गए हैं। नारों की पैकेजिंग, भावनात्मक भाषणों की मार्केटिंग और झूठे वादों की चमक-दमक के बीच असली मुद्दे कहीं खो जाते हैं।

आधुनिक राजनीति की सबसे बड़ी पूँजी जनता की भावनाएँ हैं। धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र, राष्ट्र-वाद–इन सबका प्रयोग अब जनसेवा के लिए नहीं, बल्कि सत्ता प्राप्ति के हथियार के रूप में किया जाता है। भावनाओं को उकसाया जाता है, डर पैदा किया जाता है, नफरत को हवा दी जाती है और उम्मीदों को बेच दिया जाता है।

जब मुद्दों पर बात करने की क्षमता समाप्त हो जाती है, तब भावनाओं का सहारा लिया जाता है। बेरोजगारी, महँगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे वास्तविक प्रश्नों पर मौन साध लिया जाता है और जनता को ऐसे मुद्दों में उलझा दिया जाता है, जिनसे सत्ता तो मिल सकती है, पर समाधान नहीं।

उदाहरणः भारत के 2019 लोकसभा चुनावों में, कुछ राजनीतिक दलों ने राष्ट्रवाद और सीमा सुरक्षा जैसे भावनात्मक मुद्दों को प्रमुखता देकर जनता की भावनाओं को भुनाया। जबकि आर्थिक मंदी और किसानों की समस्याओं जैसे वास्तविक मुद्दों पर कम ध्यान दिया गया, जिससे सत्ता प्राप्ति तो हुई, लेकिन लंबे समय में जनहित प्रभावित हुआ।

वोटः अधिकार से वस्तु तक

लोकतंत्र में वोट नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार होता है। यह उसकी आवाज, उसकी शक्ति और उसकी पहचान है। परंतु आज यह अधिकार धीरे-धीरे एक वस्तु में बदलता जा रहा है। कहीं शराब के बदले वोट, कहीं पैसे के बदले समर्थन, कहीं जातिगत दबाव, तो कहीं झूठे वादों का लालच।

वोट खरीदने की यह संस्कृति लोकतंत्र की जड़ों को खोखला कर रही है। जब वोट बिकता है, तब सत्ता जनता की नहीं रहती, बल्कि पूँजी की हो जाती है। ऐसे में शासन जनहित का नहीं, बल्कि निवेश पर लाभ कमाने का माध्यम बन जाता है।

आज राजनीति और पूँजी का रिश्ता इतना गहरा हो चुका है कि दोनों को अलग करना कठिन हो गया है। चुनाव लड़ना अत्यंत महँगा हो गया है–प्रचार, रैलियाँ, सोशल मीडिया, विज्ञापन–सब कुछ करोड़ों में सिमट गया है। ऐसे में आम और ईमानदार व्यक्ति के लिए राजनीति में प्रवेश लगभग असंभव होता जा रहा है। जो सत्ता में आता है, वह पहले अपने खर्च की भरपाई करता है, फिर लाभ कमाने की सोचता है। ठेके, घोटाले, नीतियों में हेरफेर–सब इसी व्यवसायिक राजनीति की उपज हैं।

राजनीति कभी आदर्शों की पाठशाला थी। महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण, नेहरू, लोहिया जैसे नेताओं ने राजनीति को नैतिकता से जोड़ा। आज वही राजनीति अवसरवाद, दल-बदल और स्वार्थ की प्रयोगशाला बन चुकी है।

सिद्धांत अब बोझ लगने लगे हैं और ईमानदारी कमजोरी समझी जाती है। सत्ता के लिए रिश्ते, विचार और मूल्य–सब त्याग दिए जाते हैं। राजनीति अब चरित्र निर्माण नहीं, बल्कि चरित्र हनन का साधन बनती जा रही है।

इस गिरावट के लिए केवल राजनेता ही दोषी नहीं हैं। जनता की चुप्पी, उसकी उदासीनता और उसका तात्कालिक लाभ भी इस व्यवसायिक राजनीति को बढ़ावा देता है। जब हम सवाल पूछना बंद कर देते हैं, जब हम जाति या लालच के आधार पर वोट देते हैं, तब हम स्वयं लोकतंत्र को कमजोर करते हैं।

लोकतंत्र केवल मतदान का नाम नहीं है, बल्कि जागरूकता, विवेक और निरंतर प्रश्न करने की प्रक्रिया है। यदि जनता सचेत होगी, तो राजनीति को फिर से सेवा का मार्ग बनाया जा सकता है।

राजनीति का सेवा से व्यवसाय बन जाना समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह लोकतंत्र के स्वास्थ्य का संकेतक है। यदि भावनाएँ यूँ ही बिकती रहीं और वोट यूँ ही खरीदे जाते रहे, तो आने वाली पीढ़ियाँ केवल एक दिखावटी लोकतंत्र विरासत में पाएँगी।अब समय है कि राजनीति को फिर से मूल्यों से जोड़ा जाए, सत्ता को सेवा का साधन बनाया जाए और लोकतंत्र को बाजार से निकालकर जनचेतना के मंच पर स्थापित किया जाए। क्योंकि जब राजनीति सुधरती है, तभी समाज और राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित होता है।

जय हिंद

चंद्रकांत सी पूजारी
गुजरात

//कविता//
लिलु कुमारी, बेंगलुरु

सुना है लोग जलने, जलाने लगे हैं
एक-दूसरे से ।
पर भूल न जाना–
जलना तो शमशान का हिस्सा है,
यहाँ क्यों ईर्ष्या की आग में
अपना समय राख कर डालें?
चलो, दुश्मनी का बोझ उतार फेंकें,
अपने-अपने रास्तों पर चल पड़ें।
बीते हुए को बीते रहने दो,
पुरानी बातों में उलझकर
जीवन के पल क्यों गँवाएँ?

रिश्तों को जुबान से नहीं,
दिल की गहराई से निभाएँ।
प्रेम से जोड़ें, नफरत से नहीं तोड़ें।
इस जलने-जलाने की आग में
कुछ नहीं मिलता, कुछ नहीं बचता।
आखिर सबको तो एक दिन
शमशान की लपटों में समाना है।
तो क्यों न आज से ही
जी लें खुलकर, प्यार बाँटकर?
कल की चिंता छोड़,
आज को हँसी से सजाना है।

प्रगति प्लेटफॉर्म से इंफ्रास्ट्रक्चर को रफ्तार, रुकी परियोजनाओं को मिली गति

प्रगति प्लेटफॉर्म के जरिये अधोसंरचना परियोजनाओं की निगरानी और समन्वय को डिजिटल रूप से मजबूत किया गया है जिससे विलंब कम करने और क्रियान्वयन को तेज करने का प्रयास किया जा रहा है

प्रो-एक्टिव गवर्नेंस ऐंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) प्लेटफॉर्म ने परियोजना निगरानी, अंतर-मंत्रालयी और केंद्र-राज्य समन्वय, तथा मुद्दों के समाधान को डिजिटल रूप से एकीकृत करके रुकी हुई अधोसंरचना परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद की है। प्रगति की समीक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक बैठक में पिछले सप्ताह की गई। वर्ष 2015 से अब तक प्रगति ने 85 लाख करोड़ रुपये मूल्य की 3,300 विलंबित परियोजनाओं की मदद की है। यह बात मायने रखती है क्योंकि सार्वजनिक अधोसंरचना में देरी की काफी ऊंची आर्थिक लागत चुकानी पड़ती है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के नवंबर 2025 के आंकड़े दिखाते हैं कि केंद्र सरकार की फंडिंग वाली परियोजनाओं की लागत तयशुदा सीमा से 22.2 फीसदी तक बढ़ चुकी है।

इससे संशोधित लागत में करीब 29.55

लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है जबकि 823 चल रही परियोजनाओं में विशुद्ध रूप से 5.37 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त लगे। यह अतिरिक्त व्यय केवल लेखा संबंधी दिक्कतें नहीं पैदा करता। इससे सार्वजनिक पूंजी बाधित होती है, आर्थिक लाभ टलते हैं और उस विकास प्रभाव को कमजोर करते हैं जिसे अधोसंरचना खर्च से प्राप्त किया जाना चाहिए। इन विलंब के कारण अच्छी तरह से ज्ञात हैं और मुख्यतः संरचनात्मक हैं। इनमें से अधिकांश भूमि अधिग्रहण से उत्पन्न होते हैं, जो अकेले ही लगभग 35 फीसदी परियोजना विलंबों के लिए जिम्मेदार हैं।

इसके बाद पर्यावरणीय स्वीकृतियों का हिस्सा लगभग 20 फीसदी है। जमीन के अधिकार संबंधी मुद्दे, उपयोगिताओं का स्थानांतरण और अंतर-मंत्रालयीन विवाद समस्या को और बढ़ाते हैं। मूल रूप से, ये केंद्र और राज्यों के बीच, मंत्रालयों के बीच, तथा नियामकों और क्रियान्वयन एजेंसियों के बीच समन्वय की विफलताएं हैं।

प्रगति ने यह दिखाया है कि इन विफलताओं में से कुछ को सतत निगरानी के माध्यम से दूर किया जा सकता है। इसकी ताकत वास्तविक समय के आंकड़ों, ड्रोन से ली गई तस्वीरों और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को संयोजित करने में निहित है। इससे निगरानी, समन्वय और समस्या-समाधान को बढ़ावा मिलता है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि यह प्लेटफॉर्म एक स्वतंत्र समीक्षा तंत्र के रूप में कार्य नहीं करता रहा है।

इसने अन्य डिजिटल गवर्नेंस प्लेटफॉर्म जैसे पीएम गति शक्ति, जो अग्रिम योजना और अंतर-एजेंसी समन्वय को बेहतर बनाता है; प्रोएक्टिव ऐंड रिस्पॉन्सिव फैसिलिटेशन बाय इंटरैक्टिव ऐंड वर्चुअस एनवायरनमेंटल सिंगल-विंडो हब (परिवेश), जो पर्यावरणीय स्वीकृतियों को सरल बनाता है और प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी), जो निर्णय लिए जाने के बाद उसका फॉलोअप सुनिश्चित करता है, के साथ निकट समन्वय में काम किया है।

कुल मिलाकर, ये प्रधानमंत्री कार्यालय की प्रत्यक्ष निगरानी के साथ बाधाओं को कम करने और परियोजना प्रबंधन को बिखरी, कागज-आधारित प्रक्रियाओं से एक अधिक एकीकृत और समयबद्ध प्रणाली की ओर ले जाने में सहायक रहे हैं।

हालांकि, बड़े पैमाने पर लगातार लागत वृद्धि यह संकेत देती है कि केवल निगरानी पर्याप्त नहीं है। अगला कदम इसकी व्यवस्थाओं को समीक्षा से आगे संस्थागत रूप देना है ताकि तेज निर्णय-निर्धारण एक नियमित प्रक्रिया बन सके। इसके लिए गहन राज्य स्वामित्व, जिला और विभागीय स्तरों पर मजबूत डिजिटल क्षमता, और अनुमोदनों का सख्त अनुक्रम आवश्यक है।

खासकर परिवेश के माध्यम से पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृतियों को सुनिश्चित करना। साथ ही, इसकी रूपरेखा को योजना के परिणामों के ट्रैकिंग से वास्तविक परिणामों के आकलन तक विस्तारित करने की मांग बढ़ी है। पूरे देश में सामाजिक सेवाओं का विस्तार उस अधोसंरचना की मांग करता है जो केवल स्थापित ही न हो बल्कि उसका रखरखाव भी हो। इसके लिए स्थानीय क्रियान्वयन एजेंसियों के पास पर्याप्त वित्तीय समर्थन और क्षमता होना आवश्यक है। सरकार ने हाल के वर्षों में पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

यदि अर्थव्यवस्था को उच्च पूंजीगत व्यय से लाभ प्राप्त करना है, तो यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि जमीनी स्तर पर परियोजनाएं समय पर पूरी हों। विलंब का अर्थ यह है कि सरकार को अधिक ऋण लेना पड़ता है, जिससे कई तरीकों से कुल लागत बढ़ जाती है।

निरंतर श्रम, संयम और संकल्प लक्ष्य प्राप्ति के सच्चे और मौन साधक

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं' जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,
चिंतक, लेखक, रायपुर, छत्तीसगढ़,
9009415415,

टूटते विवाह

"माई लॉर्ड ! रुपनाथ शरण का विवाह तेरह वर्ष पूर्व श्री मति रुबिका के साथ बड़े ही उत्साह और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ था। लेकिन विवाह के कुछ ही दिनों बाद से पति पत्नी का संबंध असामान्य रहने लगा। प्रायः रुबिका को उसके मां बाप की तरफ से कम दहेज लाने के नाम पर विभिन्न लांछन लगाकर प्रताड़ित किया जाने लगा। प्रारंभ में यह सब रुपनाथ जी के परिवार के लोगों द्वारा शुरू किया गया जो कालांतर में रुपनाथ के व्यवहार में भी शामिल हो गया। समय बीता और रुबिका ने एक लड़की मान्यता को जन्म दिया। घर में लड़की के पदार्पण से जहां घी के दीए जलाए जाने चाहिए थे वहीं मातम छा गया और रुबिका का जीवन दिनोंदिन बदतर होते चला गया"... रुबिका के वकील साहब अपनी दलील में एक स्वर में बोलते चले गए।

"मम्मी ! मुझे स्कूल की देर हो रही है। जल्दी से नाश्ते का डिब्बा तैयार कर दो।" बेचारी मान्यता प्रायः स्कूल देर से जाती और टीचर की डांट से लेकर मार भी खाने पड़ते थे। कारण था एक ही समय में रुपनाथ को ऑफिस के लिए लंच बॉक्स तैयार करना और ठीक उसी समय में रुबिका का स्कूल बस का हॉर्न बजाने लगता था। रोज रोज का यह नया झंझट दोनों के बीच खट्टी होती आपसी रिश्ते को और कशैलापन देना शुरू कर दिया। कई बार तो तू तू मैं मैं से होते हुए मारपीट पर आने लगी। आखिर रुबिका तड़के सुबह उठकर इन कामों में लग जाती और जरा सी देर होने पर रुपनाथ बरसने लग जाते। उधर थोड़ी देर होने पर बेटी रुबिका अलग से आंसू बहाने लग जाती थी। ऊपर से बेटी पैदा करने तथा कम दहेज लाने की वजह से पूरे ससुराल वालों के बीच रुबिका ठीक वैसी ही हो गई थी जैसे बत्तीस दांतों के बीच बेचारी एक जीभ का हाल होता है।

गर्मी की छुट्टी में रुबिका नाना नानी से मिलने रुस्तमपुर अवश्य जाती थी। जैसे ही छुट्टी की सूचना मिली उसने नानी के साथ इस छुट्टी में क्या क्या करेगी उसकी प्लानिंग करने लगी। लेकिन रुपनाथ ने यह कहते हुए मना कर दिया कि उसका डेली का लंच बॉक्स कौन बनाएगा। इस बात पर दोनों में खूब अनबन हुई और अगले दिन रुबिका अपनी बेटी मान्यता के साथ मैके चली गई। गर्मी की छुट्टी खत्म होनेवाली थी और मान्यता वापस जाने की जिद्द करने लगी। लेकिन ससुराल की यातनाओं से परेशान रुबिका ने अपनी मां को मना ही कर दिया कि अब मैं उस नरक में जाने से अच्छा तो भगवान के पास चली जाऊंगी। मां और पिता ने भविष्य का हवाला देकर बहुत समझाया कि उसे ससुराल में जाना चाहिए लेकिन रुबिका अडिग हो गई कि उसे नहीं जाना। आखिर मान्यता का एडमिशन रुस्तमपुर के एक स्कूल में कर दिया। उधर रुपनाथ ने भी रुबिका को बुलावा भेजा लेकिन उसे रुबिका ने ना कहते हुए ठुकरा दिया। समय रुकता नहीं है और धीरे धीरे कई साल बीत गए। आखिर तंग आकर रुपनाथ ने विभिन्न मुद्दों को उठाकर वकील की मदद से तलाक की अर्जी कोर्ट में लगा दी।

कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी और हिदायत देते हुए आपसी सहमति बनाने के लिए दोनों पक्षों को अगले छः माह का समय दे दिया। फैमिली कोर्ट के नियमानुसार तलाक के केश में दोनों पक्षों में सहमति बनाने की कोशिश की जाती है ताकि विवाह जैसा पवित्र संबंध आगे चलता रहे। सहमति स्थापित करने के समय खत्म हो जाने पर पुनः कोर्ट ने सुनवाई शुरू की। दोनों पक्षों के महंगे से महंगे वकील अपनी फीस की उपयोगिता साबित करने के लिए ऐसी गंदी और भद्दी दलीलें भी देने लग जाते थे जिसे सुनकर कोर्ट की कुर्सी पर बैठे मजिस्ट्रेट भी हथौड़े के इशारे से ऑब्जेक्शन कर उन्हें कायदे में रहने की नसीहत देते नजर आते थे। अब तक मान्यता एक किशोरी बन चुकी थी और और अपने ही माता पिता के बारे में ऐसी विचित्र बातें सुनकर मन ही मन विचलित होती थी और अपनी आंसुओं में कुछ न कुछ समाधान ढूंढने का कोशिश करती। उसे अपने भविष्य की अनिश्चितता की चिंता भी सताती थी। अतः उसने मम्मी और पापा दोनों को एक दिन अलग अलग बुलाकर मंदिर में इकठ्ठा किया। फिर दोनों का हाथ पकड़कर अपने सिर पर रखवाया और कहा कि यदि आप दोनों ने सहमति करके एक साथ रहना शुरू नहीं किया तो मैं सुसाइड कर लूंगी। बस अपने जिगर के टुकड़े की इस बात से रुपनाथ और रुबिका दोनों ने अपने एप्लिकेशन वापस ले लिए और एक और विवाह टूटते टूटते बच गया।

मनोरंजन कुमार सिंह

निर्यात को गति देने के लिए मार्केट एक्सेस सपोर्ट काफी नहीं, संरचनात्मक सुधार भी उतने ही जरूरी

निर्यातकों की दिक्कतें केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं हैं बल्कि उन पर लगाए गए एंटी-डंपिंग या प्रतिकारी शुल्क, जो शुल्क के अतिरिक्त होते हैं, वे भी उसमें इजाफा करते हैं

केंद्र सरकार ने 4,531 करोड़ रुपये की जो बाजार पहुंच सहयोग (मार्केट एक्सेस सपोर्ट) योजना घोषित की है, वह एक स्वागत योग्य कदम है। खासतौर पर इसलिए क्योंकि यह ऐसे समय पर आई है जब निर्यातकों को धीमी होती वैश्विक मांग के साथ प्रमुख बाजारों मसलन अमेरिका आदि में उथल-पुथल का सामना करना पड़ रहा है। खरीदार-विक्रेता मुलाकात, व्यापार मेलों, खरीदार प्रतिनिधिमंडलों का उल्टा दौरा और बाजार विविधीकरण आदि यह समझ सामने लाते हैं कि कंपनियों की मदद करके हम नए बाजार तलाश सकते हैं, अपनी मौजूदगी प्रदर्शित कर सकते हैं और जरूरत पड़ने पर शुल्क वृद्धि से त्रस्त क्षेत्रों से परे पहुंच बना सकते हैं।

यह योजना सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों यानी एमएसएमई की ओर खासतौर पर झुकाव रखती है। बहरहाल, एक्जिम बैंक की एक रिपोर्ट दिखाती है कि उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत एमएसएमई में से केवल एक फीसदी ही निर्यात कर रहे हैं। विदेश में मौजूद अवसरों के बारे में जानकारी की कमी, खरीदारों के साथ कमजोर रिश्ता, मार्केटिंग की चुनौतियां और ऋण की कमी आदि बाधा बने हुए हैं।

इस संदर्भ में, समर्थित आयोजनों में एमएसएमई की न्यूनतम 35 फीसदी अनिवार्य भागीदारी प्रवेश बाधाओं को कम करती है और निर्यात प्रोत्साहन में लंबे समय से चले आ रहे उस असंतुलन को दूर करती है, जिसने बड़े उद्यमों को प्राथमिकता दी है। योजना निर्यात की मांग-पक्ष को संबोधित करने में अच्छा काम करती है। जैसे बाजार खोज, नेटवर्किंग और प्रचार। लेकिन यह आपूर्ति-पक्ष की उन संरचनात्मक बाधाओं को हल नहीं कर सकती जो भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को कमजोर कर रही हैं।

निर्यातकों की दिक्कतें केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं हैं बल्कि उन पर लगाए गए एंटी-डंपिंग या प्रतिकारी शुल्क, जो शुल्क के अतिरिक्त होते हैं, वे भी उसमें इजाफा करते हैं। सूचना का अधिकार के तहत किए गए एक आवेदन पर जवाब देते हुए सरकार ने खुद कहा कि घरेलू कच्चे माल की ऊंची लागत और ईंधन की उच्च कीमतों के कारण वैश्विक स्तर से 15 से 20 फीसदी की अधिक लागत चिंता का विषय है।

कई राज्यों ने मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की अनुपस्थिति पर चिंता जताई है, जिसके कारण निर्यातकों को नमूने अन्य राज्यों में भेजने पड़ते हैं। इससे लागत, समय और अनिश्चितताएं बढ़ जाती हैं। लॉजिस्टिक्स की बाधाएं बाजार तक पहुंच से होने वाले लाभ को और कमजोर करती हैं। कंटेनरों की कमी, ऊंचे मालभाड़े और खाली कंटेनरों पर लगाए गए शुल्क, विशेषकर समुद्र से दूर जमीन से घिरे राज्यों के लिए, प्रतिस्पर्धात्मकता पर सीधा असर डालते हैं। इस स्थिति में, योजना को ऐसे उपायों का पूरक बनाने की आवश्यकता है जो माल भाड़ा मूल्य निर्धारण, कंटेनर उपलब्धता और अंतर्देशीय संपर्क जैसी समस्याओं को संबोधित करें। नियामकीय टकराव इन चुनौतियों को और बढ़ा देता है। निर्यातकों ने इस बात पर चिंता जताई है कि भारतीय मानक ब्यूरो के मानदंड तब भी लागू किए जा रहे हैं जब गंतव्य बाजार अलग मानकों का पालन करते हैं। इससे अनुपालन लागत बढ़ती है लेकिन कोई स्पष्ट लाभ नहीं मिलता। ऐसे वातावरण में, विदेशी मेलों में भागीदारी को सुगम बनाना उन उत्पादों की मार्केटिंग की कवायद बन जाने का जोखिम उठाता है जो पहले से ही प्रतिस्पर्धा से बाहर की कीमत पर हैं।

जहां सरकार को निर्यातकों और उद्योग संगठनों के साथ निरंतर जुड़ाव का श्रेय दिया जाना चाहिए, वहीं ये परामर्श मुख्यतः परिचालन संबंधी शिकायतों पर केंद्रित रहे हैं, बजाय इसके कि उन्हें एक सुसंगत और दूरदर्शी निर्यात रणनीति में शामिल किया जाए। इसके अतिरिक्त, निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की वापसी तथा राज्य और केंद्र करों व अधिभारों की रियायत जैसी योजनाएं, जिन्हें विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप निर्यातकों को सहारा देने के लिए शुरू किया गया था, अस्थायी हैं और कुछ महीनों के लिए ही बढ़ाई जाती हैं। ऐसी अस्थायी व्यवस्थाएं नीति की स्थिरता और विश्वास को कमजोर करती हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

FDRC: न्याय, सहानुभूति और संवाद से पारिवारिक विवादों का समाधान

महिला आयोग अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने बताया जन-केंद्रित और दूरदर्शी मॉडल

समाज जागरण

लखनऊ 6 जनवरी 2026 राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती बबिता सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित पारिवारिक विवाद निवारण क्लिनिक को महिलाओं, बच्चों और परिवार की गरिमा व अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय, मानवीय और प्रभावी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था दंडात्मक कार्रवाई के बजाय संवेदनशील परामर्श, मध्यस्थता और संवाद के माध्यम से विवादों का समाधान कर सामाजिक सौहार्द को मजबूती देती है।

अध्यक्ष ने कहा कि FDRC का मूल उद्देश्य पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और वैवाहिक विवादों को लंबी कानूनी प्रक्रिया और सामाजिक कलंक से बचाते हुए सुलझाना है। यह पहल कानून और करुणा के बीच संतुलन स्थापित कर न्याय को अधिक मानवीय बनाती है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस

और शारदा विश्वविद्यालय के बीच हुए एमओयू से शुरू हुआ यह प्रयोगात्मक प्रयास 10 जुलाई 2020 को औपचारिक रूप से प्रारंभ हुआ। आज यह मॉडल प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित ञ्छ्रञ्छ और परिवार परामर्श केंद्रों के माध्यम से सैकड़ों मामलों में सुलह, पुनर्मिलन और शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित कर चुका है, जिससे न्यायालयों और पुलिस तंत्र पर बोझ भी कम हुआ है।

श्रीमती चौहान ने कहा कि इन क्लिनिकों में पुलिस अधिकारी, प्रशिक्षित काउंसलर, सामाजिक कार्यकर्ता और आवश्यकतानुसार विधिक विशेषज्ञों की बहु-विषयक टीम कार्य करती है। महिला पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी से महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिलता है, जहाँ वे बिना दबाव अपनी बात रख पाती हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जहाँ परामर्श से समाधान संभव नहीं होता या गंभीर अपराध के तथ्य सामने आते हैं, वहाँ कानून के अनुसार त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाती है। महिला आयोग यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों के अधिकारों से समझौता न हो।

अध्यक्ष ने यह भी स्वीकार किया कि प्रशिक्षित काउंसलरों की कमी, सामाजिक दबाव और जागरूकता का अभाव जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं।

इनके समाधान के लिए पुलिस, महिला आयोग, NGOs, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के समन्वय, निरंतर प्रशिक्षण, जन-जागरूकता अभियान तथा मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता के विस्तार पर बल दिया गया।

(आश्रय व चारे की कमी ने बढ़ाई और मुश्किले)

लोनी में आवारा गोवंश ठंड से व्याकुल

लोनी, 6 जनवरीः कड़ाके की ठंड के चलते लोनी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में आवारा पशुओं की हालत बिगड़ती नजर आ रही है। तापमान में गिरावट के कारण सड़कों, खाली मैदानों और गली मोहल्लो के आसपास घूम रहे गोवंश व अन्य पशु ठिठुरते नजर आ रहे हैं। ठंड से बचने के लिए पशु आपस में सटकर बैठ रहे हैं, जबकि कुछ कूड़े के ढेर के पास शरण लेने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जहां रात में तापमान नीचे गिरने से इन आवारा पशुओं की स्थिति और खराब हो जाती है वहीं आश्रय तथा चारे की कमी ने उनकी मुश्किल और बढ़ा दी हैं।

कड़ाके की ठंड और शीतलहर के कारण कई पशु बीमार हो रहे हैं। कुछ के पैरों में सूजन और चलने-फिरने में दिक्कत देखी जा रही है। लोगों का कहना कि इन पशुओं के लिए पर्याप्त आश्रय की व्यवस्था तथा चारे-पानी की समुचित सुविधा नहीं हो पाना नगर पालिका विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करता है। लोगो ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण और गौशालाओं की व्यवस्था के बड़े-बड़े दावे तो किए जाते हैं, मगर उनकी जमीनी हकीकत कुछ अलग ही नजर आती है।

नगर पालिका के वार्ड 33 में स्थित गौशालाओं में क्षमता से अधिक पशु होने के कारण वह वाह एक साथ बैठ भी नहीं सकते जहां उनके रख रखाव की कमी के साथ-साथ उनके चारे व अन्य सुविधाओं का भी टोटा नजर आता हैं। ऐसी खामियों के चलते ही क्षेत्र में आवारा पशु सड़कों पर घूमने को मजबूर हैं। इससे न केवल पशुओं को परेशानी हो रही है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं होने का भी खतरा बना रहता है।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ठंड के मौसम में आवारा पशुओं के लिए अस्थायी आश्रय स्थल, भूसा और पानी की व्यवस्था की जाए और इसके साथ ही कमजोर और बीमार पशुओं को तत्काल गौशालाओं में भिजवाया जाए, ताकि उनका उपचार सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दलों को उपलब्ध कराई गई विधानसभा-वार मतदाता सूची

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 6 जनवरी 2026ः भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किए जाने के उपरांत विधानसभा-वार मतदाता सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार ने बताया कि 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन से संबंधित दावे

और आपत्तियाँ दर्ज की जा सकती हैं। इस अवधि में राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम नागरिक भी मतदान केंद्रों पर प्रकाशित मतदाता सूची का अवलोकन कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपने दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण के अंतर्गत प्राप्त दावों और आपत्तियों पर सुनवाई, सत्यापन एवं निस्तारण की प्रक्रिया चलेगी। सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के बाद 03 मार्च 2026 तक अंतिम जांच कर निर्वाचन आयोग से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। इसके पश्चात 06 मार्च 2026 को जनपद की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें, जिससे मतदाता सूची अधिक शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बन सके और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती मिले।

बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि

भाजपाः जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी कांग्रेसः जिला महासचिव कपिल भाटी सपाः जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी बसपाः जिला अध्यक्ष लख्मी सिंह सीपीआई(एम): प्रभारी गणेश्वर दत्त शर्मा आम आदमी पार्टीः जिला अध्यक्ष दिलदार अंसारी (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर)

पुलिस ने वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

समाज जागरण

लोनी, 6 जनवरीः ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के अनुसार ट्रोनिका सिटी थाना एसएचओ की पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए अभियुक्त का नाम हर्ष बंसल निवासी तिगरी, खेकड़ा व हाल पता रामपार्क कॉलोनी, ट्रॉनिका सिटी हैं. इस बदमाश पर कई अभियोग पंजीकृत है। आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

सेक्टर-16 नोएडाः नाले में डूबे युवक का शव दो दिन बाद भी लापता

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-16 स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस कॉलोनी के पीछे नाले में डूबे युवक मोहम्मद कलीम (25) का शव दो दिन बाद भी बाहर नहीं निकाला जा सका है। परिजनों ने शव निकलवाने के लिए प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नोएडा विधायक पंकज सिंह से गुहार लगाई है।

परिजनों के अनुसार 4 जनवरी 2026 को जे-जे कॉलोनी सेक्टर-17 निवासी मोहम्मद कलीम किसी विवाद के बाद जान बचाने के लिए नाले में कूद गया, जहां वह डूब गया। सूचना पर पुलिस ने तलाश की, लेकिन शव बरामद नहीं हो सका। मंगलवार को कलीम की बहन रूकसाना खातून कॉलोनी प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के साथ विधायक कार्यालय पहुंचीं। विधायक कार्यालय में मौजूद भूपेंद्र ने जिलाधिकारी, नोएडा प्राधिकरण और थाना फेस-1 से वार्ता कर शीघ्र शव निकलवाने का आश्वासन दिया।

मोबाइल चोरी करने वाला अंतर्राज्यीय गैंग पकड़ा गया

821 मोबाइल बरामद, 6 गिरफ्तार, 2 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत थाना फेस-2 पुलिस टीम ने एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल फोन चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के कुल 821 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 06 से 08 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह गिरोह लंबे समय से एनसीआर के विभिन्न इलाकों में सक्रिय था। इस सराहनीय कार्य पर पुलिस आयुक्त नोएडा द्वारा गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को 25,000/- के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

जघन्य अपराध पर मृत्युदण्डः पुलिस की तत्पर कार्रवाई से निर्णायक संदेश

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस ने वर्ष 2025 में नाबालिग से दुष्कर्म के एक जघन्य प्रकरण में त्वरित और वैज्ञानिक जांच के माध्यम से अपराधी को मृत्युदण्ड और 25,000 रुपये अर्थदण्ड दिलवाया। घटना थाना कालिंजर क्षेत्र में 25 जुलाई 2025 को हुई थी। घटना के अगले दिन ही अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। तत्परता से विवेचना करते हुए केवल 20 दिनों में आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रभावी पैरवी और सबूतों के संकलन के कारण 55 दिनों के भीतर दोषसिद्धि और दण्डादेश सुनाया गया। पुलिस ने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य जघन्य अपराधियों को कड़ा संदेश देना और जनता में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखना है।

मऊ पुलिस का नशे की तस्करी पर बड़ा वार

2 गिरफ्तार, 18.490 किलोग्राम चरस बरामद

मऊ। मऊ पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 18.490 किलोग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस के अनुसार अभियुक्त शातिर तस्कर हैं, जो गोरखपुर के रास्ते मुरादाबाद और उत्तराखण्ड में बिक्री के लिए चरस ले जा रहे थे।

डायलिसिस सेंटर का हुआ शुभारंभ, जरूरतमंदों को मिलेगी सस्ती और सुलभ चिकित्सा

समाज जागरण

लोनी, 6 जनवरीः चौधरी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मंगलवार को पूर्व विधायक जाकिर अली ने डायलिसिस सेंटर का विधिवत रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सुविधा लोनी क्षेत्र के मरीजों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी। अब किडनी संबंधी समस्या वाले मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

पूर्व विधायक जाकिर अली ने अस्पताल संचालक डॉ. सद्दाम की सराहना करते हुए कहा कि आम लोगों को नजदीक में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहले मरीजों को डायलिसिस के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, जिसके कारण कई बार गंभीर परिस्थितियाँ उत्पन्न हो जाती थीं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से आग्रह किया कि अस्पताल में आयुष्मान कार्ड योजना के माध्यम से भी उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को अधिक लाभ मिल सके।

अस्पताल संचालक डॉ. सद्दाम ने बताया कि प्रारंभिक चरण में हॉस्पिटल में दो डायलिसिस मशीनें स्थापित की गई हैं।

मरीजों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक चिकित्सा संसाधन और बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रयासरत है और जल्द ही मरीजों के लिए और भी सुविधाएँ शुरू की जाएँगी। बताते चलें कि चौधरी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की नींव क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. अरशद अली ने रखी थी। लोगों से उनके मजबूत संबंध, सरल व्यवहार और सेवा भाव के कारण अस्पताल ने कम समय में क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है और लगातार प्रगति कर रहा है।

उद्घाटन समारोह के दौरान राष्ट्रीय सवर्ण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शर्मा, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. हरमेन्द्र सिंह और राजीव शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अस्पताल प्रबंधन द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया तथा क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया गया।

लोनी में सुंदरकांड पाठ से गूंजा वार्ड 41

गुलाबा वाटिका कॉलोनी में श्रद्धा और भक्ति का माहौल, सैकड़ों भक्त हुए शामिल

समाज जागरण

लोनी 6 जनवरीः मंगलवार को लोनी के वार्ड-41 स्थित गुलाबा वाटिका कॉलोनी में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में पंडित विनय कुमार शास्त्री (गोवर्धन वाले) ने श्री गणेश वंदना से पूर्व हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना कराई। संगीतमय साज के साथ शुरू हुए सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सुंदरकांड पाठ के दौरान कथावाचक पंडित विनय कुमार शास्त्री ने हनुमान जी महाराज के चरित्र, उनकी भक्ति, शक्ति और सेवा भाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगीतमय पाठ और भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन स्थल पर मौजूद श्रोता भक्ति रस में डूबे नजर आए और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

कथावाचक ने बताया कि सुंदरकांड पाठ से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह पाठ मानसिक शांति, आत्मविश्वास और जीवन की बाधाओं को दूर करने का प्रभावी माध्यम

माना जाता है। सुंदरकांड से घर और आसपास सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं।

इस धार्मिक आयोजन के दौरान विशेष रूप से महिलाओं में उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

सुंदरकांड पाठ के उपरांत आयोजित भंडारे में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने श्रीराम भक्त हनुमान के नाम का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान ह्लश्रीराम के नाम, हनुमान के जयकारेह्व गगनचुंबी स्वर में गूंजते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो गया।

सफाई या हरित अपराध? घंटाघर कोतवाली परिसर में नगर निगम द्वारा पेड़ों की कटाई पर सवाल

विशेष रिपोर्ट रविंद्र आर्य
गाज़ियाबाद

गाज़ियाबाद के घंटाघर थाना कोतवाली परिसर में आज नगर निगम द्वारा की गई कथित "सफाई कार्रवाई" एवं सौंदर्यकरण ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, आज दिन में कोतवाली परिसर और आसपास के क्षेत्र में कई हरे-भरे पेड़ों को काट दिया गया, जिन्हें सफाई ओर सौंदर्यकरण के नाम पर हटाने का दावा किया जा रहा है।

कटे हुए पेड़ अब भी कोतवाली परिसर में पड़े हुए हैं, जो इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि यह कार्रवाई हालिया है और अचानक की गई है। सवाल यह है कि क्या यह केवल सफाई या सौंदर्यकरण थी, या फिर पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रखकर किया गया हरित अपराध?

अनुमति कहां है? जवाबदेही किसकी?

पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी सार्वजनिक स्थान–विशेषकर पुलिस परिसर जैसे संवेदनशील क्षेत्र–में पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग, पर्यावरण विभाग और सक्षम प्राधिकरण की अनुमति अनिवार्य होती है।

अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है किः

* क्या इन पेड़ों की कटाई के लिए कोई लिखित अनुमति ली गई थी?
* क्या वैकल्पिक वृक्षारोपण की कोई योजना तैयार की गई है?
* क्या इस कार्रवाई की सूचना NGT (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) या संबंधित पर्यावरणीय एजेंसियों को दी गई थी?
* NGT की निगरानी के बावजूद चुप्पी क्यों?

हैरानी की बात यह है कि ठ्ठक्ष्ठ की सख्त निगरानी और पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों के बावजूद, इस पूरे मामले में अब तक कोई भी अधिकारी खुलकर जिम्मेदारी लेने या शिकायत दर्ज कराने को तैयार नहीं दिख रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वे शिकायत करना चाहते हैं, लेकिन प्रशासनिक दबाव और भय के चलते कोई आगे नहीं आ रहा।

नगर निगम और पुलिस की भूमिका पर प्रश्न

इस घटना ने नगर निगम की कार्यप्रणाली और थाना कोतवाली प्रशासन की भूमिका–दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि यह कार्रवाई नगर निगम ने की, तोः पुलिस परिसर में बिना सार्वजनिक सूचना के पेड़ काटने की अनुमति किसने दी?

पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी क्यों की गई?

और यदि पुलिस प्रशासन की सहमति से यह हुआ, तो यह कानून की रक्षा करने वालों द्वारा कानून के उल्लंघन जैसा गंभीर मामला बनता है।

पर्यावरण बनाम प्रशासनिक मनमानी

आज जब एक ओर सरकारें हर स्तर पर "ग्रीन सिटी", वृक्षारोपण अभियान और जलवायु संतुलन की बात कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं उन दावों की सच्चाई पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं।

यह मामला केवल कुछ पेड़ों की कटाई का नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक पारदर्शिता, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और कानून के समान अनुपालन का है।

मांग

पूरे प्रकरण की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए
जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध ठ्ठक्ष्ठ के दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई हो
कटे गए प्रत्येक पेड़ के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण अनिवार्य किया जाए
भविष्य में ऐसी किसी भी कार्रवाई से पहले सार्वजनिक सूचना और पर्यावरणीय स्वीकृति सुनिश्चित की जाए
अगर आज सवाल नहीं उठे, तो कल शहर सांस लेने लायक भी नहीं बचेगा।

पुलिस परिवारों के लिए समर्पित स्वास्थ्य पहल

वामा वेलनेस कैम्प में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर 4 जनवरी 2026ः उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी सिंह के नेतृत्व में पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए "वामा वेलनेस कैम्प" का आयोजन किया गया।

इस कैंप में वामा सारथी की जनपदीय इकाइयों और पीएसी वाहिनियों के सहयोग से अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल और टाटा 1एमजी ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का संचालन किया।

इस पहल का उद्देश्य पुलिस परिवारों

में शारीरिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य जागरूकता और मानसिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिसे पुलिस प्रशासन ने एक सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम बताया है।

आर्थिक अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई

फर्जी GST फर्म चलाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, करोड़ों की चोरी रोकी

समाज जागरण

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी रजिस्टर्ड कंपनियों के माध्यम से करोड़ों रुपये की GST चोरी कर राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 34 GST फर्मों के प्रपत्र, मोबाइल, लैपटॉप, मुहर और 12 डिजिटल सिग्नेचर बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त प्रलोभन देकर लोगों से आधार, पैन और अन्य दस्तावेज लेते थे, जिनसे फर्जी GST फर्म बनाते और ई-वे बिल जनरेट कर

जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाते थे। अब तक इन फर्मों का इस्तेमाल 40-50 फर्जी GST और ई-वे बिल बनाने में किया गया है।

गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर चंदौसी गुरुद्वारा में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लगायी अरदास

समाज जागरण

संभल । चन्दौसी में सोमवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर गुरुद्वारे में अरदास लगाई। संगत का सबद कीर्तन सुनने के बाद संगत के बीच बैठकर लंगर के प्रसाद को ग्रहण किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी संत सिपाही थे। उन्होंने खालसा की स्थापना की थी। वह पहले सेनापति और संस्थापक थे।

इस दौरान चरण सिंह, गोपाल सिंह महेंद्र पाल सिंह जसप्रीत सिंह अमृतपाल सिंह हरविंदर सिंह सुरेंद्र सिंह मनदीप सिंह जसपाल सिंह फनी सिंह काकू सिंह गोल्डी सिंह मनप्रीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

डॉ०सचेत की काव्य कृति सुबह की धूप का हुआ विमोचन

समाज जागरण

संभल।कल्कि नगरी संभल में आयोजित राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव में संभल के शिक्षक साहित्यकार एवं कवि डॉ संदीप कुमार सचेत की तृतीय साहित्यिक कृति सुबह की धूप नामक कविता-संग्रह का समारोह पूर्वक विमोचन एक सौ सैंतीस कवि एवं साहित्यकारों की उपस्थिति में भव्य रूप में हुआ। पुस्तक पर विचार रखते हुए बहजोई के वरिष्ठ साहित्यकार दीपक गोस्वामी चिराग ने कहा कि डॉ०सचेत कि यह पुस्तक जीवन के कई सारे संवेदनशील पहलुओं को उजागर करती है और समाज पर अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहती है। संभल के प्रतिष्ठित व्यंग्यकार एवं स्पर्शी पत्रिका के संपादक अतुल कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह की धूप काव्य-संग्रह में कई सारी रचनाएँ,

हमें मानवीय भावों की गहराई में ले जाती हैं तो कई रचनाएँ समाज के आडंबरवाद व पाखंडवाद पर चोट करते हुए दिखाई देती हैं। साथ ही पंवासा के साहित्यकार ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, रामपुर के शिव कुमार चंदन, राजवीर सिंह राज, बागपत के श्रीपाल ईदरीशपुरी, ने भी अपने संक्षिप्त विचार रखें।

कार्यक्रम में संभल के उपजिलाधिकारी रामानुज, हिन्दू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, अरुण अग्रवाल व अन्य साहित्यकारों के साथ-साथ परिवारजन मूर्ति देवी, प्रियंका सागर , अपूर्व रंजन, ओजस रंजन, मोहित,सुखदेव शर्मा, तीर्थ देव शर्मा सरल, विष्णु असावा, सुबोध गुप्ता, विकास वर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, शिवशंकर शर्मा, अमन सिंह, ज्वाला प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ एवं इशांत शर्मा ईशू ने संयुक्त रूप से किया।

बिजनौर जेल में 100 कैदियों को दिए गर्म शाल

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना । बिजनौर कारागार जेल के अंदर ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिजनौर यूनिट की तरफ से जेल के अंदर मौजूद बंदियों को 100 गर्म शाल बांट कर उनको इस ठंड में राहत देने का काम किया गया।ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिजनौर यूनिट ऐसे लोगों जो कैदी अपना जुमार्ना न भरने के बिना पर जेल में सजा काट रहे होते हैं उनको भी छुड़ाने का काम करती है।

नगीना के हाजी तंजील आलम ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिजनौर यूनिट की तरफ से जेल के अंदर मौजूद बंदियों को 100 गर्म शाल बांट कर उनको इस ठंड में राहत देने का काम किया गया।

इस अवसर पर मौलाना अरशद

हक्की ने कहा कि हमें हर उस जगह जाकर काम करना चाहिए जो इंसानियत को इंसानियत सिखाती हो और इंसान को इंसान बनाने के लिए काम करती हो क्योंकि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत पूरे हिंदुस्तान में अलग-अलग जगह में जेल में जाकर गर्म शाल गर्म कपड़े बांटने का काम करती है और इसी तरह जो कैदी अपना जुमार्ना न भरने के बिना पर जेल में सजा काट रहे होते हैं उनको भी छुड़ाने का काम करती है इसी तरह ऑल इंडिया पायामय इंसानियत जाड़ों में गर्म चाय गरम कपड़े गर्मियों में ठंडा पानी शरबत फ्री मे बाटती है इसी कड़ी आज 100 गरम शाल बिजनौर कारागार जेल में बाटी गई इस मौके पर मौलाना अरशद हक्की मुफ्ती फूजेल और हाजी तन्जील आलम मौजूद रहे।

श्रम विभाग ने जागरूकता शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्न निर्माण, कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी इसके साथ-साथ श्रमिक पंजीकरण, नवीनीकरण आदि के संबंध में अजय नन्द त्रिपाठी श्रम परिवर्तन अधिकारी नजीबाबाद द्वारा विस्तार से विभागीय जानकारी दी गई उन्होंने ग्राम पिपली तहसील बिलारी जनपद मुरादाबाद स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा छह एवं कक्षा नौ प्रवेश के संबंध में श्रमिकों ग्राम वासियों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए पात्र लोगों से उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अपील की जिला पंचायत वार्ड नंबर तीन के गांव लाहक कला में उत्तर प्रदेश श्रम विभाग के अधिकारी अजय नन्द त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, दिवाकर

शर्मा ने में श्रम विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी श्रम विभाग के अधिकारी अजय आनन्द त्रिपाठी ने कहा कि भवन निर्माण से जुड़े श्रमिकों को उत्तर प्रदेश की सरकार लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है जिसमें मुख्य रूप से मातृत्व योजना, श्रमिक दुर्घटना योजना, अटल आवासीय विद्यालय बिलारी मुरादाबाद में श्रमिकों के बच्चों की निशुल्क पढ़ाई के विषय में विस्तार से चर्चा की चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार हर कदम पर श्रमिकों के साथ है रितेश सैन ने भवन निर्माण में लगे श्रमिकों से आवाहन किया कि वह अपना पंजीकरण, समय से उसका नवीनीकरण कराते रहे ताकि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र श्रमिक को सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ दिया जा सके कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राकेश कुमार, नकुल कुमार प्रजापति, जितेंद्र शर्मा, जकी अहमद खान,शाहरुख खान, नफीस अहमद, रशीद अहमद, शमशाद अंसारी, इकबाल अहमद आदि सहित बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे

जुआ खेलते छह अभियुक्त गिरफ्तार, सार्वजनिक जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज

लखीमपुर खीरी समाज जागरण
संवाददाता: कुलदीप सिंह

प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज के नेतृत्व में थाना मैगलगंज पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान अभियुक्तों को मौके से जुआ खेलते हुए पकड़ा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में निरंजन लाल पुत्र जेजेराम निवासी ग्राम हैरमखेड़ा, जगतपाल पुत्र जयसिंह निवासी ग्राम अब्बासपुर, संतोष पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम अलियापुर, मोहित पुत्र नंदकिशोर निवासी ग्राम मैगलगंज, विमलेश पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम अलियापुर तथा रिंकू पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम अलियापुर शामिल हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध

में थाना मैगलगंज पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 तथा धारा 08/2026 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक शुभम कुमार, हेड कांस्टेबल रामनयन सिंह, हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह यादव, कांस्टेबल सुमित जैनर, कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल जोनी कुमार एवं कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी के निर्देशन में उर्वरक उपलब्धता, वितरण व प्रवर्तन को लेकर समीक्षा बैठक, किसानों को पारदर्शी वितरण के निर्देश

समाज जागरण

बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में उर्वरक की उपलब्धता वितरण एवं प्रवर्तन को लेकर जिला कृषि अधिकारी, ए. आर. को ऑपरेटिव के साथ बैठक आहूत की गई उक्त बैठक में कोआपरेटिव के सचिव निजी कम्पनी प्रतिनिधि एवं थोक विक्रेता उपस्थित थे

जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया 14501 मेट्रिक टन , डी.ए.पी. 4091 मेट्रिक टन, एन. पी.के. 9095 मेट्रिक टन उपलब्ध है और जनपद में इस वर्ष 1/10/2025 से 05/01/2026 तक 50010 मेट्रिक टन यूरिया बेचा जा चुका है जो गत वर्ष के उक्त समय के अपेक्षा 5759 मेट्रिक टन जायदा है सहकारी पाक्स के माध्यम से भी लगातार विक्रय किया गया है गत सात दिनों का औसत यूरिया विक्रय 592 मेट्रिक टन है

जनपद में गेहूं की फसल हेतु टॉप ड्रेसिंग के लिए नाइट्रोजन का प्रयोग किया जा रहा है कृषक भाइयों से यह आग्रह है कि बल्क फर्टिलाइजर की जगह नैनो यूरिया का भी प्रयोग करे जो एक प्रभावकारी विकल्प के रूप में हैं उर्वरक विक्रेताओं हेतु निर्देशित किया गया की सभी विक्रेता खतौनी प्राप्त कर ही यूरिया वितरण करे । कृषकों को 1 हेक्टेयर पर 5 बैग तक, 1 एकड़ भूमिधारक को 2 बैग और 1 एकड़ से कम भूमि धारक को 1 बैग देना सुनिश्चित करे ।जनपद में टॉप 20 यूरिया बायर्स के रूप किसी भी क्रेता अथवा विक्रेता का नाम गत दो माह से परीलक्षित नहीं हुआ है अधिकारियों के द्वारा निजी और सहकारिता पर उपस्थित हो कर उर्वरकों का विक्रय कराया जा रहा है । सभी विक्रेता स्टॉक बोर्ड के अतिरिक्त अपनी दुकान पर बैनर के माध्यम से उर्वरक की उपलब्धता , मात्र और मूल्य का विवरण अंकित करना सुनिश्चित किया गया हैं ।

सभी विक्रेताओं को कृषकों के जोत और वैज्ञानिक संस्तुति के आधार पर उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया है

मुख्य विकास अधिकारी ने सहकारी समितियों को नियमानुसार उर्वरक वितरण हेतु निर्देशित किया गया किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और ना तो पक्षपात पूर्ण वितरण किया जाए अन्यथा एफ. आई. आर. की करवाई की जाएगी । साथ ही मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने धरती माता बचाव अभियान के तहत जनपद में उर्वरक के कम प्रयोग एवं आर्गेनिक खेती को बढ़ावा हेतु जिला उद्यान अधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया है कृषक भाइयों को अपने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुरुप ही उर्वरक प्रयोग हेतु अपील किया है ताकि मृदा के स्वास्थ्य को बचाया जा सके

जनपद में सहकारिता के उर्वरक वितरण में भागीदारी को बड़ाया गया है इसके लिए सहकारिता इफको का उर्वरक का वितरण तो कर ही रहा है साथ ही निजी क्षेत्र का कुछ हिस्सा भी सहकारिता को दे दिया गया है ताकि सहकारिता पैक्स के माध्यम से उर्वरकों का वितरण करा सके। विनिमार्ता कंपनियों और थोक विक्रेता को उत्पाद टैग ना करने के निर्देश दिए गए अगर ऐसा पाया जाता है तो थोक विक्रेता के साथ विनिर्माण कंपनी पर भी एफ. आई. आर. की जाएगी।

देवेंद्र यादव जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा ने जाहरवीर बाबा के मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का फीता काटकर शुभारंभ किया

समाज जागरण प्रवेश यादव

पंवासा।पबांसा क्षेत्र के गांव अजीमाबाद में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ देवेन्द्र यादव भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सम्भल ने किया कृष्ण भागवत कथा को सुनकर आप परिवार माता पिता वहन को संस्कार बताए गये देवेंद्र यादव जिला अध्यक्ष ने शास्त्री को माला पटखा डालकर सम्मानित किया गायक एटा के राजकुमार शास्त्री की बेटी वंदना शास्त्री के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ चल रहा है ग्राम पंचायत अजीमाबाद के ग्राम प्रधान कल्याण

सिंह यादव ने भाग लिया इस अवसर पर परीक्षित महाराज कमल शर्मा यज्ञपती महाराज मदन लाल यादव, जाहरवीर मंदिर के पुजारी रामगोपाल यादव, चरन सिंह दूधियां,राम नरेश यादव, सतीश यादव, रोहतास यादव, विपिन शर्मा, गिरिराज सिंह यादव, राजेंद्र सिंह यादव, आदि मौजूद रहे

सीओ नगीना के नेतृत्व में नगीना पुलिस की पैदल गश्त

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में नगीना पुलिस द्वारा देर शाम पैदल गश्त की गई। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बाजारों और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा व्यापारियों व आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा को लेकर भरोसा और मजबूत हुआ।

सोमवार को देर शाम नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुवेर्दी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीत मान के नेतृत्व में नगीना पुलिस द्वारा देर शाम पैदल गश्त की गई। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने

बाजारों और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा व्यापारियों व आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा ग्राम रामपुरदास पटपड़ा, थाना नगीना में ग्राम सुरक्षा समिति को सक्रिय किया गया। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा को लेकर भरोसा और मजबूत हुआ। इस दौरान चोरी, डकैती, छिनैती एवं अन्य अपराधों की घटनाओं के दृष्टिगत बाजारों वी ग्राम वासियों को आवश्यक सतर्कता संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए।

थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीत मान ने बताया कि जनता की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त लगातार जारी रहेगी। किसी भी अराजक तत्व को सर नहीं उठाने दिया जाएगा।

पुलिस की मौजूदगी से बाजार में शांति और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

गोली लगा शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कम्प

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर झालू। गोली लगा शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को लिया कब्जे में। शव मिलने की सूचना पर उच्चाधिकारियों ने भी किया मोके स्थल का निरीक्षण। क्षेत्र में तरह-तरह की चचाओं से बाजार रहा गर्म प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि में करीब तीन बजे झालू चौकी पुलिस को सूचना मिली कि गांव खारी से गौसपुर टोपरी को जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। सूचना पर चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति का शव पेट में गोली लगा पड़ा हुआ है उन्होंने पेट में गोली लगे शव की सूचना तुरंत ही उच्चाधिकारियों को

दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त आसपास के ग्रामीणों से कराई वही गोली लगे शव की शिनाख्त खारी निवासी इस्लामुदिन पुत्र शराफत अली (38 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस ने शव को लिया कब्जे में। शव की सूचना मिलने पर हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार भी मौके पर पहुंचे। गोली लगे शव की सूचना मिलने पर सदर क्षेत्राअधिकारी संग्राम सिंह भी मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। वहीं दूसरी और खारी क्षेत्र में तरह-तरह की चचाओं को लेकर बाजार गर्म रहा लोग तरह तरह की चचाएं करते नजर आए। गोली लगा शव मिलने के संबंध में हल्दौर प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि रास्ते में पड़ा हुआ एक शव मिला है जिसकी शिनाख्त खारी के निवासी के रूप में हो चुकी है शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

लखीमपुर खीरी समाज जागरण
संवाददाता: कुलदीप सिंह

भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी, मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीता शुक्ला के निर्देशन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) वीना चौरसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर छह छात्राओं–शालू विश्वकर्मा, अनामिका, विधि, शुभी, श्वेता दीक्षित एवं शुभ्रा श्रीवास्तव–ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिलेट्स के पोषण मूल्य, स्वास्थ्य लाभ तथा

दैनिक जीवन में इसके उपयोग को बढ़ावा देना रहा। प्रतिभागियों को संतुलित आहार अपनाने और मिलेट्स को नियमित भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन से छात्राओं एवं उपस्थित लोगों में मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

नए हवाई अड्डों से होटल उद्योग को मिलेगी रफ्तार, नवी मुंबई और नोएडा बने नए हॉस्पिटैलिटी हब

समाज जागरण

दिसंबर 2025 की मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार, नवी मुंबई हवाई अड्डे के संचालन से इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में तेज वृद्धि होने की उम्मीद है

हाल ही में शुरू हुआ नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और शीघ्र संचालन के लिए तैयार नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आदि नए उभरते हवाई अड्डे इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। क्योंकि इनके आसपास तमाम ब्रांडेड होटल अपनी श्रृंखलाएं स्थापित करने लगते हैं। इससे ब्रांडेड कमरों की मांग और आपूर्ति के बीच मौजूद बड़े अंतर को पाटने में मदद मिल रही है। दिसंबर 2025 की मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार, नवी मुंबई हवाई अड्डे के संचालन से इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में तेज वृद्धि होने की उम्मीद है। क्योंकि इससे इस महत्त्वपूर्ण औद्योगिक और वाणिज्यिक केंद्र में बैठकों, प्रोत्साहन यात्राओं, सम्मेलनों और प्रदर्शनी जैसी गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा लोनावाला व अलीबाग जैसे आसपास के तमाम पर्यटन स्थलों पर लोगों की आमद बढ़ेगी। इन सब का सीधा फायदा हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को मिलेगा।

इस हवाई अड्डे से बीते क्रिसमस के दिन ही यात्री उड़ानें शुरू हुई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नवी मुंबई अभी आतिथ्य कारोबार शुरूआती दौर में है। इससे पूरी तरह भुनाया नहीं जा सका है। इस वक्त यहां प्रमुख होटलों के पास केवल 1,539 कमरे हैं। लेकिन हवाई अड्डा चालू होने के बाद और भी होटल यहां आने की योजना बना रहे हैं। साम्ही ने नवी मुंबई में 700 कमरों के साथ अपने सबसे बड़े होटल की घोषणा की है और अगले तीन-चार वर्षों में 6.5 अरब रुपये के पूंजीगत व्यय का अनुमान जताया है।

डीके शर्मा की अष्टम पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव का हुआ आयोजन

समाज जागरण

चन्दौसी। हिंदू जागृति मंच के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय डी.के. शर्मा की अष्टम पुण्य स्मृति में राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मां शारदे और डी.के. शर्मा के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके नेहा मलय ,मीनू रस्तोगी एवं अजय कुमार शर्मा ने किया। भिवाड़ी हरियाणा से आई कवियत्री नेहा बागड़ी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई ।औरैया से आए प्रमोद तिवारी ने सुनाया- बिन बेटी सुना लगे घर आंगन संसार ,लाडो तुमसे ही रहा ,अब तक यह गुलजार, चंदौसी के

दिनेश पाल सिंह दिलकश ने सुनाया- मेरे जीवन में तुम आ तो जाओ प्रिय, हम दोनों का जीवन संभर जाएगा। बिहार के कटिहार से आए कुमार प्रभास ने पढ़ा - ललाट पर लगाकर एक तिलक विश्वास का ,अभी बहुत कुछ करना है जीवन में। अलीगढ़ से आए गाफिल स्वामी ने सुनाया- प्रेम की राह में हार है जीत है, प्रेम ही जिंदगी का मधुर गीत है। दिल्ली से आए भागीरथ सिन्हा ने पढ़ा- मैं दवाए हूं कितना ही जज्बात को, तुम मिलो तो मेरा दिल बहल जाएगा। मेरठ से उपस्थित रचना बनिया ने पढ़ा-अंधेरे सब दूर हुए हैं, आकर गुरु दरबार में। नितिन तुमको शीश झुकाए , नाव फंसी मंझदार में।संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदू जागृति मंच के लंबे समय से अध्यक्ष रहे डी. के .शर्मा, सरल व्यक्तित्व थे जो कि साहित्य में रुचि रखते थे उनकी स्मृति में राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव आयोजित करके ,हिंदू जागृति मंच ने उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी है, इस अवसर पर अनुराग गुप्ता, नेहा मलय, शिव शंकर शर्मा, अरविंद गुप्ता, सुखपाल सिंह गौर, दिनेश पाल सिंह दिलकश, एल.के.विकास कुमार मिश्र, अमित यादव श्याम, शांति राणा शांति, ज्ञान सिंह प्रीत्कार, शिखा रावत बुलबुल, सोनू सागर, विवेक त्रिपाठी विकेट, मुकेश कुमार दीक्षित शिवांश,संजीव सारस्वत, अनंत कुमार अग्रवाल, निशिकांत तिवारी, अजय गुप्ता सर्राफ, पूनम शुक्ला, के .के.मिश्रा, महावीर सिंह, विशन लाल, प्रिंस शर्मा, चरण सिंह भारती, निखिल शर्मा, सुबोध कुमार पाल, विकास वर्मा, अरुण अग्रवाल, पंकज गुप्ता, मीनू रस्तोगी, कबीर सिंह पाल, प्रदीप तिवारी, नवरत्न वार्ष्णेय, उज्जवल वशिष्ठ, इशांत शर्मा, भारत मिश्रा, राजेंद्र गुर्जर, बबीता शर्मा, आशा गुप्ता, सुनीता यादव आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन , अतुल कुमार शर्मा, सुखपाल सिंह गौर,सुबोध कुमार गुप्ता एवं उज्जवल वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से किया।

ट्रैक्टर ट्राली व बाइक की भिड़न्त में युवक गंभीर रूप से घायल

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर चांदपुर। बीती रात्रि नगर स्थित धनौरा रोड पर ग्राम अलावलपुर के पास ट्रैक्टर ट्राली व बाइक की भिड़त में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों ने प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। घायल युवक सलमान अली पुत्र नसीम अली ग्राम फनदेरी जिला जेपी नगर का रहने वाला था। घायल युवक

को सिपाही एवं होमगार्ड राजीव कुमार व समाजसेवी गुड समेरिटर्न शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने जीवन ज्योति नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

स्कूटी के सामने कुत्ता आ जाने से दो स्वास्थ्य कर्मचारी घायल

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नहटौर। नूरपुर मार्ग पर अचानक कुत्ता सामने आ जाने से स्कूटी सवार दो स्वास्थ्य कर्मचारी घायल हो गयी। एक कि हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार रिलायंस कॉलोनी निवासी निवेदिता पुत्री अमरीश, जो ग्राम खंडसाल स्थित उपकेंद्र पर सीएचओ हैं, तथा प्रीति पुत्री ब्रजपाल सिंह, जो अखाड़ा स्थित उपकेंद्र पर तैनात हैं। दोनों स्कूटी द्वारा अपने अपने केंद्रों पर जा रही थी। बताया जाता है कि जब वह नूरपुर रोड पर समसपुर भट्टे के पास पहुंचीं तो अचानक सामने आए एक कुत्ते से स्कूटी टकरा गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहटौर में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रीति की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

नशीली दवा खिलाकर युवती को भगाने का आरोप, पड़ोसी युवक पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण कांधला।

थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पड़ोसी युवक पर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर तथा परिजनों को नशीली दवा देकर युवती को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवक व युवती की तलाश शुरू कर दी है।पीड़िता के अनुसार, 1 जनवरी को उसकी पुत्री ने खाने में नशीली दवा मिलाकर परिवार को खिला दी, जिससे सभी बेहोश हो गए। इसी दौरान पड़ोसी युवक ने उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया। होश में आने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका।महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुस्तकीम पुत्र समीम निवासी सलेमपुर मार्ग हमजा कलोनी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और युवक व युवती की बरामदगी के लिए पुलिस टीमें जुटी हुई हैं। जल्द ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में गवाही को प्रभावित करने का आरोप

समाज जागरण शामली।

थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के कस्बा बनत स्थित मोहल्ला प्रेमनगर में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में गवाही को प्रभावित करने का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़ित बच्ची के पिता ने थाना आदर्श मंडी में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कस्बा बनत निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि मोहल्ले के ही समद ने पूर्व में प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को जबरन उठाकर अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस मामले में थाना आदर्श मंडी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी समद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले का आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित हो चुका है और वर्तमान में पत्रावली साक्ष्य की अवस्था में विचाराधीन है। पीड़ित ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है और अक्सर काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता है। घर पर उसकी पत्नी और नाबालिग बच्चे रहते हैं। आरोप है कि 3 जनवरी को शाम करीब चार बजे, जब पीड़ित की नाबालिग पुत्री घर के बाहर दुकान से सामान लेने गई थी, तभी वहां समद, साजिद और साकिर मिले। जिन्होंने बच्ची को जबरदस्ती पकड़ लिया। बच्ची के शोर मचाने पर उसकी मां मौके पर पहुंची। जिन्होंने अदालत में समद के खिलाफ गवाही देने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

राष्ट्रीय ध्वज की डोरी काटने और भड़काऊ भाषण के आरोपों को बताया झूठा

समाज जागरण

शामली। कस्बा एलम निवासी दर्जनों लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कस्बेवासियों पर राष्ट्रीय ध्वज की डोरी काटने का फर्जी आरोप लगाने के मामले में जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। मंगलवार को डीएम को दिए शिकायती पत्र में उन्होने कहा कि कुछ व्यक्तियों द्वारा राजनैतिक और

अपनी मनमानी के चलते झूठी शिकातय की गई है। जिसमें ध्वज की डोरी काटने और भडकाऊ भाषण देने का झूठा आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि यदि शिकायत सही है तो नगर पंचायत अध्यक्ष या ईओ द्वारा क्यो पुलिस को सूचना नही दी गई। उन्होने कहा कि मौके पर कैमरा लगा है, जिसकी जांच की जा सकती है। उन्होने मांग की कि जब तक निष्पक्ष जांच न हो तब तक किसी भी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज न किया जाये। उन्होंने कहा कि दीपा पंवार, जयकुमार, अंकित पंवार, नीशू पंवार, योगेन्द्र पंवार, सभी की कॉल डिटेल भी निकाली जा सकती है कि वह उस दिन कहा थे। चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच नही हुई तो सडक पर उतरकर आन्दोलन किया जायेगा। इस अवसर पर योगेन्द्र पंवार, पुलकित पंवार, नीटू, पंकज, उदयवीर, रणबीर आदि मौजूद रहे।

बाल विवाह की रोकथाम को लेकर धर्म गुरुओं के साथ बैठक का आयोजन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) मंगलवार को थानाभवन थाना परिसर में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर धर्म गुरुओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में किया गया। जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं, श्रद्धालु समुदाय तथा विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर सहित अन्य धार्मिक स्थलों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ-साथ मैरिज हॉल, बैंक्विट हॉल, बैंड पार्टी, डीजे, कैटरर्स, फोटोग्राफर एवं टेंट हाउस संचालकों को भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग

से सदफ खान ने बताया कि बाल विवाह वह स्थिति है, जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम एवं लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने के बावजूद विवाह कर दिया जाता है, जो कि पूर्णतः गैरकानूनी है। 18 वर्ष से कम आयु में बालिकाओं तथा 21 वर्ष से कम आयु में बालकों का विवाह कराना कानूनन अपराध है, जिसके लिए दो वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा एक लाख रुपये तक का जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। इसके साथ ही बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्ति बराती, फोटोग्राफर, टेंट एवं कैटरिंग संचालक, मौलवी, पंडित, बैंड संचालक आदि के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जा सकती है। मौके पर सीओ थानाभवन जितेन्द्र कुमार, पारुल चौधरी मौजूद रहे।

टंकी का काम अधूरा, नहीं मिला जल

समाज जागरण

कैराना। जल जीवन मिशन के तहत गांव दभेड़ीखुर्द में चार से टंकी का निर्माण अधूरा है और सड़कें उखड़ी हुई है। पूर्व ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री को शिकायत की है।

दभेड़ीखुर्द के पूर्व प्रधान मुंशाद अली चौहान ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की है। शिकायत में बताया गया कि चार वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत उनके गांव में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोद दी गई थी। पानी की टंकी का निर्माण भी अधूरा पड़ा है। लेकिन आज तक गांव के लोगों को पानी की सप्लाई नहीं दी गई। सड़के भी उखड़ी पड़ी है, जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति की मांग की है।

पूर्वी यमुना नहर किनारे नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

समाज जागरण कांधला।

थाना क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर के किनारे एक नवजात शिशु का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।आशंका जताई जा रही है कि लोक-लाज के भय से किसी कुंवारी मां ने नवजात शिशु को जन्म के बाद नहर किनारे फेंक दिया होगा। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को थाना क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर के समीप लकड़ी बीनने वाली महिला पूजा ने पुलिस को बताया कि नवजात शिशु का शव करीब तीन दिनों से उसी स्थान पर पड़ा हुआ था। दुर्गंध फैलने और लोगों की नजर पड़ने के बाद मामले की जानकारी सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की सहायता से नहर किनारे पड़े नवजात के शव को उठवाया। इसके बाद नियमानुसार गड्ढा खुद वाकर शव को दफना दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पूर्वी यमुना नहर के किनारे एक नवजात शिशु का शव मिला था, जिसे विधिवत रूप से दफना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामला बेहद संवेदनशील है, इसलिए पुलिस गहन जांच-पड़ताल कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात शिशु को किसने और किन परि स्थितियों में नहर किनारे छोड़ा। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है।घटना को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चचाएं चल रही है।

सड़कों पर बचपन की जंग: किताबों की उम्र में खतरनाक करतब करने को मजबूर मासूम

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

सड़कों और चौराहों पर आज भी ऐसा मंजर देखने को मिल जाता है, जो सभ्य समाज और विकास के दावों पर करारा तमाचा है। जिन नन्हे हाथों में किताब, कलम और स्कूल बैग होने चाहिए थे, वही हाथ आज दो वक्त की रोटी के लिए आग के गोले, खतरनाक करतब और जोखिम भरे खेल दिखाने को मजबूर हैं। यह दृश्य अब किसी एक शहर या चौराहे तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि लगभग हर बड़े कस्बे और महानगर की सच्चाई बन चुका है।धूप हो या ठंड, बारिश हो या भीषण गर्मी–ये मासूम बच्चे ट्रैफिक सिग्नलों, चौराहों और सड़कों के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर राहगीरों का ध्यान खींचने की कोशिश करते नजर आते हैं। कभी कलाबाजियां, कभी रस्सी पर चलना, तो कभी आग के छल्लों से खेलना– सब कुछ सिर्फ इसलिए कि कोई राहगीर दया खाकर दो-चार सिक्के उनकी ओर उछाल दे। सवाल यह है कि क्या यही इन बच्चों का बचपन है।समाज और प्रशासन की उदा सीनता इन बच्चों की हालत को और भी बदतर बना रही है। बाल मजदूरी निषेध कानून, शिक्षा का अधिकार और बाल संरक्षण से जुड़े नियम-कानून कागजों में तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। गरीबी, बेरोजगारी और पारिवारिक मजबूरियां इन मासूमों को स्कूल से दूर कर सड़कों पर ला खड़ा कर रही हैं।शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि यदि समय रहते इन बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का अवसर नहीं दिया गया, तो आने वाला भविष्य और भी भयावह हो सकता है। जरूरत है कि प्रशासन सख्ती के साथ ऐसे बच्चों को रेस्क्यू कर उन्हें स्कूलों और पुनर्वास केंद्रों से जोड़े। वहीं समाज को भी केवल दया दिखाने के बजाय अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।यह केवल एक खबर नहीं, बल्कि हमारे समाज के सामने खड़ा एक आईना है। जब तक हर मासूम हाथ में कलम नहीं पहुंचेगी और हर बच्चा सुरक्षित बचपन नहीं जी पाएगा, तब तक विकास के सारे दावे अधूरे ही रहेंगे।

सर्द हवाओं से शरीर में होने लगी गलन, लोग परेशान

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) जनपद में कड़ाके की ठंड पड़ने से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। मंगलवार को सवेरे से ही घना कोहरा छाया रहा, वहीं सर्द हवाओं के चलने से लोगों के शरीर में गलन महसूस की गई। ठंड के प्रकोप के चलते आमजन को दैनिक कार्यों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार सुबह के समय दृश्यता कम रहने के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और मजदूर वर्ग को ठंड और कोहरे के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सर्द हवाओं के कारण लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई गिरावट के चलते ठंड और अधिक बढ़ गई है। अत्यधिक ठंड से बचाव के लिए लोग अधिकतर समय घरों में ही दुबके रहे। रात्रि के समय ठंड का असर और अधिक देखने को मिला। सर्द हवाओं के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और बाजार भी जल्दी बंद हो गए। लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आए। हालांकि दोपहर के समय धूप जरूर निकली, जिससे लोगों को थोड़ी राहत की उम्मीद जगी, लेकिन धूप में गर्माहट न के बराबर रही। धूप के बावजूद ठंड का असर बना रहा और लोग ठिठुरते रहे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप इसी तरह बना रह सकता है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की आवश यकता है।

संगीत सोम को धमकी देने के मामले में हिंदू रक्षा दल ने खोला मोर्चा

समाज जागरण

शामली। बॉलीवुड एक्टर शाहरूख खान को गद्दार कहने के बाद पूर्व विधायक और बीजेपी नेता संगीत सोम को धमकी देने को लेकर हिंदू रक्षा दल ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होने मुजफ्फरनगर के सपा जिला ध्यक्ष पर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए मुजफ्फ रनगर कूच करने की चेतावनी दी। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने कार्यकताओं समझा बुझा कर शांत किया, जिसके बाद कार्यकर्ता वापस लौट गए।

आईपीएल मैच में बांग्लादेश के क्रिकेटर को शाहरूख खान द्वारा अपनी क्रिकेट टीम में रखने को लेकर भाजपा के नेता संगीत सोम ने शाहरुख खान को गद्दार बोल दिया था। वहीं संगीत सोम के बयान के बाद मुजफ्फरनगर से समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने प्रतिक्रिया दी। जिसके बाद हिन्दू रक्षा दल में आक्रोश व्याप्त है। उन्होने जिया चौधरी पर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाया। मंगलवार को हिन्दू रक्षा दल के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सपा के मुजफ्फरनगर जिला कार्यालय पर प्रदर्शन किए जाने और हनुमान चालीसा पाठ किए जाने का कार्यक्रम रखा गया। शामली के मोहल्ला रेलपार से मुजफ्फरनगर कूच करने की तैयारी कर रहे संगठन के करीब आधा दर्जन कार्यकताओं को थाना आदर्शमंडी पुलिस ने रोक लिया और समझा बुझाकर शांत कर दिया। हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों का कहना है कि संगीत सोम हिंदू हृदय सम्राट है। उनके ऊपर की गई अमर्यादित टिप्पणी से करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस अवसर पर विजय शर्मा, अमित कर्णवाल, पिंकू आदि मौजूद रहे।

बार एसोसिएशन कैराना के चुनाव का बजा बिगुल

— एल्डर कमेटी ने जारी की अधिसूचना, 16 जनवरी को होगा मतदान

समाज जागरण

कैराना। बार एसोसिएशन कैराना के वार्षिक चुनाव का बिगुल बज गया है। एल्डर कमेटी ने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत 16 जनवरी को मतदान और इसी दिन मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किए जाएंगे।

मंगलवार को एल्डर कमेटी के सत्यवीर सिंह शर्मा, ब्रह्मपाल सिंह चौहान, ब्रह्म सिंह, चौधरी रियासत अली, ओम प्रकाश चौहान व शगुन मित्तल एडवोकेट ने बार एसोसिएशन कैराना की वर्ष 2026 की कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनावी अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह सचिव प्रशासनिक, सह सचिव पुस्तकालय, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ सदस्यगण एवं कनिष्ठ सदस्यगण पदों पर आठ जनवरी और नौ जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बार भवन में नामांकन पत्रों की खरीदारी एवं जमा किए जाएंगे। 12 जनवरी की प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और आपत्ति दाखिल की जा सकेगी। 13 जनवरी प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक नामांकन पत्रों की वापसी और आपत्तियों का निस्तारण कराया जाएगा। वहीं, 16 जनवरी की प्रातः नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक बार भवन में एल्डर कमेटी की देखरेख में मतदान होगा। मतदान के दौरान 414 अधिवक्ता मतदाता अपने–अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसी दिन मतगणना होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव को लेकर दावेदारों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है।

छात्राओं ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयो जित सड़क सुरक्षा माह के क्रम में आयोजित हुआ।अभियान के तहत महाविद्यालय की छात्राएं कस्बे की विभिन्न बस्तियों में पहुंचीं और आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क पर चलते समय यातायात संकेतों का पालन करने के महत्व की जानकारी दी।छात्राओं ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता अभियान के दौरान छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और लोगों से सुरक्षित यातायात अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से नगरवासियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद रहा।

युवक पर लाठी-डंडों से हमला, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजली घर मार्ग पर एक युवक के साथ लाठी-डंडों से की गई मारपीट का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कई युवक एक युवक को घेरकर उस पर बेरहमी से डंडों से हमला कर रहे हैं। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना क्षेत्र की बिजली घर बस्ती निवासी कासिम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत रविवार को वह अपने घर के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते पड़ोस के कई युवक मौके पर पहुंचे और हाथों में डंडे लेकर उस पर अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उसे चारों ओर से घेरकर जमकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में किसी व्यक्ति ने सीसीटीवी फुटेज को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान कर रही है।

आवारा कुत्तों ने भेड़ों पर किया हमला, सैकड़ो भेड़ों की मौत

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव मुंडेट कला में आवारा कुत्तों के हमले से एक चरवाहे को भारी नुकसान उठाना पड़ा। ग्राम भैंसवाल निवासी सचिन कुमार पुत्र राज सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह बचपन से ही भेड़ पालन का पैतृक कार्य करता आ रहा है। उसके पास करीब 300 भेड़ थीं, जिन्हें चराने के लिए वह ग्राम मुंडेट कलां के जंगलों में गया हुआ था। पीड़ित ने बताया कि रात्रि के समय वह ग्राम मुंडेट स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में रुका था। रात करीब 2:30 बजे भेड़ों के शोर से उसकी नींद खुली, तो उसने देखा कि आवारा कुत्तों ने भेड़ों पर हमला कर दिया है। कुत्तों के हमले से भयभीत भेड़ें इधर-उधर भागने लगीं और जान बचाने के प्रयास में गोकुलधाम कॉलोनी के एक गहरे प्लॉट में एक-दूसरे के ऊपर कूद पड़ीं। इस दौरान एक-दूसरे के नीचे दबने से 132 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, कुत्तों के हमले में 14-15 भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका उपचार पशु चिकित्सक द्वारा कराया गया है। पीड़ित ने घटना की सूचना देते हुए थाना आदर्श मंडी शामली में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया है। सचिन कुमार ने डीएम से मृत भेड़ों एवं घायल भेड़ों के उपचार के लिए मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र के पशुपालकों में भी रोष और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

जिला स्तरीय विषेश मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारंभ

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) भारत निर्वा चन आयोग के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे जिला स्तरीय विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारंभ मंगलवार को राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने किया। इसके उपरांत उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं, अधिकारियों एवं जनसामान्य को एकता, अखंडता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण का बटन क्लिक कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि लोकतंत्र की सच्ची शक्ति युवाओं में निहित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदाता पंजीकरण कराकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता बनना केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। बताया कि यह विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 6 जनवरी से 6 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। ऐसे सभी युवा जिनकी आयु एक जनवरी 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के पात्र हैं। इसके अतिरिक्त पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा नाम विलोपन से संबंधित कार्य भी निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से 11 जनवरी को जनपद के समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान बूथों पर उपस्थित रहेंगे। नागरिक अपने नजदीकी मतदान बूथ पर जाकर अथवा ऑनलाइन माध्यम से भी मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इस अवसर पर स्वीप कोऑर्डिनेटर नीरज विश्वकर्मा ने स्वीप शामली की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्येन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार, अमित मलिक, अदिति, गोविंद, मनोज, अनिल, वेदपाल, नीरज आदि उपस्थित रहे।

दो दुकानों में लगी संदिग्ध परिस्थितियों आग, लाखों का नुकसान

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के दिल्ली रोड स्थित टायर मार्किट में देर रात्रि दो दुकानों में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। दुकान से काला धुआ और आग की लटपटे देख आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना दुकान मालिक को दी। सूचना पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचे गई और घंटों प्रयास कर आग पर काबू पाया गया। आग लगने से दोनों दुकानों में करीब 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। शहर के तैमुरशाह निवासी सभासद इखलाक उर्फ कालू कुरैशी और गुलशननगर निवासी नौशाद राव पुत्र हबीब की शहर के टायर मार्किट में पुराने टायरों की दुकान है। बताया जाता है कि गत सोमवार देर शाम 7 बजे वह दोनों दुकान बंद कर चले गए थे। रात्रि करीब दो बजे अचानक दुकान में भीषण आग लग गई। दोनों की दुकान से आग की लपटे निकलने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने दुकानों में आग लगी देख मामले की सूचना सभासद कालू कुरैशी को दी। सूचना पर दोनों दुकानदार मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना दमकल विभाग के अधिकारियों को दी गई। दमकल विभाग की टीम भी तुरंत मौके पर पहुंच गई और घंटों प्रयास कर आग पर काबू पाया जा सकता। कालू कुरैशी की दुकान में आग लगने से टायर, फर्नीचर, छप्पर सहित दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है, जबकि नौशाद राव की दुकान में आग लगने से फर्नीचर, मशीन, छप्पर और पुराने टायर जलने से करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दोनों दुकानदारों का कहना है कि उनकी दुकान में बिजली का कनेक्शन अलग है, जिससे शॉर्ट सर्किट नही हो सकता है। दुकान में किसी ने रंजिशन आग लगाई है। जिसके लिए पुलिस को सूचना दे दी गई।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती, नौकरी लगवाने के नाम पर पत्नी को ले जाने का आरोप

-पुलिस पर कार्रवाई के नाम पर 1.60 लाख लेने का लगाया आरोप, एसपी से की कार्रवाई की मांग

समाज जागरण बागपत।

छपरौली कस्बे के युवक ने मोहल्ले के लोगों पर एक महिला के सहारे उसकी पत्नी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने और फिर नौकरी के बहाने उसे ले जाने का आरोप लगाया है। उसने थाना पुलिस पर भी कार्रवाई के नाम पर 1.60 लाख रुपए लेने और कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को युवक ने एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के युवक नदीम पुत्र दिलाशाद का आरोप है कि मोहल्ले के दो युवक व एक महिला ने एक अन्य महिला के साथ मिलकर उसकी पत्नी के साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। उसके बाद महिला उसकी पत्नी को नौकरी कराने के बहाने लेकर घर से चली गई। उसने छपरौली थाना और सीओ बड़ौत के यहां शिकायती पत्र दिया था। आरोप है कि थाना पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर उससे 1.60 लाख रुपए ले लिए है, मगर कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपी मोहल्ले में रह रहे है और उसे गोली मारने की धमकी दे रहे है। थाना पुलिस कार्रवाई करने के बजाए उस पर शिकायती पत्र वापस लेने और पत्नी को तलाक देने का दबाव बना रही है। उसने मंगलवार को एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और कार्रवाई की मांग की है।

खेड़ा हटाना गांव में खड़ंजे निर्माण का उद्घाटन

समाज जागरण

बड़ौत। खेड़ा हटाना गांव के आने जाने वाले मुख्य मार्ग का खड़ंजा लगाने का उद्घाटन वार्ड नंबर 12 के जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य ने फीता काटकर किया। काफी लंबे समय से इस रास्ते पर खड़ंजे का निर्माण नहीं हो रहा था। लगातार ग्रामीण क्षेत्र के लोग खेड़ा हटाना के ग्रामवासी खड़ंजा निर्माण की मांग को करते आ रहे थे। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए बागपत जिला अध्यक्ष ममता जय किशोर ने इस निर्माण कार्य को आज हरी झंडी देकर इस कार्य को संपन्न कराया। ग्राम वासियों ने ममता जय किशोर का भी आभार जताया। इस मौके पर उद्घाटन के साथ जिला पंचायत सदस्य बागपत सुनील कुमार आर्य ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना ही हमारा में मकसद रहा है। आगे भी विकास कार्य करते रहेंगे चुनावी मैदान में जाकर हमने जनता से जो वादे किए थे। हम उन पर खरे उतरते जा रहे है। जनता के साथ मिलकर विकास का मुद्दा हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी खेड़ा हटाना मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य ने कहा कि हमने जनता से जो वादा किया था। हम उसे निभाने का कार्य कर रहे है। इस अवसर पर वार्ड नंबर 12 के लोगों ने आगे भी उन्हें चुनावी मैदान में उतर कर जीत दर्ज करने का आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, सुनील कुमार त्यागी, जग रोशन, राम मेहर चौधरी, शिव कुमार, धर्मपाल, रामधन, जनेश वर आदि मौजूद रहे।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने जनपद बागपत का दौरा

समाज जागरण बड़ौत।

कोताना गांव निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला प्रभारी बागपत नसीम चौधरी ने कर्नाटक सरकार के उपमुख्यमंत्री जनाब डी के शिवकुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। खास मुलाकात में उन्होंने उनका फूलों की मालाओं के साथ स्वागत किया एवं बागपत आने के लिए उन्हें निमंत्रण दिया। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने जनपद बागपत का दौरा स्वीकार करते हुए कहा कि हम जनपद बागपत की जनता से जल्द ही रूबरू होंगे। कांग्रेस जनपद बागपत के जिला प्रभारी नसीम चौधरी ने कर्नाटक से लौटने के बाद बताया कि जल्दी कांग्रेस का जनपद बागपत में एक कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री बागपत में कार्यक्रम में जाकर जनता से रूबरू होंगे। कांग्रेस के जिला प्रभारी नसीम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है। जो किसानों गरीबों मजदूरों व्यापारियों को एक साथ लेकर चलने का काम करती है। कांग्रेस ने हमेशा गरीबों मजदूरों व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी सर्व समाज की पार्टी है।

नगर में जैन समाज के आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने अजितनाथ सभागार

समाज जागरण

बड़ौत। नगर में जैन समाज के आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने अजितनाथ सभागार,मंडी बड़ौत में धर्मसभा के मध्य कहा कि जिस प्रकार अग्नि में ईधन को डालने से, अग्नि और बढ़ती चली जाती है, उसी प्रकार सांसारिक विषय वासना है।इसकी पूर्ति करने से मिटती नहीं बल्कि और बढ़ जाती है। यह विषय वासना, मृग मरीचिका के समान है। केले के वृक्ष के समान निस्सार है, जिस प्रकार कुत्ता हड्डी को चबाता है और अपना ही रक्त चूसकर आनन्दित होता है। उसी प्रकार इन्सान भी अपनी इन्द्रियों को तृप्त कर अपना शोषण करता है। यह वासना आकाश की भाति असीम है। वासना से बचने के लिए आकांक्षा छोड़ना अनिवार्य है। उन्होंने कहाँ कि सन्त केवल मार्ग बताते हैं, चलना तो गृहस्थ को ही पड़ेगा। राग- द्वेष विषय कषाय से बचने का उपाय साधु बता सकते हैं, उस मार्ग पर चलकर राग-द्वेष से बचना गृहस्थों का काम है। मनुष्य की पाँचों इन्द्रयों गलत मार्ग पर चलने को हमेशा प्रेरित करती है। इन्द्रियाँ और स्त्रियों सदैव मॉग करती हैं। एक बार पुरूष स्त्री की मांग भर जाता है तो स्त्री पुरूष से सदैव, माँग करती रहती है। उसी प्रकार इन्द्रियों की एक बार माँग पूरी कर दी जाये तो वह सदैव माँग करती रहती हैं। जो पाँचों इन्द्रियों के विषयों से निवृत हो जाता है, वही आत्म-ध्यान कर पाता है और आपने परमात्मा को उपलब्ध होता है। सभा का संचालन श्रेयांस जैन ने किया। सभा में महेंद्र जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, मदन लाल जैन, संजय जैन, अंकुर जैन, विकास जैन, अमित जैन, अनिल जैन आदि उपस्थित रहे।

सफाई कर्मचारियों को कंबल वितरित किए

समाज जागरण

बागपत। मानव सेवा समिति के द्वारा नगर पालिका परिषद में कार्यरत सभी महिला सफाई कर्मचारियों को सर्दी से राहत के लिए गर्म कम्बल का वितरण किया गया। समिति सदस्यों ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्धन जनों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने आयोजित कार्यक्रम में समिति के संरक्षक मन्डल के सदस्यों प० राजपाल शर्मा, प० राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र आर्य, आदि समाजसेवियों ने महिला सफाई कर्मचारियों के कार्य की प्रसंशा करते हुए उन्हें समाज का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए भविष्य में भी उनको यथोचित सम्मान देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति की और से 100 महिला सफाई कर्मचारियों को कम्बल का वितरण किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि शाम के दिल्ली सहारनपुर राजमार्ग पर घूम कर जरूरतमंद निर्धन व बेसहारा जनों को कंबलों का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर मानव सेवा समिति का संरक्षक मन्डल समाजसेवी प० राजपाल शर्मा, प० राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र आर्य एडवोकेट, नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक महेश चंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

ब्लॉक परिसर में चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

समाज जागरण

खेकड़ा। नगर के विकास खंड परिसर में चल रहे पंचायत सहायक ओर सचिव का विकासखंड पिलाना व खेकड़ा के ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व पंचायत सचिवो का दो दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों को आत्म निर्भर बनाने के लिए उनमें आय के श्रोत बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। खंड विकास कार्यालय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षण शिविर में दिवसीय विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षक जुल्फिकार, निक्की सिंह एवं बबीता नागर व रेनू गौतम द्वारा स्वयं के आय के स्रोत पर समझ एवं वर्तमान पहलो पर चर्चा ओएसआर बढ़ाने हेतु संभावित स्त्रोत विश्लेषण एवं रणनीतियां तथा गांव के विकास के लिए ओएसआर गांव की अपनी आय तालाबों के पट्टे, पानी सप्लाई, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरे से आए प्लास्टिक व गौशाला की खाद एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा यूजर चार्ज के विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को प्रशिक्षण का समापन हो गया।डीपीआरसी, मेरठ चरनजीत बुद्ध प्रकाश व सहायक विकास अधिकारी हरिश चंद्र, अखिलेश, अक्षय, अंजली, सतेंद्र आदि मौजूद रहे। ग्राम प्रधानों ने प्रशिक्षण में नहीं दिखाई रुचि ग्राम पंचायतों को आत्म निर्भर बनाने ओर उनकी आय के श्रोत बढ़ाने हेतु दिए गए प्रशिक्षण में ग्राम प्रधानों ने रुचि नहीं दिखाई। जिसके चलते दो दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशिक्षण से ग्राम प्रधान ही नदारद रहे ऐसे में जब प्रधान ही इसको लेकर जागरूक नहीं है तो ग्राम पंचायत आत्म निर्भर कैसे बनेगी और गांवों पंचायत में आय के श्रोतों में बढ़ोतरी कैसे होगी।

स्वतंत्रता सेनानी लाला अर्जुन सिंह का जीवन प्रेरकः- दीपक शास्त्री

118 वी जयंती पर अभिमन्यु गुप्ता के आवास पर यज्ञ का आयोजन किया

समाज जागरण

बागपत। वरिष्ठ समाजसेवी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय लाला अर्जुन सिंह का 118 वा जन्मदिन जयंती उनके ज्येष्ठ पुत्र अभिमन्यु गुप्ता के आवास पर यज्ञ में आहुतियां डालकर मनाया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध विद्वान दीपक शास्त्री ने यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय लाल अर्जुन सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरक है। उन्होंने देश की आजादी के लिए जेल यात्रा की एवं अंग्रेजों के द्वारा दी गई। यातनाओं को दृढ़ता से सहन करते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। आपका जीवन महर्षि दयानंद सरस्वती एवं पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की प्रेरणा से देश सेवा के लिए समर्पित रहा 1942 में महात्मा गांधी जी के द्वारा करो या मरो आंदोलन में भाग लेते हुए जेल गए आपने नेतृत्व करते हुए टटीरी के रेलवे स्टेशन को आग के सुपुर्द कर दिया था अपने देश की आजादी तक अविवाहित रहने का संकल्प लिया। देश की आजादी के बाद गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। उनके दो सुपुत्र अभिमन्यु गुप्ता एवं संजय जिंदल एक बिटिया रजनी गुप्ता ने जन्म लिया। उनकी प्रेरणा से अभिमन्यु गुप्ता ने समाज सेवा का संकल्प लिया जो आज भी निरंतर समाज के लिए निरंतर जन सेवा कर रहे है। आपने 58000 से ज्यादा मोतियाबिंद के ऑपरेशन करने का सौभाग्य प्राप्त किया है। उनके दामाद सुप्रसिद्ध उद्योगपति नरेंद्र गुप्ता फरीदाबाद से विधायक रह चुके है। आपका भरा पूरा परिवार समाज के लिए समर्पित भाव से सेवा कर रहा है। यज्ञ के यजमान संजय जिंदल एवं सुदेश जिंदल रहे यज्ञ में आर्य समाज के पूर्व प्रधान सुरेश जिंदल, प्रधान सतीश जिंदल, जिला सभा के मंत्री आर्य भूषण आर्य, अशोक अग्रवाल, एडवोकेट दीपक गोयल, गौरव आर्य, संतोष गुप्ता, प्रीति जिंदल, पूज्य माता रुक्मिणी देवी, डॉक्टर कमला अग्रवाल, मनोज मित्तल, विभोर जिंदल, रुद्र जिंदल उपस्थित रहे।

बड़ौत बागपत वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी सुधा तोमर धर्मपत्नी अनुज तोमर मलकपुर हाथ जोड़कर जनता से अपील करते हुए।

ट्रक की टक्कर से हेड कांस्टेबल हुए घायल अस्पताल में भर्ती, चालक मौके से हुआ फरार

समाज जागरण

बागपत। शहर में दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार हेड कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब हेड कांस्टेबल अपनी बाइक से बागपत से बड़ौत की ओर जा रहे थे। पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घायल हेड कांस्टेबल की पहचान दोघट थाने में तैनात रवि कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, हेड कांस्टेबल रवि कुमार को गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली बागपत पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण ट्रक की तेज रफ्तार और लापरवाही मानी जा रही है। कोतवाली बागपत पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सुचारु कराया।

स्थानीय लोगों ने दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण लगातार हो रहे हादसों पर चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से सख्त यातायात नियम लागू करने की मांग की है।

फर्जी दस्तावेजों पर भूमि के बैनामे का आरोप

समाज जागरण

कैराना। एक महिला ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूमि का बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरियाणा के बल्लभगढ़ की गर्ग कॉलोनी निवासी इमराना ने एसपी के आदेश पर स्थानीय कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि करीब ढाई वर्ष पूर्व उसके पति की मृत्यु होने के बाद वह अपने बच्चों के साथ बल्लभगढ़ रहने लगी थी। क्षेत्र के गांव भूरा के मजरा पहाड़ माजरा में उसकी 11 बीघा जमीन थी। 11 अगस्त 2023 को उसने जमीन अपनी छोटी बहन इसराना के ससुर जिंदा के नाम सात लाख बीघा की दर से इकरारनामा कर दिया था। स्टांप बचाने के लिए इकरारनामे में भूमि की कीमत सर्किल रेट के हिसाब से 22 लाख 50 हजार दशार्यी गई थी। बैनामा कराने की मियाद जनवरी 2025 रखी गई थी। लेकिन बाद में समय बढवाकर 30 मई 2025 कर दी गई थी। आरोप है कि जिंदा के बेटों जमशेद और शमशाद तथा शमशाद की पत्नी और उसकी बहन इसराना ने फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर बैनामा अपने नाम करा लिया। सब रजिस्ट्रार ऑफिस में उसके स्थान पर उसकी छोटी बहन इसराना को खड़ा कर दिया। जब वह गांव भूरा आई, तो उसे जानकारी हुई। उसकी बहन और बहनोई ने गाली–गलौज करते हुए धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीएसआईआर के भविष्य के रोडमैप की समीक्षा की

केंद्रीय मंत्री ने महत्वपूर्ण एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने के लिए सीएस आईआर के प्रयासों और योजना की सराहना की, इसका देश के विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ समग्र आर्थिक विकास पर प्रभाव पड़ेगा सीएसआईआर समीक्षा में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान को रोजगार, स्टार्टअप और सामाजिक लाभ में तब्दील होना चाहिए डॉ. जितेंद्र सिंह ने विकसित भारत विजन के अंतर्गत नवाचार-आधारित विकास को गति देने के लिए मिशन-मोड अनुसंधान पर बल दिया विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, प्रधानमंत्री कार्यालय, अंत रिक्ष विभाग और परमाणु ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने आज अनुसंधान भवन में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय मंत्री ने बैठक के दौरान महत्वपूर्ण एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने के लिए सीएसआईआर के प्रयासों और योजनाओं की सराहना की। इसका देश के विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ समग्र आर्थिक विकास पर प्रभाव पड़ेगा। सीएसआईआर की महानिदेशक और डीएसआईआर की सचिव एन. कलाइसेल्वी ने सीएसआईआर का दूरदर्शी रोडमैप प्रस्तुत किया। इसमें विकसित भारत की राष्ट्रीय परिक ल्पना के अनुरूप देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रमुख कार्यक्रमों और पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने मिशन-उन्मुख अनुसं धान, संस्थागत सुधारों और वैज्ञानिक परिणामों को प्रत्यक्ष सामाजिक और आर्थिक महत्व के परिणामों में परिवर्तित करने पर सीएसआईआर के फोकस को रेखांकित किया। प्रस्तुति का एक प्रमुख आकर्षण एयरोस्पेस से संबंधित परियोजनाएं थीं। डॉ. कलाइसेल्वी ने बताया कि महत्वपूर्ण एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में स्वदेशी क्षमताओं का निर्माण करने, रणनी तिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने और संवेदनशील डिजाइन और ज्ञान क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए एक मिशन-मोड कार्यक्रम की परिकल्पना की जा रही है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह योजना उच्च स्तरीय अनुसंधान और विकास को मजबूत करके, नवाचार-आधारित विकास को बढ़ावा देकर और रणनीतिक क्षेत्रों में बाहरी निर्भरता को कम करके देश के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए बनाई गई है। यह विकसित भारत की परिकल्पना के प्रमुख स्तंभ हैं।

केंद्रीय मंत्री महोदय ने सीएसआईआर की विभिन्न पहलों में हुई प्रगति की समीक्षा की और सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित अनुसंधान की प्रभाव शीलता, प्रासंगिकता और प्रभाव को और बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक कार्यक्रमों का मूल्यांकन और प्रचार-प्रसार वास्त विक दुनिया पर उनके प्रभाव के संदर्भ में किया जाना चाहिए, जिसमें रोजगार सृजन, उद्यमिता, औद्योगिक विस्तार और सामाजिक कल्याण, विशेष रूप से युवाओं के कल्याण में योगदान शामिल है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीएसआईआर के लिए एक विकेंद्रीकृत और सुव्य वस्थित संचार रणनीति के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सलाह दी कि देश भर में सीएसआईआर की 37 प्रयोगशालाओं को मीडिया, हितधारकों, उद्योग और स्थानीय समुदायों के साथ सीधे जुड़कर अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ध्यान केवल तकनीकी विवरणों तक सीमित रहने के बजाय, इस बात पर होना चाहिए कि प्रयोगशाला-आधारित नवाचार जमीनी स्तर पर किस प्रकार ठोस लाभ में परिवर्तित हो रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता पर स्टार्टअप, प्रौद्यो गिकी तैनाती, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय प्रभाव से संबंधित सफलता की कहानियों पर अधिक जोर देने का आह्वान किया। ताकि वैज्ञानिक अनुसंधान के मूल्य को लोगो और नीतिगत हितधारकों द्वारा समान रूप से बेहतर ढंग से समझा जा सके।

मारपीट के मामले में मुकदमा

समाज जागरण

कैराना। मारपीट करने के मामले में पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। गांव बराला कुकरहेडी निवासी मुस्तफा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार सुबह करीब नौ बजे वह घर के बाहर नाली साफ कर रहा था। आरोप है कि तभी कंवर व उसका पुत्र सोनू उसके साथ गाली–गलौज की। इसके अलावा सोनू व जमालु ने उसके एवं उसकी मां जमीला तथा सास बिलकिस के साथ मारपीट की। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

नीति आयोग ने त्रैमासिक प्रकाशन ट्रेड वॉच क्वार्टरली का पांचवां संस्करण जारी किया

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) के लिए 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' का नवीनतम संस्करण 6 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में जारी किया। डॉ. अरविंद विरमानी ने कहा कि ट्रेड वॉच क्वार्टरली का नवीनतम संस्करण बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के व्यापार प्रदर्शन का व्यापक और आंकड़ों पर आधारित मूल्यांकन प्रस्तुत करता है। इसमें भारत के ऑटोमोटिव निर्यात की संरचना और प्रतिस्पर्धात्मकता पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रकाशन में भारत के व्यापार स्वरूप में उभरते संरचनात्मक बदलावों का उल्लेख है, जिनमें प्रौद्योगिकी-प्रधान निर्यातों का बढ़ता योगदान, सेवा क्षेत्र समर्थित विकास में निरंतर मजबूत वृद्धि और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में गहन एकीकरण दर्शाने वाले आयात संरचना में परिवर्तन शामिल हैं। इसके अलावा, यह त्रैमासिक अंक विषयगत खंड, भारत के ऑटोमोटिव निर्यात पर केंद्रित है। इसमें वैश्विक मांग का स्वरूप, वाहनों और ऑटो घटकों में भारत का निर्यात, टैरिफ संरचनाएं, अंतर-उद्योग व्यापार और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भागीदारी का विश्लेषण दिया गया है और प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात बढ़ाने की प्रमुख चुनौतियों और नीतिगत प्राथमिकताओं की पहचान की गई है। इस त्रैमासिक अंक का केंद्रित विषय भारत का मोटर वाहन निर्यात है, जो वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है, साथ ही घरेलू उत्पादन क्षमता भी मजबूत होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। भारत ने ऑटो कलपुर्जों और मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। यह देश की बढ़ती विनिर्माण क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता दशार्ती है। वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में बढ़ते एकीकरण और विकसित और उभरते बाजारों में व्यापक निर्यात उपस्थिति के साथ, मोटर वाहन क्षेत्र निरंतर मूल्य श्रृंखला एकीकरण, बेहतर लॉजिस्टिक्स और वैश्विक मांग के साथ तालमेल द्वारा और अधिक विस्तार पा रहा है। भारत ने मोटर वाहन निर्यात बाजार के कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बढ़ते 2.2 ट्रिलियन डॉलर के वैश्विक ऑटोमोटिव निर्यात बाजार में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के अभी पर्याप्त अवसर मौजूद हैं।

वैश्विक ऑटोमोटिव निर्यात में भारत के निर्यात और हितधारकों के साथ परामर्श पर आधारित विश्लेषण में प्रतिस्पर्धात्मकता, वैश्विक स्थिति, द्विपक्षीय व्यापार मजबूत करने और उच्च मांग वाले क्षेत्रों की ओर उत्पादन निर्देशित करने के विशिष्ट नीतिगत उपाय सुझाए गए हैं।

बर्फ निर्माण के सुपरकंप्यूटर सिमुलेशन से पानी की विरोधाभासी घटना के प्रमाण मिलते हैं



वैज्ञानिकों ने पानी के उस लंबे समय से चले आ रहे विरोधाभास को समझने के लिए सुपरकंप्यूटर-संचालित पहले सिमुलेशन विकसित किया हैं, जो वैज्ञानिकों को लंबे समय से परेशान कर रहा था - गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में तेजी से जमता है। इसे तकनीकी रूप से एमपीईएमबीए प्रभाव कहा जाता है। जर्नल कम्युनिकेशन फिजिक्स में प्रकाशित यह शोध, तापमान में अचानक परिवर्तन के कारण पदार्थों के शिथिलन जैसी घटनाओं में नई अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है। इसे तकनीकी रूप से गैर-संतुलन घटनाएँ कहा जाता है और साथ ही यह विभिन्न अनुप्रयोगों को जन्म दे सकता है, जैसे कि अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रॉनिक्स में थर्मल नियंत्रण को एक नया दृष्टिकोण देना या बेहतर कूलिंग रणनीतियों को परिभाषित करना। अरस्तू ने अपने ग्रंथ 'मेटरोलॉजिकल' में लिखा है, "पानी के पहले से गर्म होने के कारण वह जल्दी जम जाता है।" समय के साथ भुला दी गई इस घटना को पिछली शताब्दी में एरास्टो मपेम्बा ने पुनः खोजा था। इनके नाम पर अब इसका नाम रखा गया है। तब से इसे समझने और यह पता लगाने में काफी रुचि रही है कि क्या यह प्रभाव केवल पानी में होने वाले चरण संक्रमणों तक ही सीमित है। यद्यपि हाल ही में यह दिखाया गया है कि यह प्रभाव कई अन्य प्रणालियों में भी चरण संक्रमणों के दौरान प्रकट होता है, फिर भी इसकी समझ काफी हद तक अस्पष्ट बनी हुई है। इसके अलावा दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में पानी का मामला प्रायोगिक स्तर पर भी विवादास्पद हो गया है। पानी सिमुलेशन की जटिल प्रकृति के कारण, इस विवाद को सुलझाने के लिए कोई भी कम्प्यूटेशनल अध्ययन उपलब्ध नहीं है। चित्र 1 : जल के टी आई पी 4 पी/आइस मॉडल, 2डी लेनार्ड जोन्स मॉडल और पॉट्स मॉडल में चरण संक्रमणों के स्नैपशॉट विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र (जेएनसीएएसआर) के शोधकताओं ने सुपरकंप्यूटरों का उपयोग करके बर्फ निर्माण का पहला सिमुलेशन विकसित किया है, जो पानी के म्पेंबा प्रभाव को साबित करता है और यह भी दशार्ता है कि यह पानी के अलावा अन्य प्रणालियों में तरल से ठोस संक्रमण के दौरान भी प्रकट हो सकता है। उन्होंने समझाया है कि जब पानी ठंडा होता है, तो असली बर्फ बनने से पहले वह अल्पकालिक आणविक व्यव स्थाओं की मध्यवर्ती अवस्थाओं में फंस सकता है। अलग-अलग प्रारंभिक तापमानों पर यह अवस्थाएँ अलग-अलग समय तक बनी रहती हैं। गर्म पानी कभी-कभी बर्फ के निर्माण की प्रक्रिया (न्यूक्लिएशन) के लिए एक तेज मार्ग "चुन" सकता है। इससे ठंडे पानी में होने वाली देरी से बचा जा सकता है।

इस बात की अब तक की सबसे अच्छी व्याख्या कि "गर्म ठंडी की तुलना में तेजी से क्यों जम सकता है" संतुलित भौतिकी की दुनिया में एक महत्वपूर्ण कदम है।

घने कोहरे से आमजन का जीवन हुआ प्रभावित, शीत लहर ने बढ़ाई मुश्किलें

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) सर्दी के मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बर्फ बारी हो रही हैं। वहीं पर्यटक सर्दी का आनंद ले रहे है बर्फबारी होने से मैदानी क्षेत्रों में शीत लहर चलने लग गई है आमजन आलाओ का सहारा ले रहे हैं। हाड कपा देनी वाली सर्दी छोटे बच्चों व बुजुर्गों के लिए परेशानी का सामना कर रहे है लोग गर्म खाद्य पदार्थ का सेवन कर रहे है ताकि सर्दी से कुछ राहत मिल सके शहर में प्रशासन की ओर से रनबसेरा कि सुविधा दी गई। है रात्रि के समय मुसाफिर रनबसेरा में ठहर सकता है। सर्दी से बचने लिए गर्म कपड़े पहनें ओर बिना कार्य के घर से बाहर ना जाऐ'

घने कोहरे के कारण सड़क पर वाहन रेगते हुऐ नजर आ रहे है। घने कोहरे के कारण पारदृश्यता में कमी आई है। घने कोहरे से जहां आमजन जीवन प्रभावित हुआ है वहीं किसानों के चेहरे खिले हुऐ है। इसे गेंहू व सरसों की फसल को अधिक लाभ मिल रहा है। प्रशासन कि ओर से निर्देश जारी किए गए है। इस मौसम में बिना कार्य के घर से ना निकले अति जरूरी है तो गर्म वस्त्र पहनकर ही घर से निकले'

HTET मामले में युवा जेजेपी ने राज्यपाल के नाम डिप्टी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

- संदेहास्पद परिस्थितियाँ, परिणाम में बदलाव पर भड़की जजपा

- चैयरमेन समेत तमाम दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

समाज जागरण अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (HTET) के वर्ष 2024 के परिणामों को लेकर गंभीर अनियमितताएँ एवं संदेहास्पद परिस्थितियाँ सामने आई जिसके विरोध में जननायक जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र पहुंचकर नारेबाजी की व महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राजेश पायलट ने प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया जबकि अध्यक्षता युवा जेजेपी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खेहरा एवं जिला प्रभारी सूर्य प्रताप राठौर ने की।

युवा जेजेपी के बैनर तले युवाओं ने नारेबाजी की व दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करी ।

राजेश पायलट ने कहा कि यह अनियमितता जो परीक्षा की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। जब HTET परीक्षा का परिणाम पूर्ण रूप से तैयार हो चुका था, तब उसे अचानक रिकॉल क्यों किया गया? इसके पीछे क्या कारण थे, यह आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। राजेश पायलट ने कहा कि परीक्षा परिणाम जारी करने हेतु एक पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (PSU) को कार्य सौंपा गया, जबकि उक्त संस्था को इस प्रकार के परीक्षा परिणाम तैयार

करने का कोई पूर्व अनुभव नहीं था। कृपया स्पष्ट किया जाए कि किस आधार एवं किन मानकों पर उस ढरव का चयन किया गया।

युवा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खैरा ने हैरानी जताते हुए कहा कि यह तथ्य अत्यंत चौंकाने वाला है कि प्रथम बार में परिणाम मात्र 30 दिनों में तैयार हो गया था, किंतु पुनः परिणाम तैयार करने में 110 दिन क्यों लग गए? इस अत्यधिक विलंब के लिए कौन जिम्मेदार है?

उन्होंने कहा कि नए घोषित परिणाम में त्रुटि के मार्जिन के आधार पर 1284 नए अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण घोषित कर दिया गया, जबकि इन अभ्यर्थियों का परिणाम हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर भी जारी नहीं किया गया। इन अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक प्रक्रिया भी पूरी नहीं की गई। अतः इन सभी अभ्यर्थियों के रोल नंबर सार्वजनिक किए जाएँ।

जिला प्रभारी सूर्य प्रताप राठौर ने बताया कि जानकारी के अनुसार, बोर्ड के तत्कालीन सचिव द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने की स्वीकृति हेतु फाइल बोर्ड चेयरमैन को भेजी गई थी, किंतु चेयरमैन द्वारा उसे पुनः बोर्ड को लौटा दिया गया। इतना ही नहीं, सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से बोर्ड सचिव को बदल भी दिया गया। जबकि प्रक्रिया के अनुसार कैमरे की निगरानी में परिणाम तैयार किया जा चुका था बायोमेट्रिक उपस्थिति पूरी थी, सिक्योरिटी ऑडिट सम्पन्न हो चुका था, सिक्रेसी ब्रांच एवं तीन प्रमाणित एजेंसियों द्वारा परिणाम को स्वीकृति दी जा चुकी थी, तथा सचिव द्वारा निष्कर्ष निकालकर चेयरमैन कार्यालय को परिणाम जारी करने हेतु भेज दिया गया था, तो ऐसे में परिणाम को रिकॉल करने का औचित्य क्या था?

उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसी भी अभ्यर्थी को अपनी डटफशीट प्राप्त करने हेतु दो वर्षों का समय दिया जाता है। परंतु HTET 2024 के नए परिणाम की प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को केवल 10 दिनों की अवधि ही प्रदान की गई। हरियाणा सरकार यह स्पष्ट करे कि क्या डटफ शीट्स को नष्ट कर दिया गया है? यदि ऐसा किया गया है, तो यह माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का सीधा उल्लंघन है तथा एक अत्यंत गंभीर धांधली का विषय है।

जजपा प्रतिनिधि मंडल के नेताओं का कहना था कि वर्तमान बोर्ड चेयरमैन पवन शर्मा पर पूर्व में OPJS विश्वविद्यालय में अनियमितताओं एवं बिना अनुमति पाठ्यक्रम संचालित करने जैसे गंभीर आरोप लग चुके हैं, जिनकी शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय तक भी की जा चुकी है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि हरियाणा सरकार की ऐसी क्या मजबूरी थी कि उन्हें इस अत्यंत संवेदनशील एवं जिम्मेदारीपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया।

युवा जेजेपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़े इस अति संवेदनशील मामले में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) द्वारा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जाँच कराई जाना अत्यंत आवश्यक है। हम महामहिम राज्यपाल महोदय से निवेदन करते हैं कि इस गंभीर विषय का संज्ञान लेते हुए HTET परीक्षा परिणाम में हुई धांधली की CBI जाँच कराने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने की कृपा करें, जिससे सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो अन्यथा युवा जेजेपी शांति से नहीं बैठेगी व सरकार की ईंट से ईंट बजा कर दम लेगी।

इस मौके पर हिमांशु सुरखपुर, मयंक सैनी, मनदीप भी मौजूद रहे।

108 पानी से भरे घड़ों से प्रति दिन भौरकाल 4 बजे प्रारंभ होती है तपस्या

- जलधारा तपस्या बाबा गुसाईं धाम बिधनोई के बाल योगी तपस्वी महंत दिवाली नाथ द्वारा सुख समृद्धि अमन शांति एवं समाज कल्याण के लिए पिछले एक महीने से जारी है

- जलधारा तपस्या 31 दिन में प्रवेश कर गई है और 20 जनवरी तक रहेगी जारी

समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)

बहल, 6 जनवरी। सर्द हवाओं में जलधारा व जून की हरे पेड़ों को झूलसा देने वाली तपिश में पंच धुणी तपस्या करके बाल योगी तपस्वी महंत दिवाली नाथ की साधना सामाजिक भाईचारे, अमन-शांति और जनकल्याण को तपस्या राष्ट्र की खुशहाली को समर्पित होती है। माघ माह (जनवरी) की सर्दी किसी जीव प्राणी के लिए बेबस सी होती हैं और सहन करना बड़ी ही मुश्किल भरी होती है। यह सर्दी व सर्द हवाएं न केवल हाड़ कंपा देने वाली होती है, बल्कि पानी को जमा देने वाली होती है। ऐसे में भौरकाल की हवाऐं पारे को जमाव बिंदु तक पहुंचा ले जाती हो, खुले वन क्षेत्र के खुले वातावरण में जलधारा की तपस्या

बिधनोई के दादा गुसाई धाम के बाल योगी तपस्वी महंत दिवाली नाथ जलधारा तपस्या के दौरान सेवक घड़े पानी की धारा की बयार डालते हुए।

महायोग व संकल्प को समर्पित होती हैं। ऐसी ही जलधारा तपस्या बाबा गुसाईं धाम बिधनोई के बाल योगी तपस्वी महंत दिवाली नाथ द्वारा सुख समृद्धि अमन शांति और समाज कल्याण के लिए पिछले एक महीने से जारी है। 108 पानी से भरे घड़ों से प्रति दिन भौरकाल 4 बजे प्रारंभ होती है और दर्जन सारे भक्त जल धाराएं महंत पर करतें हैं। जलधारा तपस्या 31 दिन में प्रवेश कर गई है और 20 जनवरी तक जारी रहेगी। 20 जनवरी को तपस्या संपूर्ण होने पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महंत बाबा दिवाली नाथ ने बताया की उनकी यह जलधारा तपस्या के साथ खड़ेश्वरी तपस्या भी है। मैं तो नहीं अभी होता है कि उन्होंने समय-समय पर मौन व्रत अग्नि तपस्या पांच धोना तपस्या भी करते रहे हैं। एक साधु की तपस्या राष्ट्रवाद समाज कल्याण में होती है और यह उसे साधु के लिए किसी सौभाग्य से काम नहीं होती। साधु जहां धर्म कल्याण के रक्षक होते हैं। वही वह राष्ट्र के प्रति भी ऐसी तपस्याएं कर जनकल्याण को समर्पित व संकल्पित होती हैं। उन्होंने बताया कि हर दिन गांव व क्षेत्र के सेवक भी उसकी तपस्या में अपना समय देकर पुण्य के भागीदार बन रहें हैं। सेवक अल सुबह जाड़े के सुबेरे में गुसाईं धाम पहुंच 108 घड़ों की जलधाराओं से अपनी सेवाएं कर रहें हैं। इस में राजवीर श्योराण, संजू पेंटर, सुमेश तानिया, हरीश बागान, राजकुमार धनिया, अजीत धनिया, सोनू पेंटर, राजेश धानिया, साहिल खनगवाल, नसीब कुमार, प्रियांशु, आदर्श, मा. सूबे सिंह आदि शामिल हैं।

प्रदेश में भ्रष्टाचार के साथ अपराध का ग्राफ आसमान छू रहा है : पूर्व विधायक चौधरी सोमवीर सिंह

समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)

बहल, 6 जनवरी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक चौधरी सोमवीर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारें कांग्रेस के नेताओं भला-बुरा कहने, आपसी भाईचारे को खत्म करने और कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बदलने के सिवाय और कुछ नहीं किया। यदि कुछ किया ही होता तो आज भारतीय अर्थव्यवस्था पर संकट के बादल ना मंडराते होते। गिरते रुपया की साख बचाने को विदेशी मुद्रा को बचा रहा है और चढ़ता कर्ज का बोझ देश के लोगों को महंगाई से उभरने नहीं दे रहा है। देश में संविधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग व संविधान में भाजपाइयों को कोई विश्वास नहीं। पूर्व विधायक मंगलवार को हल्के के गांवों में कांग्रेस कार्यकताओं से रूबरू होने व कई गांवों के परिवारों में व्याप्त शोक जताने के बाद यहां पत्रकारों से वार्ता के दौरान यह विचार व्यक्त किए और मौजूदा हालातों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि भाजपा के देश को आर्थिक शक्ति बनाने के ढकोसले ने दिवाला निकाल छोड़ा है और सरकार ने 350 लाख करोड़ की विदेशी मुद्रा बेचकर साख बचाने का प्रयास कब तक किये जाते रहेंगे। सरकार को ऐसे हालातों को सार्वजनिक करने चाहिए। ताकि लोग देश हित में सरकार के साथ खड़े हो सकें। लेकिन किया विपरित जा रहा है। देश में हर चीज महंगी और लोगों की जेबों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से बेहिसाब टैक्स वसूला जाकर भी रूपए की गिरावट को नहीं रोका जा सका है। ऐसे में देश व प्रदेश का युवा रोजगार को तरसा, मेहनत कस वर्ग दो हाथ के काम को तरसा, व्यापारी भाव को, उद्योग उत्पाद को,

बीमार अस्पताल को, छात्र वर्ग शिक्षा को, किसान खाद व भाव को तथा कर्मचारी वर्ग अपने हितों के लिए संघर्ष कर रहा और भाजपाई कहते हैं देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का किसान कृषि खाद उर्वरकों के लिए पिछले 11 साल से सरकार ने लाइनों में खड़ा करके रखा है। खाद उर्वरकों के भाव दुगणे व तिगुने तक बढ़ाएं गए हैं। बावजूद इसके समय पर कोई भी खाद किसान को नहीं मिल है। जिसका सीधा-सीधा असर किसान की खेती पर और आर्थिक तंगी के लिए जिम्मेवार है। आज भी किसान खाद के लिए मारामारी झेल रहा है। पूर्व विधायक सोमवीर सिंह ने बताया कि आज डालर के मुकाबले 90 रूपया तक के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़क चुका है, जो लगातार गिरावट दर्शाता है। यह स्तर न केवल मनोवैज्ञानिक रूप से डरावना है, बल्कि आम आदमी की जेब पर सीधा असर डाल रहा है। उन्होंने ने बताया कि पेट्रोल-डीजल महंगे, आयातित सामान की कीमतें आसमान छू रही हैं, और महंगाई का ग्राफ चढ़ता ही जा रहा है। बावजूद इससे देश का कर्ज वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक केंद्र सरकार का कर्ज 196.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। जो पिछले साल के 181.74 लाख करोड़ से 15 लाख करोड़ ज्यादा है। गैर देश की आर्थिक स्थिति के लिए बड़ा खतरा है। पूर्व विधायक ने कहा कि युवाओं का देश कहलाने वाले देश का युवा पिछले साढ़े 11 में सरकार की नीतियों से पीस रहा है। युवाओं को देश की आर्थिक व्यवस्था पर मंथन करने की जरूरत है और करना भी चाहिए और इस व्यवस्था से ऊपर आने के लिए सरकार की नीतियों का कच्चा चिट्ठा लोगों के सामने लाने की भूमिका निभाने की जरूरत है। उन्होंने प्रदेश सरकार की नीतियों व योजनाओं पर भी तंज कसते और कहा कि जब भ्रष्टाचार जीरो टालरेंस की बात की जाती है। तो हर रोज भ्रष्टाचार की संलिप्तता में सरकार के अधिकारी कर्मचारी क्यों ही पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट करते हुए बताया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के साथ अपराध का ग्राफ आसमान छू रहा है। पूर्व विधायक ने कुछ राजनीतिक नेताओं के गैर जिम्मेदाराना बयानों पर कहा कि उन लोगों को के पास बयान देने की सिवाय कुछ बचा नहीं है और खुद सत्ताधारी पार्टी की मदद करते हैं और दोषारोपण कांग्रेस पर करते हैं। उनकी हमेशा से ऐसी फिजा रही है। वैसे भी ऐसे नेताओं के बयानों का जनता महत्वहीन समझती है और राजनीतिक फायदे के लिए कुछ भी बोलना आदतों में शुमार रहा है।

किसान नेता बिजेंद्र हरियावास के बड़े भाई स्व.महासिंह की धर्मपत्नी भानी देवी का असमय निधन

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।(महेन्द्र जावला बहल)

बहल, 6 जनवरी। किसान नेता बिजेंद्र हरियावास के बड़े भाई स्व.महासिंह की धर्मपत्नी भानी देवी का सोमवार को असमय निधन हो गया है। 60 वर्ष दिवंगत मानी देवी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं। उनके निधन पर क्षेत्र के विभिन्न राजनेताओं, किसान व सामाजिक संगठनों के नेताओं ने शोक स्वरूप गहरा शोक व्यक्त किया और शोकाकुल को उनके आवास गांव हरियावास पहुंच ढांढस बंधाने व सांत्वना देने वालों का तांता लगा है। भानी देवी के निधन पर प्रदेश व दूसरे राज्यों के किसान नेता भी शोक जताने उनके आवास पहुंच रहें हैं।

ड्यूटी के दौरान समर्पण- तत्परता दिखाने हेतु 14 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो,6 जनवरी :उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा मंगलवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि फिरोजपुर मंडल में नवम्बर 2025, दिसम्बर 2025 एवं जनवरी 2026 माह की अवधि के दौरान सुरक्षित रेल संचालन में योगदान देने वाले 14 रेलकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहा गया और अपनी सूझबूझ व तत्परता से रेल संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उनको संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मंडल के विभिन्न विभाग के कर्मचारियों की सजगता,

सतर्कता और सुरक्षा के प्रति समर्पण को दशार्ता है।श्री गुरमीत सिंह जूनियर इंजिनियर, श्री विकाश कुमार तकनीशियन-क, श्री सूर्य कुमार केसरी सीनियर सेक्शन इंजिनियर, श्री सचिन कुमार कांटेवाला, श्री अवधेश कुमार यादव तकनीशियन-क श्री भवानी सिंह स्टेशन मास्टर, श्री यशोदानंद कुशवाहा ट्रेन मेनेजर, श्री संदीप कुमार गेटमैन, श्री राकेश सैनी तकनीशियन-क श्री गुरमीत सिंह कांटेवाला, श्री अमर रावत कांटेवाला, श्री बूटा सिंह कांटेवाला, श्री रवि गेटमैन और श्री लखबीर सिंह ट्रैक मैन्टेनर को ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, पटरियों के रखरखाव तथा यात्रियों की सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने कहा कि यह सम्मान इन कर्मचारियों के अच्छे कार्य एवं प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे प्रेरित होकर मंडल के अन्य कर्मचारी भी प्रेरित होंगे तथा सजगता से ड्यूटी का अनुपालन करेंगे। इसी तरह, भविष्य में भी फिरोजपुर मंडल में सुरक्षा मानकों को बनाए रखने की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री नितिन गर्ग, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय श्री सुमित खुल्लर, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री रोहित वर्मा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता श्री भूपेंद्र, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री गुरुशरण पाठक, मंडल अभियंता /प्रधान कार्यालय श्री आकाशदीप सिंह तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बठिंडा में टारगेटेड किलिंग टली गई; अर्श डल्ला गैंग से जुड़े 3 लोग 4 पिस्तौल के साथ पकड़े गए

गिरफ्तार आरोपियों में से 1 कनाडा से प्लान की गई शूटिंग को अंजाम देने आया था: डीजीपी गौरव यादव

(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो, 6 जनवरी :मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निदेर्शों के अनुसार पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रहे अभियान के बीच, काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा ने बठिंडा पुलिस के साथ मिलकर अर्श डल्ला गैंग से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके एक टारगेटेड किलिंग को टाल दिया है और चार अवैध पिस्तौल के साथ चार मैगजीन और 26 ज़िंदा कारतूस बरामद किए हैं, यह बात पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को यहां कही। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान कुलदीप सिंह, जो बठिंडा के गिल पट्टी का रहने वाला है और फिलहाल कनाडा में रह रहा है; गुरविंदर सिंह, जो बठिंडा के कोटशमीर का रहने वाला है; और गगनदीप सिंह, जो बठिंडा के भोखरा गांव का रहने वाला है, के रूप में हुई है। बरामद पिस्तौल में एक ग्लॉक, एक जीगाना, एक .30 बोर पिस्तौल और एक .32 बोर पिस्तौल शामिल है। चार पिस्तौल बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक

हुंडई वर्ना कार भी जब्त की है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि शुरूआती जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी एक टारगेटेड किलिंग को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक कुलदीप सिंह हाल ही में कनाडा से बठिंडा खास तौर पर प्लान की गई शूटिंग को अंजाम देने आया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बठिंडा अमनीत कोंडल ने कहा कि पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने गैंग के बीच चल रही दुश्मनी में अपनी संलिप्तता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बठिंडा के थर्मल पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज की गई है, और आगे की जांच चल रही है ताकि आगे और पीछे के कनेक्शन का पता लगाया जा सके। ऑपरेशन की जानकारी देते हुए, एआईजी सीआई बठिंडा अवनीत कौर सिद्धू ने कहा कि सीआई बठिंडा को विश्वसनीय सूत्रों से खास जानकारी मिली थी कि अर्श डल्ला गैंग से जुड़े शूटरों के पास अवैध हथियार हैं और उन्होंने एक टारगेटेड किलिंग को अंजाम देने की साजिश रची है। जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, ही आई बठिंडा की एक टीम ने जिला पुलिस बठिंडा के साथ मिलकर गोनियाना रोड पर सुच्चा सिंह नगर के पास नाका लगाया और आरोपियों को गिरफ्तार किया, उन्होंने आगे कहा। इस संबंध में, बठिंडा के थर्मल पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत केस नम्बर 3, तारीख 05.01.2026 को रजिस्टर किया गया है।

328 पवित्र स्वरूपों के मामले' में श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का पालन किया जा रहा है – शिरोमणि कमेटी अधिकारी

कहा आप नेताओं के बेबुनियाद बयान सिख संस्था को खत्म करने वाले

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो,6 जनवरी :शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने साफ किया है कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 पवित्र स्वरूपों के मामले में श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों के अनुसार, शिरोमणि कमेटी पुलिस प्रशासन को किसी भी तरह का सहयोग नहीं देगी और न ही कोई रिकॉर्ड दिया जाएगा। यहां आज सर्वोच्च कमेटी के सचिव श्री. प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक के बाद जारी बयान में 'पूरे मामले' पर सिख संगठन का रुख साफ किया गया और कहा गया कि श्री अकाल तख्त साहिब की जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ शिरोमणि कमेटी द्वारा कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इस मामले पर श्री अकाल तख्त साहिब का आदेश सिख संगठन के लिए अंतिम है, जिसके अनुसार सरकार को कोई सहयोग नहीं दिया जा सकता।

सर्वोच्च कमेटी के सचिव एस. प्रताप सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र स्वरूपों की भेंट का निजी फायदे के लिए इस्तेमाल करने और रिकॉर्ड में हेरफेर करने में तीन कर्मचारी सीधे तौर पर शामिल थे। कंवलजीत सिंह, एस. बाज सिंह और एस. दलबीर सिंह थे। अपने लालच के लिए उन्होंने शिरोमणि कमेटी की पूरी व्यवस्था को बदनाम किया। शिरोमणि कमेटी के नियमों के अनुसार, जब श्रद्धालु या गुरुद्वारा कमेटी पवित्र स्वरूपों की मांग करते हैं, तो नियमों के अनुसार, प्रचारक की जांच रिपोर्ट और शिरोमणि कमेटी के सदस्यों की सिफारिश के बाद सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा मंजूरी दी जाती है। इसके बाद, पवित्र स्वरूप देते समय, भेंट जमा करने के बाद एक रसीद काटी जाती है और इसे रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता है। इस प्रक्रिया की अनदेखी करके, प्रकाशन विभाग में तैनात तत्कालीन कर्मचारियों ने इस जिम्मेदारी को पूरा नहीं किया। इस प्रकार, चूंकि वे सीधे तौर पर दोषी थे, इसलिए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई और इसके साथ ही कई वरिष्ठ अधिकारियों को प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सिख संगठन सिख गुरुद्वारा अधिनियम की भावना के अनुसार काम करता है और इसमें काम करने वाले हर कर्मचारी की अपनी निर्धारित जिम्मेदारियां होती हैं। अगर

उनमें से कोई भी बात नहीं मानता है, तो संगठन को सर्विस नियमों के अनुसार उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का अधिकार है। शिरोमणि कमेटी के अधिकारियों ने पंजाब सरकार चला रही आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा दिए गए बेबुनियाद बयानों को सिख संस्था को बदनाम करने की जानबूझकर की गई हरकत बताया। एस. प्रताप सिंह ने कहा कि शिरोमणि कमेटी पूरे सिख समुदाय की है और इसका झूठा प्रचार सिखों की एक सम्मानित संस्था को नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता श्री बलतेज पन्नू मीडिया से बात करते समय यह ध्यान नहीं रख रहे हैं कि उनकी बातें किसी भी तरह से तर्कसंगत नहीं हैं। मनमाने बयानों से सिख संस्था की परंपराओं और गरिमा को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पवित्र स्वरूप निर्धारित नियमों के अनुसार संगत को दिया जाता है। अअढ नेता का यह बयान कि शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष के पास पवित्र स्वरूपों के बारे में एक डायरी है, लोगों में भ्रम पैदा करने वाली बात है। डायरी वगैरह के बारे में जैसा प्रचार किया जा रहा है, वैसा कोई कानून नहीं है। श्री, जिन्होंने प्रकाशन विभाग में अलग-अलग समय पर इंचार्ज और सहायक सचिव के रूप में काम किया। गुरिंदर सिंह, एस. गुरनाम सिंह और एस. मनजीत सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सम्मान को ध्यान में रखते हुए, पवित्र स्वरूप देने के लिए डायरी या पर्ची का कोई प्रावधान नहीं है। पवित्र स्वरूपों की रिकॉर्डिंग केवल विभागीय लेजर में की जाती है और चढ़ावे के लिए रसीद जारी की जाती है।

शिरोमणि कमेटी के अधिकारियों ने अपील की कि सरकार को सीधे शिरोमणि कमेटी को 'निशाना' बनाने से बचना चाहिए क्योंकि श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा की गई जांच के अनुसार, इस 'गंभीर मामले' पर सिख संगठन द्वारा कार्रवाई करने में कोई ढिलाई नहीं बरती गई थी। उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट किया कि इस मामले में श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों के अनुसार, शिरोमणि कमेटी द्वारा सरकार और पुलिस प्रशासन को कोई समर्थन नहीं दिया जा सकता है, जिसके बारे में सरकार को समझना चाहिए। इस अवसर पर, शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह, बलविंदर सिंह कहलवान, ओएसडी सतबीर सिंह धामी, अतिरिक्त सचिव। गुरिंदर सिंह मथरेवाल, बिजय सिंह, निजी सचिव। शाहबाज सिंह, श्री दरबार साहिब के प्रबंधक। भगवंत सिंह धंगेरा, सहायक सचिव, जसविंदर सिंह जस्सी, गुरनाम सिंह, बलविंदर सिंह खैराबाद, मंजीत सिंह तलवंडी, हरभजन सिंह स्पीकर, अधीक्षक निशान सिंह, प्रचार सहायक। जगतार सिंह खोदेबेट आदि मौजूद थे।

पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल (रजि.) की नई कार्यकारिणी जल्दी घोषित की जाएगी : प्रधान अमित कपूर

(मन्नू पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

चंडीगढ़,7 जनवरी : पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल (रजि) के प्रांतीय अध्यक्ष अमित कपूर ने संगठन में संरचनात्मक सुधार और नई ऊर्जा के संचार के उद्देश्य से नई राज्य कार्यकारिणी जल्दी घोषित की जा रही हैं। अध्यक्ष अमित कपूर ने कहा कि "व्यापार मंडल व्यापारियों की आवाज और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध संगठन है। बदलते समय, व्यापारिक चुनौतियों और संगठनात्मक सक्रियता को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि कार्यकारिणी में नए नेतृत्व, नई सोच और जमीनी स्तर पर काम करने वाले साथियों को अवसर दिया जाए। इसी दिशा में मौजूदा कार्यकारिणी को

व्यक्तिगत फाइल फोटो पूर्व विधायक

भंग किया गया था ।"उन्होंने आगे कहा कि "नव वर्ष में एक मजबूत, पारदर्शी और सक्रिय नई कार्यकारिणी का गठन बहुत जल्दी किया जाएगा, जिसमें पंजाब के सभी ज़िलों और व्यापारिक वर्गों का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का व्यापारियों के प्रति लगन व कार्य अच्छी रही हैं उन्हें पुनः कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा और जिन लोगों का व्यापारियों के प्रति कोई लगाव नहीं दिखाई दिया उनकी जगह अन्य व्यापारियों को कार्य करने का अवसर दिया जाएगा।यह नई टीम व्यापारियों के हितों, भ्रष्टाचार के विरोध और व्यापारिक सुधारों के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगी।" अमित कपूर ने यह भी स्पष्ट किया कि नई कार्यकारिणी का गठन व्यापारियों की उम्मीदों और वर्तमान आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर किया जाएगा, ताकि संगठन और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सके।

समाजवादी पार्टी का आरोप, जिले में फ्लोरोसिस से 3 महीने में 7 मौतें, 'हर घर जल नल' योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेट

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। जिले में 'हर घर जल नल' योजना अब तक शुरू नहीं हो पाई है, जिसके कारण स्थानीय लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। पिछले तीन महीनों में फ्लोरोसिस नामक बीमारी से सात लोगों की मौत हो चुकी है। समाजवादी पार्टी ने जिले में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए तत्काल योजना शुरू करने की मांग की है। जिले के साथ-साथ कई नगरों में भी दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे विभिन्न संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। सोनभद्र के कोन ब्लॉक स्थित कचनरवां ग्राम सभा के कई गांवों में यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। फ्लोरोसिस से ग्रसित लोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। सरकारी रिकॉर्ड में इन मौतों का कारण सामान्य बीमारी या कमजोरी बताया जाता है। सरकार इन मौतों को फ्लोरोसिस से जोड़कर नहीं देखती है। इन मामलों में न तो पोस्टमार्टम में फ्लोरोसिस को मौत का कारण बताया जाता है और न ही पीड़ित परिवारों को कोई सहायता मिलती है। समाजवादी जिला सचिव प्रमोद यादव के अनुसार पिछले तीन माह में जिन सात लोगों की मौत हुई है, उनमें कलायती, मनोहर चेरो, रघुवीर चेरो, संजय चेरो, बुद्धम धांगर और लक्ष्मी चेरो जैसे नाम शामिल हैं। ये सभी कचनरवां ग्राम सभा के निवासी थे। समाजवादी पार्टी, सोनभद्र ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनपद में 'स्वच्छ जल हर घर जल नल' योजना को तत्काल प्रभाव से चालू कराया जाए, ताकि आम जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा। पार्टी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर 'हर घर जल नल' योजना का प्रचार तो कर रही है, लेकिन गांवों और शहरों में यह योजना पहुंच नहीं पा रही है। जिले के कचनरवां इलाके में फ्लोराइड युक्त पानी आ रहा है, और प्रशासन मौतों के आंकड़े छिपा रहा है। समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शुद्ध पानी उपलब्ध नहीं कराया गया और 'हर घर जल नल' योजना में भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगी, तो वे प्रदर्शन करेंगे और जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे।

बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से हजारों की सम्पत्ति जलकर राख

ब्यूरो समाज जागरण

खलियारी/ सोनभद्र। विकास खंड नगवां के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पड़री में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से हजारों की सम्पत्ति जलकर राख हो गई। बता दें कि रामजग पुत्र स्व बेचन मौर्य की पड़री में जमीन है। वहीं पर घर बना कर पूरे परिवार सहित रहते हैं। सोमवार की दोपहर अचानक बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे पूरी सम्पत्ति जलकर राख हो गई। इस आगजनी में लगभग पचास हजार का नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है।

जिलाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान शुरू किया, त्रुटिरहित सूची बनाने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज राजकीय महिला महाविद्यालय छपका राबट्सगंज में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण, 2026 के तहत मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित छात्राओं को संबोधित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके तहत 6 जनवरी, 2026 से 6 फरवरी, 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा मतदाता फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि कोई भी युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। यदि किसी मतदाता का नाम सूची से कट गया है या कोई युवा नागरिक 1 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है और उसका नाम सूची में नहीं है, तो वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने फॉर्म-6 भरकर जिलाधिकारी को सौंपे। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि सभी बी. एल.ओ. 11 जनवरी, 2026 को अपने बूथों पर उपस्थित होकर निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनाएंगे, जिससे लोग अपने नाम की जांच कर सकें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वागीश कुमार शुक्ला ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने गांवों और मोहल्लों में भी लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची का प्रकाशन किया, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची उपलब्ध कराई गई

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी बीएन की अध्यक्षता में आज कले क्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक हुई। इस बैठक में जनपद की मतदाता सूची का आलेख प्रकाशन किया गया और इसे राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही, अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भी राजनीतिक दलों को सौंपी गई। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचक नामावली के आलेख का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची से संबंधित किसी भी समस्या या त्रुटि के लिए दावे और आपत्तियां 6 जनवरी, 2026 से 6 फरवरी, 2026 तक दाखिल की जा सकती हैं। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकता है। दावे और आपत्तियों की सुनवाई, सत्यापन और निस्तारण की प्रक्रिया निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा 6 जनवरी, 2026 से 27 फरवरी, 2026 तक पूरी की जाएगी। मतदाता सूचियों के मापदंडों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति 3 मार्च, 2026 को प्राप्त की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च, 2026 को किया जाएगा। दावा आपत्तियों की जांच और सुनवाई संबंधित तहसीलों में नियुक्त ईआरओ, एईआरओ और अतिरिक्त एईआरओ द्वारा की जाएगी। संबंधित ईआरओ/ एई आरओ द्वारा केवल 'नो मैपिंग' वाले मतदाताओं को ही नोटिस जारी की जाएगी। नोटिस जारी होने के बाद मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएगा। मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने हेतु फॉर्म 6 के साथ हस्ताक्षरित घोषणा पत्र देना होगा। इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक स्व-सत्यापित अभिलेख उपलब्ध कराना अनिवार्य होगाः केंद्र सरकार/ राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र/ पेंशन भुगतान आदेश, या सरकार/स्थानीय प्राधिकरणों/ बैंकों/ डाकघर/ एलआईसी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भारत में जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र /प्रमाणपत्र/ अभिलेख। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/ शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी /एससी/ एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहाँ भी हो), राज्य/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर, या सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र भी मान्य होंगे। बिहार एसआईआर की मतदाता सूची का अंश, 01.07.2025 की संदर्भ तिथि के अनुसार। उक्त के अतिरिक्त यदि किसी मतदाता का त्रुटि वश नाम मतदाता सूची से कट गया है या जनपद के ऐसे युवा नागरिक जो अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 या 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है अथवा ऐसे नागरिक जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराये जाने हेतु निम्नवत सूचित किया जाता है रू-नए मतदाता बनने हेतु पात्र नागरिक। ऐसे युवा जो 01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों या कर रहे हों और जिनका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। ऐसे मतदाता जो अपने पूर्व पते से स्थानांतरित होने के कारण अपना गणना प्रपत्र नहीं भर सके अथवा जिनका नाम 2025 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। घोषणा पत्र व अन्य निर्धारित अभिलेखों के साथ फॉर्म-6 भरें। फॉर्म-6 ऑफलाइन भरकर अपने ठस्ठ को उपलब्ध कराएं। फॉर्म के साथ अनुलग्नक 4 पर घोषणा पत्र भी भरकर बी० एल०ओ० के पास जमा करेगें। फॉर्म-6 ऑफलाइन भरकर अपने ठस्ठ को उपलब्ध कराएं। फॉर्म-6 के साथ अनुलग्नक 4 पर घोषणा पत्र भी भरकर बी०एल०ओ० के पास जमा करेगें। ऐसे भारतीय नागरिक जो विदेश में रहरहे है वह घोषणा पत्र व अन्य निर्धारित अभिलेखों के साथ फॉर्म-6। भरें। समस्त बी०एल०ओ० द्वारा 11.0 1.2026 को अपने बूथ पर उपस्थित होकर सम्बन्धित निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनायेगा, जिससे लोग अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं। मतदाता सूची किसी भी निर्वाचन की आधारशिला होती है, जितनी अधिक मतदाता सूची त्रुटिरहित होगी उतने ही निष्पक्ष निर्वाचन की अपेक्षा की जा सकती है। जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि वे मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन सम्पन्न करायें जा सकें। इस मौके अपर जिलाधिकारी(वि. /रा.) वागीश कुमार शुक्ला, सहायक निर्वाचक अधिकारी श्री जगरूप सिंह पटेल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा, भाजपा के जिला मंत्री सुनील सिंह, समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय प्रभारी अनिल यादव, कांग्रेस पार्टी के कार्यालय प्रभारी शिव प्रसाद यादव, बसपा के जिला प्रभारी डॉ. ओम प्रकाश मौर्य, सी.पी.आई. एम. के जिला मंत्री नन्दलाल मौर्य, अपना दल एस. युवा मंच के जिलाध्यक्ष अंशु तिवारी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गौतम, निर्वाचन कार्यालय के सुनील श्रीवास्तव, राजकुमार उपस्थित रहें।

विश्व हिंदू परिषद की महत्वपूर्ण बैठक हुई आहूत, मिलिंद पाण्डेय के 10 जनवरी को सोनभद्र आगमन पर चर्चा

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। मंगलवार शाम विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिलाध्यक्ष विद्याशंकर पांडेय के आवास पर हुई। इसमें केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद पाण्डेय के आगामी 10 जनवरी 2026 को सोनभद्र आगमन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि मिलिंद पाण्डेय के आगमन पर चोपन स्थित श्याम लाज मैरिज हॉल में एक संगठनात्मक बैठक और प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस बैठक में विभाग मंत्री नरेंद्र, प्रांत उपाध्यक्ष जनार्दन बैसवार, जिला मंत्री हरिशंकर वर्मा, संतोष, दिनेश, श्रवण, ओबरा प्रखंड अध्यक्ष सुरेश सिंह, चोपन प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह, बजरंग दल संयोजक अनिल शर्मा और जिला उपाध्यक्ष कमलेश सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पीएचसी हरहुआ पर 14 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। पीएचसी हरहुआ पर आज मंगलवार को 14 महिलाओं का सफल बंध्याकरण हुआ। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने अवगत कराया कि आशा कार्यकताओं को जिम्मेदारी देकर एम्बुलेंस के जरिये लाभार्थी को केंद्र लाया गया जहाँ पर विशेषज्ञ डॉ0 सन्तोष यादव ने ऑपरेशन किया। लाभार्थी को टांका कटने तक भारी सामान न उठाने व दिए गए किट का नियमित उपयोग कर सामान्य भोजन लें और ठंड से बचकर रहें। आशा कार्यकर्ता को प्रति लाभार्थी ₹200/और लाभार्थी के खाते में ₹2000/अगले दिन भेज दी जाती है। ऑपरेशन बाद हर लाभार्थी को एम्बुलेंस के द्वारा उनके घरों तक भेजा गया।

बफीर्ली हवाओं से ठिठुरा जनजीवन,पशुओं को ठंड से बचाने के लिए दिए निर्देश

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। कड़ाके की ठंड के संग शुरू हुयी बफीर्ली हवाओं से मंगलवार को आमजन संग पशु पक्षी भी ठिठुरने लगे।भगवान भाष्कर के दर्शन होने के उपरांत भी पूरे दिन ठंड से गलन का दायरा बढ़ता गया।दिन भर चली बफीर्ली हवाओं ने पहाड़ों की ठंड का अहसास कराने का काम किया। पशुपालकों को अपने पशुओं को ठंड से बचाव की चिंता बढ़ गयी है। गोआश्रय स्थल कुरौली में रखे गये निराश्रित गोवंशों को ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने हेतु लकड़ी और गोवंशों को शरीर ढकने के लिए जूट के बोरों से बने कोट पहनाये गये हैं।पशुचिकित्साधिकारी आशीष वर्मा ने बताया कि लगातार पड़ रही ठंड से पशुपालक पशुओं को बचाने का उचित इंतजाम करें।ताजा पानी पिलायें। चारो तरफ से पर्दे लगाकर पशुपालक भाई ठंड हवाओं को रोकने का उपाय करें। खटाल को साफ सुथरा रखते हुए जमीन पर पुआल या जुट के बोरे बिछाएं।

दुर्लभ स्वरूप, अद्भुत महिमा और पीढ़ियों तक फल देने वाला पुण्य

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। सनातन धर्म में पंचदेवों ब्रह्मा, विष्णु, महेश, शक्ति और गणेश की उपासना का विशेष महत्व है। मान्यता है कि ये पंचदेव मानव जीवन की निरंतर रक्षा करते हैं। काशी नगरी के प्राचीन और दिव्य धार्मिक स्थलों में अर्क विनायक गणेश मंदिर का विशेष स्थान है। यह मंदिर भदैनी मोहल्ले में, तुलसी घाट से महिषासुर मर्दिनी मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित है। अपनी विशिष्ट बनावट और आध्यात्मिक मान्यताओं के कारण यह मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। भगवान गणेश को बुद्धि, विवेक और ज्ञान का अधिष्ठाता देव माना गया है। शास्त्रों के अनुसार बिना विवेक और बुद्धि के मानव का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। गणेश न केवल विघ्नहर्ता हैं, बल्कि रिद्धि और सिद्धि के दाता भी हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार उनकी दो पत्नियां रिद्धि और सिद्धि उनके दोनों ओर विराजमान रहती हैं, जो सुख, समृद्धि, ऐश्वर्य और सफलता का प्रतीक मानी जाती हैं। इसके अतिरिक्त भगवान गणेश को अष्ट सिद्धियों का स्वामी भी कहा गया है। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता भगवान गणेश का दुर्लभ द्विरूप स्वरूप है। यहां एक साथ सटी हुई दो गणेश प्रतिमाएं विराजमान हैं, जिनमें एक का सूंड दाहिनी ओर तथा दूसरी का सूंड बाईं ओर है। यह स्वरूप अत्यंत दुर्लभ माना जाता है और देश के गिने-चुने मंदिरों में ही देखने को मिलता है। इसी कारण अर्क विनायक गणेश का महत्व अन्य गणेश मंदिरों से अलग और विशेष माना जाता है। धार्मिक विश्वासों के अनुसार, अर्क विनायक गणेश के दर्शन और विधिपूर्वक पूजन से भक्तों के समस्त कष्ट दूर होते हैं तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। मान्यता है कि जो श्रद्धालु लगातार 40 दिनों तक नियमित रूप से दर्शन करता है, उसके घर में अपार धन-धान्य और सुख-वैभव आता है। इस पुण्य का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों तक फलदायी होता है। स्थानीय श्रद्धालुओं का विश्वास है कि अर्क विनायक गणेश सच्चे मन से की गई हर प्रार्थना को स्वीकार करते हैं। विशेष रूप से गणेश चतुर्थी, संकष्टी चतुर्थी और बुधवार के दिन यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। दूर-दराज से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं और मनोकामना पूर्ण होने पर पुनः आकर कृतज्ञता अर्पित करते हैं। काशी की यह प्राचीन धरोहर आज भी आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत प्रतीक बनी हुई है।

धड़ल्ले से बिक रही जहर की बोतलें, अवैध शराब ने छीन ली गांव की शांति

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर /विकासखंड राज गढ़ क्षेत्र के शकतेशगढ़ चौकी अंतर्गत नुनौती गांव में अवैध शराब सेशाम ढलते ही जब गांवों में चूल्हों की आग जलनी चाहिए, तब सक्तेशगढ़ चौकी क्षेत्र के जंगल किनारे गांवों में अवैध शराब की भट्टियों से धुआं उठता है। जाम लगाकर नशे में डगमगाते कदम से ग्रामीण महिलाएं रास्ता बदलने को विवश रहती हैं। चुनार थाना क्षेत्र की चौकी सक्तेशगढ़ अंतर्गत नूनौटी गांव के कोदवारी सहित कई इलाकों में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री हो रही है, सवाल उठ रहा कि क्या नाक के नीचे बिक रही अवैध धंधों की महक पुलिस तक नहीं आती। ग्रामीणों का आरोप है कि महुआ की बिना डिग्री कच्ची शराब खुलेआम तैयार कर बेची जा रही है। इससे शराब ठेकेदारों को भी चूना लग रहा है, बल्कि गांव की सामाजिक संरचना भी बिखरती जा रही है। शासन-प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान पर एक तमाचा है। ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गों का कहना है कि शाम होते ही गलियों से गुजरना मुश्किल हो गया है। चट्टी-चौराहों पर नशे में धुत लोग गाली-गलौज करते हैं, मारपीट आम हो गई है। जो कोई विरोध करता है, उसे फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। डर के साए में जी रहे परिवारों के लिए यह सिर्फ.कानून-व्यवस्था का सवाल नहीं, बल्कि इज्जत, सुरक्षा और भविष्य का संकट है। ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी और पुलिस की मौन सहमति/संरक्षण के बिना यह कारोबार इतने खुलेआम नहीं चल सकता। कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है और फिर सब कुछ पहले जैसा चलने लगता है। शिकायतें करते-करते लोग थक-हारकर चुप हो गए , कि कहीं उन्हींको आवाज उठाने की कीमत न चुकानी पड़े।

इस संबंध में चुनार थाना के क्राइम ब्रांच प्रभारी सत्येंद्र यादव ने बताया कि मामले की जांच कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

लेबर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकात की और मोदी सरकार के कर्मचारी-अनुकूल दृष्टिकोण की सराहना की

पेंशनभोगी समूहों ने डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकात की, सर्विस और पेंशन संबंधी मामलों पर निरंतर बातचीत जारी रखने की मांग की केंद्रीय मंत्री ने पेंशनभोगियों की समस्याओं को सुना, पेंशनभोगी समूहों को स्वीकार्य और परामर्शपूर्ण दृष्टिकोण का आश्वासन दिया भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से जुड़े प्रमुख टेलीकॉम और पोस्टल पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों ने केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह से कर्तव्य भवन स्थित डीओपीटी मुख्यालय में मुलाकात की तथा सर्विस, रोजगार और पेंशन से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही सरकार के कर्मचारी-अनुकूल दृष्टिकोण की सराहना भी की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि वे "सरकार की उन नीतियों की अत्यधिक सराहना करते हैं, जो कर्मचारियों के हित में हैं," और उन्होंने पेंशनभोगियों को प्रभावित करने वाले विभिन्न मामलों पर उनके विचार भी जाने। उन्होंने यह भी बताया कि चर्चा में सर्विस, रोजगार और पेंशन से जुड़े मुद्दों पर बात हुई, और इस बात पर सहमति बनी कि सरकार आमतौर पर ऐसी बातों को सुनने के लिए तैयार रहती है और यह बातचीत जारी रहनी चाहिए।

इस बातचीत में भारतीय दूरसंचार पेंशनर्स संघ, भारतीय पोस्टल पेंशनर्स संघ और अन्य संबंधित संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने टेलीकॉम और पोस्टल सेक्टर के पेंशनभोगियों से जुड़े मुद्दों को उठाया। प्रतिभागियों ने कहा कि चर्चा में स्पष्टता, समय पर जानकारी के आदान-प्रदान और पेंशनभोगियों के संगठनों एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत पर ध्यान केंद्रित किया गया।

नैनो उर्वरक का उपयोग करके किसान को और राष्ट्र को सबल बनायें : योगेन्द्र जी

समाज जागरण वाराणसी।

चतरा विकासखंड स्तरीय सभा का आयोजन आज मंगलवार को ग्राम पंचायत रामगढ़ पर हुआ। किसान सभा के मुख्य अतिथि, भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र जी ने कार्यक्रम मे कहा कि सरकार ने किसानो के हित मे कई बड़े और महत्वपूर्ण कदम उठाए है।इनमे एक नैनो उर्वरको का उत्पादन और आपूर्ति कृषि क्षेत्र मे क्रांतिकारी अध्याय है। योगेन्द्र जी ने कहा कि नैनो उर्वरको का उ/उपयोग किसानो के साथ साथ राष्ट्र को भी सशक्त बनायेगा। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष के अनिल मिश्रा ने नैनो उर्वरक की तकनीक और गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसके लाभो पर विस्तार से चर्चा की। एडीओ कृषि चतरा राकेश कुमार ने कार्यक्रम मे उपस्थित किसान भाईयो को नैनो डीएपी व नैनो यूरिया प्लस सागरिका एवं अन्य तरल उर्वरक के बारे में जानकारी दी और रबी फसल की बुवाई में नैनो डीएपी से 5 एम एल प्रति किलोग्राम बीज को शोधित करके या बीज उपचार करके बुवाई करने के लिए किसान को उत्प्रेरित किया।

इफको से अवनीश पांडेय एसएफए ने

नैनो डीएपी के उपयोग विधि से होने वाले लाभ के बारे में बताया।जिससे किसान को कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त हो। अवनीश पांडेय ने दानेदार खाद उर्वरक के स्थान पर नैनो डीएपी का प्रयोग करने पर जोर दिया जिंससे बीज उपचारित करके की गई बुवाई से बीज का अच्छा अंकुरण होगा और साथ ही साथ पैदावार में वृद्धि होगी एवं किट और रोग से पूरा बचाव होने की गारंटी होगी। अवनीश पांडेय ने कहा कि इससे पौधे की पत्तियों एवं जड़ का विकास अधिक होगा तथा स्प्रे के द्वारा पौधे को 90 प्रतिशत समुचित पोषण प्राप्त होता है तथा इफको कंसोर्टियां एवं बायो डीकंम्पोजर अन्य तरल उर्वरक का फसल में प्रयोग करने से दाने में अच्छी गुणवत्ता व चमक एवं उत्पादन अधिक होती है जिससे किसान को और अधिक मुनाफा प्राप्त होता है। सभी किसान भाई दानेदार यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया का छिड़काव पत्तियों पर करे और नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कृषकों के लागत में भी कमी आएगी साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्याधिक प्रयोग से जल,मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचा जा सके। किसान यूनियन के अध्यक्ष दशरथ प्रसाद ने कहा कि मुख्य फसलों पर छिड़कावों के लिए नैनो यूरिया प्लस एवं लिक्विड सागरिका का उपयोग बहुत उपयोगी है । ब्लाक सचिव किसान यूनियन विश्वामित्र जी ने सभी आगंतुको को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आभार व्यक्त किया । एफपीओ नया रास्ता के डायरेक्टर नीरज सिंह ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाए देते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की।सभा मे 9 0 से 100 किसानो ने प्रतिभाग किया।

सिंगरौली भाजपा में बगावत के सुर!

#मंडल अध्यक्ष पर मारपीट के आरोप, बैंस समाज सड़क पर उतरने को तैयार।

समाज जागरण

जिला अध्यक्ष सुंदर लाल शाह ने कहा उच्च पदाधिकारियों के संज्ञान में देंगे मामला, जैसा निर्देश देंगे वैसा होगा। भाजपा कार्यालय में आए थे सैकड़ों बैंस समाज के कार्यकर्ता, मुदार्बाद के नारे लगाते हुए भाजपा कार्यालय के अंदर जिला अध्यक्ष से मिले। सिंगरौली, भारतीय जनता पार्टी की अंदरूनी कलह अब बंद कमरों से निकलकर सड़कों तक पहुंचती नजर आ रही है। सिंगरौली जिले में सामने आए एक मारपीट प्रकरण ने न सिर्फ पार्टी की गुटबाजी को उजागर कर दिया है, बल्कि बैश्य समाज में जबरदस्त उबाल भी पैदा कर दिया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि मामला अब सीधे संगठन की साख से जुड़ गया है।बताया जा रहा है कि 26 दिसंबर को मोरवा थाना क्षेत्र में हुई एक घटना में भाजपा मंडल अध्यक्ष और उनके सहयोगियों पर एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मारपीट में युवक को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के बाद से ही समाज में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।इस पूरे मामले को लेकर बैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने शिव शंकर बैश्य के नेतृत्व में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और मंडल अध्यक्ष को तत्काल पद से हटाने की मांग की है। समाज के लोगों का साफ कहना है कि जब पार्टी अपने ही पदाधिकारियों पर लगाम नहीं लगा पा रही है, तो आम जनता में कानून-व्यवस्था का संदेश कैसे जाएगा?राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी तेज है कि जिला भाजपा अध्यक्ष डैमेज कंट्रोल करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं, जिसके चलते मामला शांत होने के बजाय और अधिक तूल पकड़ता जा रहा है। अंदरखाने की खींचतान अब सार्वजनिक बहस का विषय बन चुकी है।बैश्य समाज ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि समय रहते दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। आने वाले दिनों में यह विवाद भाजपा के लिए सिंगरौली में बड़ी राजनीतिक चुनौती बन सकता है। अब निगाहें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर मामले में कब और क्या संज्ञान लेते हैं।

कोल इंडिया के अदने से कर्मचारी की खुलेआम धमकी – जिला बदल करवा देंगे, एसपी को लगाऊं फोन वायरल वीडियो से मचा हड़कंप, किसानों को डराने का आरोप

समाज जागरण धनपुरी

मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से सामने आए एक वायरल वीडियो ने खनन क्षेत्र में चल रहे किसान आंदोलन को और उग्र मोड़ दे दिया है। वीडियो में कथित तौर पर कोल इंडिया से जुड़े एक अदने से कर्मचारी द्वारा किसानों और ग्रामीणों को खुलेआम धमकाते हुए सुना जा सकता है। वीडियो में जिला बदलकर आना पड़ेगा, पुलिस अधीक्षक को फोन लगाओह्व जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दबाव बनाने और डराने के आरोप लगाए जा रहे हैं। यही नहीं, जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के नाम लेकर किसानों को डराने की कोशिश किए जाने का भी दावा किया जा रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश है।

यह पूरा मामला शहडोल जिले के खनन प्रभावित इलाके से जुड़ा है, जहां शारदा माइंस बकही क्षेत्र में किसानों और ग्रामीणों का शांतिपूर्ण धरना लगातार छठवें दिन में प्रवेश कर चुका है। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद आंदोलन को लेकर माहौल और गरमा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी जायज मांगें रखने के बावजूद उन्हें धमकाया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। धरनारत किसानों का कहना है कि आंदोलन रोजगार, पेयजल संकट और ओबी कार्य में हो रही ओवरलोडिंग जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर किया जा रहा है। स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार, क्षेत्र में स्थायी पेयजल समाधान, ओबी कार्य व परिवहन में नियमों का सख्ती से पालन और माइंस प्रभावित गांवों में विकास कार्यों को गति देने जैसी मांगें लंबे समय से लंबित हैं। किसानों का स्पष्ट कहना है कि वे टकराव नहीं चाहते, बल्कि संवाद के जरिए समाधान चाहते हैं, लेकिन धमकी और डर की भाषा किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जाएगी। वायरल वीडियो में सामने आए कथित सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह द्वारा दी गई धमकियों को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर सख्त विरोध दर्ज कराया है। किसानों का कहना है कि यदि वे अपनी बात शांति से रखते हैं तो प्रशासन और प्रबंधन को भी उसी स्तर पर संवाद करना चाहिए, न कि जिला बदलने और पुलिस को फोन लगाने की धमकी देकर आंदोलन को दबाने की कोशिश करनी चाहिए। धरनारत ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और कलेक्टर की कार्यशैली पर भरोसा जताते हुए उम्मीद व्यक्त की है

कि वे इस पूरे मामले में हस्तक्षेप करेंगे और प्रबंधन से चर्चा कर न्यायसंगत समाधान निकालेंगे। किसानों ने दो टूक कहा कि उनका संघर्ष हक और सम्मान के लिए है और वे डरने वाले नहीं हैं। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वायरल वीडियो के बाद प्रशासन क्या रुख अपनाता है और क्या किसानों की मांगों पर ठोस पहल होती है या नहीं।

अमलाई में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण बिना बैरिकेटिंग बना जानलेवा, बिना संकेतक के डायवर्टेड सड़क पर बढ़ा हादसों का खतरा

समाज जागरण

अमलाई। स्टेट हाइवे पर अमलाई में निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज बिना बैरिकेटिंग के किया जा रहा है जो मुसीबत का कारण बनता जा रहा है। ओवरब्रिज निर्माण के चलते सड़क को डायवर्ट किया गया है, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा मौके पर कोई सावधान पट्टिका नही लगाई गई है ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों को पहले से यह जानकारी नहीं मिल पा रही कि आगे निर्माण कार्य चल रहा है या सड़क बदली गई है।
स्थिति रात के समय और भी भयावह हो जाती है। अंधेरे और घने कोहरे के कारण सड़क साफ दिखाई नहीं देती, वहीं निर्माण स्थल के पास बने गहरे गड्ढे और अधूरी सड़क दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। बीते दो महीनों में इसी लापरवाही के चलते दो दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कोहरे के कारण सामने का रास्ता नजर न आने से फलों से लदा एक पिकअप वाहन मिट्टी के ढेर पर चढ़ने से पलट गया, वहीं रात के अंधेरे में एक बाइक सवार सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में गिरकर घायल हो गया। क्योंकि बैरिकेटिंग न होने से वाहन चालकों को दिखाई ने देता है स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी और संबंधित विभागों की यह घोर लापरवाही है। नियमानुसार निर्माण स्थल पर चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर, बैरिकेडिंग और पर्याप्त लाइटिंग होना अनिवार्य है, लेकिन यहां इनका पूरी तरह अभाव है। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसी रास्ते से यात्री बसों का आना जाना रहता है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि तत्काल निर्माण स्थल पर चेतावनी संकेतक, डायवर्जन बोर्ड, बैरिकेड और रोशनी की व्यवस्था कराई जाए, ताकि आने-जाने वाले लोगों की जान जोखिम में न पड़े।

न्यू जोन प्राइवेट लिमिटेड एवं टोरंट पावर लिमिटेड की 7 जनवरी को पर्यावरण संरक्षण जनसुनवाई विकास, पर्यावरण और ग्रामीण सहभागिता का संतुलित मॉडल

समाज जागरण अनूपपुर।

अनूपपुर जिले में पावर प्रोजेक्ट को लेकर न्यू जोन प्राइवेट लिमिटेड एवं टोरंट पावर लिमिटेड द्वारा 7 जनवरी को आयोजित की जा रही पर्यावरण संरक्षण जन सुनवाई को क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक स्तर पर इस जनसुनवाई को पारदर्शिता, संवाद और सहभागिता का सशक्त मंच माना जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी बड़े औद्योगिक निवेश के साथ प्रश्न और आशंकाएं स्वाभाविक होती हैं, लेकिन कंपनी प्रबंधन द्वारा तथ्यों के साथ खुला संवाद स्थापित करने की पहल विश्वास को मजबूत करती है। इसी उद्देश्य से पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) से जुड़े सभी पहलुओं को जनसुनवाई में सार्वजनिक रूप से रखा जा रहा है। आधुनिक तकनीक के साथ पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर ग्रामीणों के अनुसार न्यू जोन प्राइवेट लिमिटेड एवं टोरंट पावर लिमिटेड का यह पावर प्रोजेक्ट नवीनतम और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों पर आधारित है। जल प्रबंधन, वायु गुणवत्ता नियंत्रण, राख एवं अपशिष्ट निपटान, तथा हरित क्षेत्र विकास के लिए सभी वैधानिक एवं वैज्ञानिक मानकों के पालन का आश्वासन कंपनी द्वारा दिया गया है। अत्या धुनिक प्रदूषण नियंत्रण उप करणों और सतत निगरानी प्रणाली के माध्यम से पर्यावरणीय प्रभाव को निर्धारित सीमाओं के भीतर रखने की योजना ग्रामीणों के भरोसे को और मजबूत करती है।

7 जनवरी की जनसुनवाई संवाद और समाधान का मंच

7 जनवरी को आयोजित पर्यावरण संरक्षण जनसुनवाई को ग्रामीण अपने विचार, सुझाव और शंकाएं रखने का एक महत्वपूर्ण अवसर मान रहे हैं। रक्सा गांव के पूर्व सरपंच अमोल सिंह मरकाम कहना है कि जन सुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि स्थानीय समुदाय के साथ साझेदारी को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया है। विशेषज्ञों की मौजूदगी में पर्यावरणीय, सामाजिक और तक नीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया बल ग्रामीणों का मानना है कि इस पावर प्रोजेक्ट से अनूपपुर क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। निर्माण चरण से लेकर संचालन अवधि तक स्थानीय युवाओं, तक नीकी कर्मियों और सेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दिए जाने की नीति से क्षेत्रीय आर्थिक गति विधियों में तेजी आएगी। परि वहन, छोटे व्यापार, ढाबा, आवास और अन्य सहायक सेवाओं को भी इससे नई गति मिलने की संभावना जताई जा रही है। CSR के माध्यम से सामाजिक और सामुदायिक विकास न्यू जोन प्राइवेट लिमिटेड एवं टोरंट पावर लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत आसपास के गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, कौशल विकास, पेयजल, सड़क और अन्य बुनियादी सुवि धाओं के विस्तार की दीर्घ कालिक योजनाएं लागू करने की बात कही गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे गांवों का समग्र सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा। विकास और विश्वास का संतुलन स्थानीय ग्रामीण समुदाय इस परियोजना को केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि अनूपपुर जिले के आर्थिक, सामा जिक और औद्योगिक भविष्य से जुड़ा अवसर मान रहा है। नियामकीय अनुपालन, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और स्थानीय सह भागिता के साथ यह पावर प्रोजे क्ट विकास और विश्वास के संतुलन का उदाहरण है।

मूलभूत सुविधाओं व रोजगार की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने सोडा फैक्ट्री का घेराव किया

समाज जागरण

अमलाई। बेरोजगारी, पर्यावरण प्रदूषण एवं मजदूरों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने की मांग को लेकर आज सैकड़ों लोगों ने ओरिएंट पेपर मिल्स की कास्टिक सोडा यूनिट (सोडा फैक्ट्री) के सामने टेंट लगाकर शांतिपूर्ण घेराव किया। यह आंदोलन पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, मजदूर संगठनों और प्रभावित वार्डों के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। घेराव का नेतृत्व नगर परिषद के उपाध्यक्ष, रासायनिक संयंत्र संघ ढर-4 भारतीय मजदूर संघ सोडा फैक्ट्री कास्टिक सोडा यूनिट के अध्यक्ष एवं व्हीकल संगठन के संरक्षक डॉ. राज तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन को पूर्व में कई बार ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है।
घेराव के दौरान सोडा फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से प्रतिनिधियों ने आंदोल नकारियों से चर्चा कर सभी मांगों पर विचार करने के लिए 15 दिनों का समय मांगा, जिस पर संगठन की ओर से कहा गया कि यदि निर्धारित समय-सीमा में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आंदोलन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी चचाई सुंदरेश सिंह सहित चचाई थाना का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस की मौजूदगी में घेराव पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। डॉ. राज तिवारी ने आरोप लगाया कि सोडा फैक्ट्री से निकलने वाला दूषित पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है, प्रभावित गांवों के लोगों को रोजगार नहीं दिया गया, मजदूरों को सेफ्टी उपकरण, छुट्टियां व अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं,

शहडोल में SECL सोहागपुर के धनपुरी थाना अंतर्गत अमलाई ओपन कास्ट माइंस में हुए हादसे में करीब तीन माह बाद शव बरामद,

समाज जागरण

11 अक्टूबर की शाम मिट्टी फिलिंग के दौरान हुए हादसे में टिपर और एक डोजर मशीन सहित टिपर चालक अनिल कुशवाहा पानी में वाहन समेत डूब जाने के कारण हुई थी मौत तीन माह बाद जब जल स्तर कम हुआ वाहन की छोटी सी झलक दिखाई दी उसके पाश्चात आनन फानन में SECL के द्वारा तत्कालीन SDERF और SECL की रेस्क्यू टीम बुला कर उनकी मदद से शव को बाहर निकाला गया

कॉलरी प्रबंधन की लापरवाही के चलते हुई थी घटना!

आरोप है कि.यह घटना कालरी प्रबंधक के लापरवाही से एक कर्मचारी की मौत हो गई जबकी दो बाल-बाल बचें थे,मिट्टी फिलिंग के कार्य को सही तरीके से दिशा निर्देश न मिलने के कारण अनिल कुशवाहा की जान गई और कुशवाहा परिवार को अपना होनहार बेटा खोना पड़ा फिलहाल शव को पानी से निकाल कर पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा..गया है पीएम कराने के बाद परिवार को अनिल का शव सौपा जायेगा

इनका कहना है

लगा तार पानी खदान से निकला जा रा था बॉडी रिकवर करने की कोशिश की जा रही थी SDERF की मदत बॉडी निकाल ली गई है और पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है उसके बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा विकास पाण्डेय SDOP धनपुरी

मजौना रेत खदान में निरीक्षण के बाद फिर शुरू हुआ मशीनों से अवैध उत्खनन, नियमों की अनदेखी

समाज जागरण

सिंगरौली। जियावन क्षेत्र के मझौना रेत खदान में प्रशासनिक सख्ती के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। बीते 19 दिसंबर को हुए आधिकारिक निरीक्षण के महज कुछ ही घंटों बाद महान नदी की जलधारा में पोकलेन और जेसीबी मशीनों के जरिए उत्खनन फिर से शुरू हो गया है। प्राप्त जीपीएस वीडियो साक्ष्यों के अनुसार, एनजीटी (NGT) के स्पष्ट दिशा-निदेर्शों को दरकिनार कर नदी के बीचों-बीच भारी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर हो रही इस कार्रवाई को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या प्रशासनिक अमले का निरीक्षण मात्र एक औपचारिकता थी? जलधारा को प्रभावित कर रहे इस अवैध उत्खनन पर प्रभावी कार्रवाई न होने से शासन के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है।

कोनी में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई,कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

समाज जागरण विजय तिवारी

बिलासपुर /नगर निगम ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है,शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने निकलें कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कोनी में हो रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद नगर निगम के अतिक्रमण शाखा और जोन 8 की टीम ने अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए तैयार किए गए मार्ग को तोड़ा और लगाए गए पोल को हटाया। कोनी में खसरा नंबर 235 भूमि स्वामी केशव पाण्डेय,वीणा, अभिषेक और अंकित पाण्डेय द्वारा लगभग दो एकड़ जमीन में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था,इसी तरह गुड़ाखू फैक्ट्री के सामने और कंचन विहार के पीछे खसरा नंबर 191/1,191/6 191/2, 191/5 ,191/ 3 और 191/4 में धीरेन्द्र पाण्डेय की जमीन पर स्वयंराज बिल्डर द्वारा तीन एकड़ जमीन में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर इन दोनों भूमि पर कार्रवाई की गई। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा है कि आगे भी अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

अवैध निर्माण पर दो को नोटिस

व्यापार विहार में प्लेनेटेरियम के पास नियम विरूद्ध भवन निर्माण पर कैलाश माघवानी और व्यापार में ही बी 9 की भूमि में अनुमति विपरीत निर्माण पर आशीष अग्रवाल,अमर अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल को नोटिस जारी किया गया है।

पुलिस ने हत्यारोपियों का लिया रिमाण्ड

समाज जागरण संवाददाता निगोहा

लखनऊ निगोहां दखिना गांव के किसान शिव प्रकाश उर्फ कबीर की हत्या कर शव जलाने के मामले में पुलिस ने हत्या के दौरान इस्तिमाल मोबाइल फोन सहित अन्य साक्ष्य इखट्टा करने के लिए निगोहां पुलिस ने जेल में बंद दो मुख्य आरोपियों को न्यायालय द्वारा 24 घण्टे की रिमाण्ड ली गई। रिमाण्ड के दौरान पुलिस ने आरोपियों द्वारा बताए गए स्थान से हत्या में प्रयुक्त एक अदद मोबाइल फोन की-पैड , दूसरे मोबाइल फोन का पिछला कवर बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया। गौरतलब है कि जमीन विवाद में मुकदमे की हार के डर से छह आरोपियों ने बीते 15 नवम्बर 2025 को दखिना गांव के किसान शिव प्रकाश उर्फ कबीर का दो कारों से अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को उन्नाव जनपद ले जाकर जला दिया गया था। मामले में पुलिस ने 6 आरोपी – सुजीत कुमार श्रीवास्तव, पिन्टू रावत, विनोद, लालू उर्फ नीरज कश्यप और राजू उर्फ राजकुमार, व दिलीप कुमार रावत निवासी ब्राम्हण टोला नगराम थाना नगराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना में प्रयुक्त दोनों स्विफ्ट डिजायर कारें भी बरामद हुई थीं। किसान शिव प्रकाश उर्फ कबीर 15 नवंबर से लापता था। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद मोबाइल सर्विलांस में 16 नवंबर को लोकेशन पाटन गांव थाना बीघापुर, उन्नाव मिलने पर खोजबीन की गई, जहां एक अधजला शव मिला था। फोटो के आधार पर पहचान की पुष्टि होने के बाद हत्या का मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने न्यायालय से लिया रिमांड तो बरामद हुआ हत्या में प्रयुक्त मोबाइल एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी के अनुसार अभियुक्तगण द्वारा पुलिस को गुमराह किया जा रहा था। दौराने अलग-अलग अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी कुछ नये तथ्य प्रकाश में आये थे जिसमें घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और मृतक का मोबाइल फोन को पुनः बरामद करने हेतु मा० न्यायालय के समक्ष घटना के मास्टरमाइंड सुजीत कुमार श्रीवास्तव और दिलीप रावत का मंगलवार को 24 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमाण्ड लिया गया तो रिमाण्ड के दौरान पुलिस ने आरोपियों द्वारा बताए गए स्थान रायबरेली हाईवे पर डुडौली में स्थित वृन्दावन रेस्टोरेंट से लखनऊ की तरफ आगे बढ़ने पर स्थित एक पुल के नीचे नाले के पास स्थित जंगल झाड़ियों में हत्या में प्रयुक्त एक अदद मोबाइल फोन की-पैड , दूसरे मोबाइल फोन का पिछला कवर बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया।

प्राचीनतम इतिहास को दशार्ता ग्राम गोरगी की पत्थरों में उकेरी सभ्यता, किले, बावड़ी ,खंडित मूर्तियां एवं अनेकों जीवन दायनी औषधीय मिलने की उम्मीद

समाज जागरण रीवा

रीवा शहर से महज 18 किलोमीटर दूर, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरगी–जहां कदम रखते ही ऐसा प्रतीत होता है मानो समय थम गया हो यह क्षेत्र पुरातन धरोहरों, अद्भुत स्थापत्य कला और मनमोहक प्राकृतिक दृश्य से सुसज्जित है। यहां पत्थरों में उकेरी गई प्राचीन कलाकृतियां, दुर्गनुमा चबूतरे, प्राचीन बावड़ी और एक ऐतिहासिक किले के अवशेष आज भी उस गौरवशाली अतीत की कहानी कहते हैं, जो कभी इस भूमि ने जिया था। इसी ऐतिहासिक भूखंड पर स्थित है उत्तर मुखी हनुमान जी का प्राचीन मंदिर, जिसे डोगरी नाथ स्वामी के नाम से जाना जाता है। मंदिर में हनुमान जी बाल स्वरूप में विर ाजमान हैं। यह स्थान न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि आध्या त्मिक चेतना और संस्कारों का संगम भी है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण नवमी शताब्दी में करचूली वंश के शासक महाराजा करन डहरिया के शासनकाल में हुआ था। कहा जाता है कि उनके समय में यह क्षेत्र सुख-समृद्धि, व्यापार और विकास का प्रमुख केंद्र था। आज भी यहां मौजूद किले का टीला, खंडित मूर्तियां और पत्थरों पर की गई बारीक नक्काशी उस समृद्ध सभ्यता की साक्षी हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के नीचे एक प्राचीन बावड़ी स्थित है, और उस बावड़ी से एक रहस्यमयी सुरंग निकलती है, जो सीधे ढुढेश्वर नाथ मंदिर के कुंड से जुड़ती है। क्षेत्र में बिखरी अनेकों मूर्तियां यह दशार्ती हैं कि यहां के निवासी प्राचीन काल से ही संस्कृति, कला और धर्म से गहराई से जुड़े हुए थे।यह संपूर्ण क्षेत्र आज एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक धरोहर के रूप में जाना जाता है। यहां पुरातत्व सर्वेक्षण से जुड़े अवशेष प्राप्त हुए हैं और पुरातत्व विभाग का बोर्ड भी स्थापित है, जो इसके ऐतिहासिक महत्व को प्रमाणित करता है इतना ही नहीं, स्थानीय जानकारों के अनुसार इस क्षेत्र में अनेकों दुर्लभ औषधीय वनस्पतियां भी पाई जाती हैं। कुछ औषधि विशेषज्ञों का दावा है कि यहां मौजूद वनस्पतियों में पाए जाने वाले औषधीय गुणों से कई गंभीर बीमारियों का उपचार संभव है।

कानपुर में मौत बनी कड़ाके की ठंड, जारी बुजुर्गों के दम तोड़ने का सिलसिला, दर्जनों भर्ती

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां जिले को कड़ाके की भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है ,जिसके फल स्वरुप अधिकांश लोगों का जीवन अस्त व्यस्त चल रहा है। साथ ही भीषण ठंड के प्रकोप से बुजुर्गों की मौत का सिलसिला भी जारी है ,जिसमें सर्वाधिक संख्या ग्रामीण अंचलों के लोगों की बताई जाती है। यही नहीं लगातार गाड़ी ठंड की प्रकोप से दर्जनों अस्पताल में भर्ती होकर अपना इलाज कराने के लिए भी मजबूर हैं। इनमें से कई की हालत गंभीर भी बताई गई है। ठंड का असर बुजुर्ग लोगों के लिए सर्वाधिक जान घातक साबित हो रहा है। इस बीच कानपुर देहात सहित कई ग्रामीण इलाकों में अनेक बुजुर्गों की मरने की भी सूचना है दरअसल यहां बर्फीली हवा के चलते रात का तापमान तेजी से गिर रहा है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच पारा भी लगातार लुड़क रहा है। कड़ाके की सर्दी दिल के मरीजों पर भी भारी पड़ रही है। सोमवार को ओपीडी में 1216 मरीज पहुंचे थे। इसके अलावा गंभीर रूप से बीमार 63 को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पांच मरीज ऐसे थे जिनकी अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी। यही नहीं शहर के बाहर निकलते ही कोहरा भी अपना असर दिख रहा है। मतलब कड़ाके की ठंड के बीच सुबह के समय पडड्डे वाले कोहरे ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। सबसे ज्यादा परेशानी राहगीरों को हुई ,जिन्हें ऐसे सर्द व कोहरे की चादर ओढ़े मौसम में अपना सफर तय करना पड़ रहा है। उनके लिए जरा सी दूरी तय करना मुश्किल हो रहा है। उनके सामने अलाव ही एकमात्र सहारा रहा। वहां पर बैठकर कुछ देर हाथ व पैर गर्म करने के बाद वह फिर चल देते हैं।

रेत माफिया पर खनिज विभाग ने मारी नाइट रेड कार्रवाई से माफिया में मचा हड़कंप

समाज जागरण सिंगरौली

कलेक्टर गौरव बैनल के स्पष्ट निदेर्शों के अनुपालन में जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में की गई रात्रिकालीन जांच ने रेत माफिया की गतिविधियों को उजागर कर दिया।
कार्रवाई की कड़ी 4 जनवरी की सर्द रात्रि से आरंभ हुई जिसके तहत सहायक खनिज अधिकारी राम सुशील चौरसिया एवं खनिज निरी क्षक अशोक मिश्रा की संयुक्त टीम ने अवैध रेत परिवहन करते हुए 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली (बिना नंबर) पकड़ी। वाहन को पुलिस थाना बरगवां में जप्त कर सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। इसी कड़ी के अगले क्रम में 5 जनवरी को खनिज निरीक्षक अशोक मिश्रा द्वारा पुनः कार्रवाई करते हुए रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। वाहन को पुलिस चौकी गोरबी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। रात्रि जांच से यह स्पष्ट है कि अवैध परिवहन का नेटवर्क रात के अंधेरे में सक्रिय रहता है। लगातार दो दिन में दो जप्तियाँ बताती हैं कि यह छिटपुट घटना नहीं, बल्कि संगठित गतिविधि है। बिना नंबर वाहन का पकड़ा जाना कानून से बचने की मंशा को उजागर करता है। जप्त वाहनों पर खनिज नियमों के तहत अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित है।
नियमानुसार जुमार्ना, वाहन जब्ती,राजसात और अभियोजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। कलेक्टर के निदेर्शों पर अमल करते हुए खनिज विभाग ने यह संदेश दे दिया है कि रेत माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। रात्रि निगरानी, अंतर-विभागीय समन्वय और त्वरित कार्रवाई से आने वाले दिनों में अवैध खनन पर और शिकंजा कसने के संकेत स्पष्ट हैं।

सरकारी तालाब से चार आम के पेड़ काटकर बेचे, अज्ञात लकड़कट्टा चोरों पर मुकदमा

समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ,निगोहां थाना क्षेत्र के उतरावां गांव में सरकारी तालाब की भूमि पर लगे चार आम के पेड़ों को अज्ञात लकड़कट्टा चोरों ने चोरी से काटकर बेच दिया। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने जांच-पड़ताल के बाद निगोहां थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उतरावां गांव के लेखपाल राजमुकुंद मिश्रा के अनुसार राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज भूखंड संख्या 680, रकबा 1.739 हेक्टेयर पर लगे चार आम के पेड़ करीब एक सप्ताह पूर्व चोरी से काटकर उठा ले जाए गए। जांच के दौरान तालाब की भूमि पर आम के पेड़ों के केवल ठूंठ ही पाए गए। इस संबंध में ग्राम प्रधान से पूछताछ की गई तो उन्होंने घटना की कोई जानकारी होने से इनकार किया।ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मामले की लिखित शिकायत निगोहां पुलिस को दी। इस संबंध में थाना प्रभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

समाज जागरण

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मांझेपुर के समीप सोमवार की शाम ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से 20 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से भाग जाने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार थाने के नया पुरवा गांव निवासी जलील का पुत्र मुकीम सोमवार की शाम लगभग पांच बजे बाइक से सामान लेकर घर आ रहा था। जब वह मांझेपुर के पास पहुंचा तभी ईंटो से लदे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे मुकीम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक अजय मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में चचेरे भाई जाबिर ने दी है।

अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

समाज जागरण

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी हरिलाल का 25 वर्षीय पुत्र मुकेश सोमवार की शाम शहर से गांव बाइक से जा रहा था। जब वह मलवां के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकराकर घायल हो गया। इसी प्रकार हथगाम थाना क्षेत्र के प्रयागदासपुर निवासी जगतपाल का 55 वर्षीय पुत्र अमृतलाल बाइक से खागा आ रहा था। तभी आरामशीन के समीप सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

पुलिस ने दो अभियुक्त पकड़े, भारी मात्रा में चरस बरामद

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फि रोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से काफी मात्रा में मादक पदार्थ

बरामद किया। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। पुलिस ने चैकिंग के दौरान वाजिदपुर अण्डरपास से ठार कठेघर की ओर जाने वाला रास्ते से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े अभियुक्त के नाम शहबान पुत्र असीन निवासी चिश्ती नगर 12 बीघा थाना रामगढ तथा शाहरुख पुत्र कल्लू निवासी चिश्ती नगर कोहिनूर रोड थाना रामगढ बताए है। पुलिस ने उसके पास से 1 किलो 359 ग्राम चरस बरामद की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने दिल्ली- एनसीआर में वायु प्रदूषण समस्या से निपटने के लिए राजस्थान एवं पंजाब की कार्य योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

श्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सार्वजनिक परिवहन, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं फसल अवशेष प्रबंधन पर प्राथमिक उपायों का निर्देश दिया

आगामी मौसम में स्पष्ट परिणाम सुनिश्चित करने के लिए निश्चित जवाबदेही के साथ क्षेत्रवार लक्षित कार्य योजनाएं

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने आज दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण समस्या से निपटने के लिए राजस्थान एवं पंजाब की राज्य सरकारों की कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह अपनी तरह की समीक्षाओं की श्रृंखला में पांचवीं बैठक थी, जो मंत्री द्वारा तीन दिसंबर 2025 को आयोजित पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निदेशों के अनुसार निर्धारित मापदंडों एवं प्रारूपों पर आयोजित की गई थी। दिल्ली-एनसीआर में पूरे वर्ष खराब रहने वाली वायु गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि जनवरी 2026 से कार्य योजनाओं की समीक्षा हर महीने मंत्री स्तर पर की जाएगी। मंत्री ने निर्देश दिया कि क्षेत्रवार लक्षित कार्य योजनाएं तैयार की जाएं एवं संबंधित विभागों को इनको कार्यान्वयित करने की स्पष्ट जिम्मेदारी सौंपी जाए। चूंकि कार्य योजनाएं आठ महीने पहले ही तैयार की जा रही हैं इसलिए उनके कुशल कार्यान्वयन से अगले मौसम में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। मंत्री ने आश्वासन दिया कि सभी कार्यान्वयन संबंधी बाधाओं को उच्च स्तरीय अंतर-राज्यीय समन्वय बैठकों के माध्यम से दूर किया जाएगा। श्री यादव ने राजस्थान की विस्तृत कार्य योजना की समीक्षा करते हुए अलवर, भिवाड़ी, नीमराना एवं भरतपुर में सार्वजनिक परिवहन की कमियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता के आधार पर खरीदा जाएगा, और एक समय-सीमा अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर भी चार्जिंग संरचना को मिशन मोड में बढ़ाया जाएगा। भिवाड़ी और नीमराना में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अनियोजित ट्रक पार्किंग की समस्या को एक गंभीर मुद्दा बताया गया, जिसके लिए तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है, जिसमें पार्किंग स्थल की पहचान एवं भीड़भाड़ से बचने के लिए पार्किंग योजना तैयार करना शामिल है। मंत्री ने इच्छा व्यक्त किया कि अलवर, भिवाड़ी, नीमराना और भरतपुर के लिए शहर-विशिष्ट सड़क पुनर्विकास योजनाएं प्रस्तुत की जाएं। ट्रैफिक जाम वाले स्थानों की पहचान होनी चाहिए और अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक यातायात अवरोधन निवारण योजनाएं तैयार करनी चाहिए। परंपरागत अपशिष्ट निवारण के लिए एक व्यापक योजना विकसित करनी चाहिए और जहां भी अंतराल पहचाने गए हैं, वहां त्वरित रूप से मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें (एमआरएसएम) तैनात की जानी चाहिए। यह जानकारी प्रदान की गई कि सामुदायिक भागीदारी के साथ सड़क किनारे हरियाली को बढ़ावा देने के प्रयासों के अंतर्गत अलवर एवं भिवाड़ी में वृक्षारोपण के लिए 600 स्थानों की पहचान की गई है। श्री यादव ने निर्देश दिया कि जिन औद्योगिक इकाइयों ने ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (ओसीईएमएस) स्थापित नहीं की है, उन्हें तत्काल बंद करने के नोटिस जारी किया जाए। इसके अलावा, सूचना एवं संचार आयोग (आईईसी) की गतिविधियों में क्षेत्र-विशिष्ट हितधारकों की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, जैसे उत्सर्जन नियंत्रण के लिए औद्योगिक इकाइयों के साथ, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण एवं प्रसंस्करण के लिए निवासी कल्याण संघों के साथ आदि। मंत्री ने इच्छा व्यक्त किया कि स्थानीय प्रजातियों के पौधों का उपयोग करते हुए मिशन मोड में हरित गतिविधियां चलायी जाए। श्री यादव ने पंजाब की प्रस्तुति का अवलोकन करते हुए इस बात पर बल दिया कि सभी फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनों की कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करना चाहिए और उनका कुशलतापूर्वक उपयोग करना चाहिए। इसे सुनिश्चित करने के लिए, उन्होंने मशीनों की कार्यशील स्थिति को प्रमाणित करने के लिए मानक परिचालन (एसओपी) तैयार करने की बात की। मंत्री ने कृषि मंत्रालय से हितधारकों एवं वैज्ञानिकों के परामर्श से फसल अवशेषों का प्रभावी प्रबंधन और पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए

फैक्ट्री की दीवार गिरने से नाला निर्माण में लगे मजदूर दबे, एक की मौत

हादसे में तीन मजदूर घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

समाज जागरण

फतेहपुर। मलवां थाने के औद्योगिक क्षेत्र के नाला निर्माण के दौरान अचानक एक फैक्ट्री की दीवार गिर जाने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार मजदूर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन मजदूरों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जबकि एक को चिकित्सकीय उपचार के बाद घर वापस भेज दिया। जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के थाना हरिगांव, गांव नारे पुरवा निवासी राजेन्द्र का 18 वर्षीय पुत्र कल्लू, मिश्रीलाल का 18 वर्षीय पुत्र कुलदीप, राजेन्द्र का 32 वर्षीय पुत्र संदीप, पल्लू एवं सीतापुर जनपद का ही राजेन्द्र एक सप्ताह पूर्व औद्योगिक क्षेत्र सौंरा में नाला निर्माण में मजदूरी के लिए आए थे। मंगलवार की दोपहर लगभग ढाई बजे नाला निर्माण के दौरान अचानक फैक्ट्री की दीवार मजदूरों पर गिर गई। जिससे राजेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कल्लू, कुलदीप, संदीप व पल्लू घायल हो गए। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे अन्य मजदूरों ने जल्दी-जल्दी दबे मजदूरों को निकाला। जिसमें राजेन्द्र की मौत हो चुकी थी। अन्य घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां पल्लू को मामूली चोट लगने के कारण उपचार के बाद वापस भेज दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी साथ में आए मजदूर सुन्दरलाल ने दी है।

कोंग्रेसियो ने पीड़ित पिता से मिलकर दी सांत्वना

समाज जागरण

फिरोजाबाद! कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम निवास यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने ग्राम शाहपुर (नारखी) में जाकर पीड़ित सोनू अली से भेंट कर उनकी पीड़ा को जाना और दुख की घड़ी में साथ खड़े रहने का वचन दिया और परिवारीजनों से भी विस्तृत चर्चा की तथा पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय से बात कराई जिन्होंने ने सोनू अली से कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ है। परेशान होने की जरुरत नहीं है। शीघ्र ही हमारा पार्टी का एक डेलीगेशन आपसे आकर मिलेगा और हर संभव मदद तथा कानूनी कार्यवाही करेगा ' विगत 02 जनवरी 2026 को बुलंदशहर में सोनू अली की 06 वर्ष की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गईं थी। उसी समय ये अपने घर शाहपुर नारखी आ गये थे, और बच्ची के शव को भी यहीं दफनाया था परन्तु आज तक कोई भी पुलिस या प्रशासनिक अधिकारी इनके घर तक नहीं आया जो निंदनीय है। सोनू अली फिरोजाबाद के कारखाने में काम न मिलने पर बुलंदशहर काम करने को गये थे जो फिरोजाबाद कभी बाहर के लाखों लोगो को काम देता था वही आज काम के अभाव में यहां के लोग पलायन कर रहे हैं। जो फिरोजाबाद का दुर्भाग्य है 'इस मोकेपर जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी , जिला महासचिव शैलेन्द्र शुक्ला , किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव , जिला सह मीडिया प्रभारी सोनू यादव , मण्डल अध्यक्ष अतेश कुमार , मण्डल अध्यक्ष सौरभ कुमार यादव आदि साथ रहे '

गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत, परिजनों का हंगामा: निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

फिरोजाबाद! शिकोहाबाद में इलाज के दौरान 24 वर्षीय गर्भवती महिला की मौत हो गई। परिजनों ने माया देवी हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतका की पहचान शिकोहाबाद के कटरा मीरा निवासी तबस्सुम पत्नी शाहरूख के रूप में हुई है। मृतका के जेठ मोहम्मद आदिल ने बताया कि तबस्सुम गर्भवती थी। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे शिकोहाबाद स्थित माया देवी हॉस्पिटल ले गए, जहां उसे भर्ती किया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई, जिससे तब स्सुम की हालत बिगड़ती चली गई। हालत गंभीर होने पर परिजन तबस्सुम को फिरोजाबाद के एक निजी ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चे–एक बेटा और एक बेटी–छोड़ गई है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उन्होंने दोषी डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं और प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने मक्खनपुर स्थित कान्हा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया!

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मक्खनपुर नगर पंचायत के ग्राम जरौली में स्थित कान्हा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने गोवंश के रखरखाव, चारे की उपलब्धता और शीत लहर के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया, बढ़ती ठंड और शीत लहर को देखते हुए जिलाधिकारी ने नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए, की गौशाला में गौवंशों को ठंड से बचने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित हो, मौके पर गौशाला में गोवंश के बैठने के लिए पुआल और ठंडी हवाओं से बचने के लिए शेड त्रि पाल एवं मोटे पर्दे लगे हुए पाए गए, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां पर कुल 205 गोवंश संरक्षित हैं जिसमें 83 नर और 122 मादा गौवंश है, जिलाधिकारी ने पशुओं के स्वास्थ्य का हाल जाना और निर्देशित किया कि सभी पशुओं के टैगिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण रखा जाए, उन्होंने रजिस्टर में टैगिंग नंबरों का भी मिलान किया ताकि पशुओं की सही गणना और पहचान हो सके, जिलाधिकारी ने गौशाला में चारे के भंडार का भी निरीक्षण किया, उन्होंने हरे चारे और भूसे की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि चारे की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आनी चाहिए, उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्म चारियों को निर्देशित किया कि भूसे का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए, ताकि आगामी दिनों में कोई कमी न हो, उन्होंने परिसर की साफ सफाई पर जोर देते हुए कहा कि पशु चिकित्सक नियमित रूप से गौशाला का दौरा कर नियमित रूप से गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहें, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विशु राजा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुमेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

प्राइवेट चिकित्सक संगठन नेधूम धाम से मनाया गया नववर्ष महोत्सव!

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। हर वर्ष की बात परंपरागत रूप से प्राइवेट चिकित्सक संगठन के तत्व अवधान में प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर उदयवीर सिंह की अध्यक्षता में जैन मंदिर की सभागार में धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि जी की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर उदयवीर सिंह यादव प्रदेश महासचिव डॉक्टर डी आर वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र गोला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सत्येंद्र जैन सोली ने कहा की संगठन विगत 35 वर्षों से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं करता रहा है! जिसके लिए सांसद विधायक मंत्रियों जिला अधिकारियों ने समय-समय पर सम्मानित भी किया है भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता पंडित सुनील शर्मा ने कहा कि संगठन सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में हमेशा सहभागिता करता रहा है हर वर्ष रामलीला महोत्सव पर 15 दिवसीय शिविर लगाकर हजारों गरीब मरीजों का निशुल्क उपचार करता रहा है इसके साथ ही देवी आपदाओं के समय भी प्रधानमंत्री रात कोष को समय-समय पर जिला अधिकारियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सहयोग करता रहा है वरिष्ठ समाजसेवी बृजेश यादव ने कहा की संगठन के सदस्य कम शुल्क लेकर प्राथमिक उपचार की

सेवाएं करते रहते हैं जबकि आपातकाल में कोरोना के समय संगठन के पांच सदस्यों ने हजारों लोगों की जान बचाते हुए स्वयं अपना बलिदान करके शहीद हुए संगठन द्वारा गत वर्ष उनके परिजनों को सम्मानित भी किया गया था जब सरकारी अस्पताल एवं बड़े-बड़े डॉक्टर दरवाजे बंद कर लिए थे सीटू नेता भूरी सिंह यादव ने कहा कि संगठन की उत्कृष्ट सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता है! किसान यूनियन की अध्यक्ष निशा राय ने कहा कि हमारा संगठन संगठन के किसी भी आपातकाल में हमेशा साथ रहेगा झोला छाप के नाम पर उत्पीड़न किया गया तो किसान यूनियन हमेशा संगठन का साथ देगी इस अवसर पर समस्त स्थितियों का भविष्य स्वागत करते हुए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें काव्य पाठ भी किए गए मुख्य रूप से डॉ डी आर वर्मा ने सरस्वती वंदना पाठ करते हुए कवि प्रमोद यादव जोशीला एवं कवि राधेश्याम कुशवाहा ने अपनी कविताओं द्वारा काव्य पाठ किया इस अवसर पर डॉ राम बहादुर शंखवार दो मुन्नालाल बघेल डॉबी0पी0 सिंह जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी डॉ सुरेश चंद गोला ने विचार व्यक्त किया जिला अध्यक्ष डॉ मनीष कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ भानु प्रताप सिंह जालौन नगर अध्यक्ष डॉ पी के कुलश्रेष्ठ महासचिव जिला डॉक्टर ज्ञान सिंह शाक्य डॉक्टर के0सी0 श्रीवास्तव सेक्टर अध्यक्ष अशोक कुमार शेखावत डॉक्टर हरविलास श्रीवास्तव डॉ रामावतार सिंह डॉक्टर सतीश चंद्र यादव दो भजनलाल बघेल आदि का सहयोग सराहनीय रहा समस्त वरिष्ठ जनों को शील्ड भेंटकर सम्मानित किया गया!

युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और खेल और स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए: जिला एवं सत्र न्यायाधीश

(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

बठिंडा ,:पंजाब लीगल सर्विसेज अथॉरिटी बठिंडा द्वारा 6 दिसंबर, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक एक महीने के लिए चलाए गए 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान का समापन समारोह आखिरी दिन स्थानीय कोर्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण श्री करुणेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिविल जज (सीनियर डिवीजन)- सह-सचिव, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण बलजिंदर कौर विशेष रूप से उनके साथ मौजूद थीं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण श्री करुणेश कुमार ने नशे के बुरे प्रभावों के बारे में कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर देता है और परिवार और सामाजिक ढांचे को भी कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है, जिससे केवल सामूहिक प्रयासों से ही निपटा जा सकता है। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण श्री करुणेश कुमार

ने युवाओं से नशे से दूर रहने और शिक्षा, खेल और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण लोगों को नशे के कानूनी, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है ताकि नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री करुणेश कुमार ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए पैरालीगल स्वयं सेवकों को सम्मानित किया और उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी आम जनता को नशे के खिलाफ जागरूक करने में पूरा सहयोग देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यूथ अगेंस्ट ड्रग्स अभियान के तहत एक महीने के दौरान बच्चों की पेंटिंग प्रति योगिता, सेमिनार, नुक्कड़ नाटक, रक्तदान शिविर आदि विभिन्न गति विधियां आयोजित की गईं। इससे पहले, पैरालीगल स्वयंसेवक प्रति निधियों अमरजोत शर्मा और सस्सी सिक्का ने नशे के खिलाफ कविताएं सुनाईं, जबकि नशे के बुरे प्रभावों को दर्शाने वाला एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरविंदर मान, पैरा-लीगल स्वयं सेवकों के प्रतिनिधि, वकील आदि उपस्थित थे।

अमृतसर में 20 किलो हेरोइन बरामद , मुख्य संचालक समेत 4 आरोपी गिरफ्तार : डीजीपी गौरव यादव

समाज जागरण
रघुनंदन पराशर जैतो

चंडीगढ़, : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशानिदेशों के अनुसार, पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के चल रहे अभियान के तहत सीमा पार तस्करी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए, एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स , बॉर्डर रेंज ने सीमा सुरक्षा बल (BSF) के साथ एक संयुक्त अभियान में, ड्रग्स की सप्लाई चेन संभालने वाले मुख्य ऑपरेटर सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 19.980 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स से जुड़े थे और पूरे क्षेत्र में ड्रग्स की खेप पहुंचा रहे थे। डीजीपी गौरव यादव के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान साहिबजीत सिंह उर्फ साहिब और राजविंदर सिंह उर्फ गोलू, दोनों पुराना नारिंगढ़, अमृतसर के निवासी; आशु शर्मा उर्फ आशु, छेहरटा, अमृतसर का निवासी और अमृतसर के एक 17 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई है। हेरोइन की खेप बरामद

करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उनकी मारुति ब्रेजा कार और दो मोटरसाइकिलें भी जब्त कीं। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स से जुड़े थे और पूरे क्षेत्र में ड्रग्स पहुंचा रहे थे और बांट रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमा पार हैंडलर्स की पहचान करने, सप्लाई मार्गों का पता लगाने और पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए आगे की जांच जारी है। तलाशी अभियान के दौरान, भिंडी औलख गांव के खेतों से हेरोइन के पांच पैकेट बरामद किए गए। एसपी एएनटीएफ गुरप्रीत सिंह ने इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि हेरोइन की खेप आरोपियों द्वारा ड्रोन के जरिए तस्करी की गई थी। वे इसे लेने के लिए सीमावर्ती इलाके में गए थे। उन्होंने कहा कि इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, ANTF और इरऋ की एक संयुक्त टीम ने एक रणनीतिक स्थान पर एक चेकपॉइंट स्थापित किया और अपराध में इस्तेमाल की गई ब्रेजा कार के साथ चार आरोपियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों के खुलासे के आधार पर, अमृतसर जिले में पुलिस स्टेशन भिंडी सैद के अधिकार क्षेत्र के तहत पेंडे बीओपी घोघा में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि इस सर्च ऑपरेशन के दौरान, भिंडी औलख गांव के पास खेतों से पांच पैकेट में पैक 19.980 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस संबंध में, 6.01.2026 को पुलिस स्टेशन एए नटीएफ ,एसएएस नगर में एफ आईआर नंबर 06 के तहत एन डीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कुपोषण के खिलाफ लड़ाई बने सामूहिक राष्ट्रीय आंदोलन: वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल

पोषण, वहनीयता और अंतिम व्यक्ति तक वितरण सुनिश्चित करने के लिए समग्र सरकारी दृष्टिकोण: श्री पीयूष गोयल कुपोषण को स्थायी रूप से हटाने के लिए मूल कारण का पता लगाना और नवाचार जरूरी: श्री पीयूष गोयल सामाजिक परिवर्तन और पोषण सुरक्षा के लिए सीएसआर एक शक्तिशाली साधन के रूप में उभर रहा है: सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने आज इस बात पर जोर दिया कि कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को एक सामूहिक राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में आगे बढ़ाना होगा, जिसमें सरकार, निगम, समुदाय और व्यक्ति सभी समान रूप से शामिल हों। नई दिल्ली में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की ओर से आयोजित ह्यपोषण पर सीएसआर सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि कुपोषण का उन्मूलन विकसित भारत के निर्माण और देश के दीर्घकालिक सामाजिक तथा आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है। श्री गोयल ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) व्यापार को सामाजिक प्रभाव से जोड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, विशेष रूप से कुपोषण के उन्मूलन में। उन्होंने बताया कि कानून कंपनियों को अपने शुद्ध लाभ का 2 प्रतिशत सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करना अनिवार्य करता है, लेकिन इसे न्यूनतम सीमा के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि अंतिम सीमा के रूप में। उन्होंने सीएसआर को कंपनियों के लिए बोझ नहीं, बल्कि समाज में सार्थक योगदान देने का एक मूल्यवान अवसर बताया।

गैर कानूनी तरीके से वसूली और वाहनों की जांच को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया आवेदन।

राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।

विष्णुगढ़।एनएच 522 मार्ग स्थित फॉरेस्ट चेकनाका में निजी व्यक्ति के द्वारा संचालित चेकनाका में अवैध वसूली व वाहनों की जांच एवं विभाग का मोहर समेत हस्ताक्षर करने का मामले को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त हजारीबग को आवेदन दे कर इस पर रोक लगाने की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है चेकनाका फॉरेस्ट विभाग का है। लेकिन संचालन निजी व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा है संचालन के दौरान वाहनों की जांच कर विभाग का मोहर एवं हस्ताक्षर कर अवैध वसूली का कार्य किया जा रहा

है।बताते है विभाग के कर्मी संजीत कुमार दास के द्वारा बताया गया वाहनों की जांच के लिए निजी व्यक्ति को रखा गया है । वसूली की जाने वाली राशि वाहनों का चलान है।लेकिन अभी तक किसी तरह का कोई चलान किसी भी वाहन को नहीं मिला।निजी व्यक्ति के द्वारा संचालित चेकनाका को बंद कर विभाग के कर्मी द्वारा चेकनाका को संचालित करने की मांग की गई है।अन्यथा ग्रामीण अधिकारियों के खिलाफ गोलबंद हो कर चेकनाका के समीप धरना प्रदर्शन करेंगे।

आदित्यपुर में पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी करने में पुलिस असफल, पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे हैं सवाल

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 06 जनवरी 2026: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर में पत्रकार अंकित शुभम एवं उनके परिवार पर हुए जानलेवा हमले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पत्रकारों और स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। आरोपी सुभाष यादव, बीएसएफ जवान संजीव कुमार और परिजन पुलिस के गिरफ्त से फरार हैं।

थाना प्रभारी मनगढ़ंत कहानी सुना कर अपनी नाकामयाबी को छुपा रहे हैं, जिससे पत्रकारों में और भी रोश पैदा हो रहा है। जांचकर्ता के साथ पहुंचे पुलिसकर्मी एएसआई महेश उराव द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग और खुलेआम पत्रकार को धमकी देने का मामला भी तूल पकड़ने लगा है।

थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि आरोपी दूसरे स्टेट भाग गया है, जिसे गिरफ्तार करने में असुविधा हो रही है। वहीं एएसआई महेश उराव द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग एवं खुलेआम पत्रकार को धमकी देने के मामले को लेकर थाना प्रभारी ने कहा

कि इस मामले की जांच की गई हैं। एएसआई महेश उराव ने पत्रकार के साथ गलत व्यवहार किया है जिसकी जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत को सौंप दी जाएगी।

लेकिन पत्रकारों का आरोप है कि आरोपी सुभाष यादव एवं उनके परिजन घटना को अंजाम देने के बाद भी खुलेआम थाना परिसर और अन्य जगहों पर घूम रहा था, लेकिन पुलिस ने क्यों नहीं कार्रवाई की?

पत्रकारों ने अपनी प्रतिक्रिया दी कि आरोपी को गिरफ्तारी करने के जगह पुलिस मामले को टाल मटोल कर रही है। आज आरोपी दूसरे स्टेट भाग गया है। जिसे पुलिस पकड़ने में असफल दिख रही है। पत्रकारों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं और आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

पत्रकारों की मांग

- आरोपी सुभाष यादव, बीएसएफ जवान संजीव कुमार और परिजन की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए।
- पुलिसकर्मी एएसआई महेश उराव के खिलाफ कार्रवाई की जाए।
- पत्रकारों के साथ हुई बर्बरता के मामले में पुलिस की कार्रवाई की जांच की जाए।

स्थानीय लोगों एवं पत्रकारों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं?

- पुलिस ने अभी तक आरोपी को क्यों नहीं गिरफ्तार किया?
- पुलिसकर्मी एएसआई महेश उराव के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई?
- पत्रकारों के साथ हुई बर्बरता के मामले में पुलिस की कार्रवाई क्या है?

AI में 33% बढ़ी नौकरियां, सरकार हर स्तर पर कर रही काम; 10 लाख युवाओं को मिलेगी ट्रेनिंग: वैष्णव

समाज जागरण

वैष्णव ने कहा कि सरकार द्वारा अक के सभी स्तरों पर विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है और नए कार्यक्रम के तहत अगले एक वर्ष में 10 लाख युवाओं को अक में प्रशिक्षित किया जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि देश में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) क्षेत्र की प्रतिभाओं को नौकरी देने में 33 फीसदी का इजाफा हुआ है।

राजस्थान रीजनल एआई इंपैक्ट समिट को आभासी रूप में संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि सरकार उद्योग जगत के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एआई ढांचे के सभी पांच स्तरों में विकास हो। इसमें ऐप्लीकेशन स्तर, लार्ज ऐंड स्मॉल लैंगुएज मॉडल स्तर, सेमीकंडक्टर चिप्स ऐंड डेटा सेंटर स्तर और एनर्जी सप्लाई शामिल हैं।

वैष्णव ने कहा, हम देश की सभी आईटी कंपनियों के साथ काम कर रहे हैं और देखना चाहते हैं कि कैसे एआई का इस्तेमाल करके ऐप्लिकेशन विकसित की जा सकती हैं ताकि इस तकनीक का बेहतर इस्तेमाल किया जा सके। हमने इसमें कामयाबी हासिल की है।

उन्होंने कहा कि नागरिकों के हित में एआई का बेहतर विकास और उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी

मंत्रालय ने मंगलवार को एक नया कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत अगले एक वर्ष में 10 लाख युवाओं को एआई कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने रीजनल एआई इंपैक्ट समिट को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का एआई मिशन स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा में एआई जैसी तकनीकों का उपयोग करके व्यापक बदलाव लाने पर केंद्रित है।

मंगलवार को राजस्थान ने एआई और मशीन लर्निंग नीति 2026 भी जारी की। इसका लक्ष्य जवाबदेह, समावेशी और नवाचार आधारित एआई को बढ़ावा देना है। नीति जारी करने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान जल्दी ही स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एआई के इस्तेमाल को बढ़ावा देगा। शर्मा ने कहा, एआई की मदद से कई सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। यह केवल एक और तकनीक भर नहीं है बल्कि विकास को सब तक पहुंचाने का एक तरीका भी है। उन्होंने कहा कि एआई इंसानी तरक्की की एक नई भाषा का सृजन कर रहा है।

राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट समिट देशभर में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों का हिस्सा है, जो 19-20 फरवरी को नई दिल्ली में होने वाले भारत एआई समिट की तैयारी के रूप में किए जा रहे हैं।

नई दिल्ली में होने वाली समिट के दौरान, सरकार द्वारा भारत एआई मिशन के तहत घोषित विभिन्न स्वदेशी बड़े भाषा मॉडल के निर्माण में अब तक हुई प्रगति को प्रदर्शित करने की संभावना है।

एआई भारत मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह के मुताबिक वैश्विक प्रौद्योगिकी और एआई क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों मसलन एनविडिया के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसन हुआंग, ओपनएआई के संस्थापक और सीईओ सैम ऑल्टमैन, गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, डीपमाइंड के सीईओ और सह-संस्थापक डेमिस हासाबिस, माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और परोपकारी बिल गेट्स सहित अन्य नेता फरवरी की समिट में मौजूद रहेंगे।

कई राज्यों में दूषित पानी से सेहत पर संकट, देशभर में बढ़ रहा जल प्रदूषण का खतरा

समाज जागरण

इस साल 2 जनवरी तक राज्य में 2025-26 के दौरान पानी के नमूनों में बैक्टीरिया पाए जाने के 40 मामले दर्ज किए गए हैं, जो देश भर में कुल मामलों का 0.15 प्रतिशत है

लगातार आठ वर्षों से भारत के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाला मध्य प्रदेश का शहर इंदौर जल प्रदूषण के कारण बड़े स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। यहां के भागीरथपुरा इलाके में सीवेज मिला पेयजल पीने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इस साल 2 जनवरी तक राज्य में 2025-26 के दौरान पानी के नमूनों में बैक्टीरिया पाए जाने के 40 मामले दर्ज किए गए हैं, जो देश भर में कुल मामलों का 0.15 प्रतिशत है।

वैसे वर्ष 2025-26 के दौरान देश भर में दूषित पानी के कुल मामलों में पश्चिम बंगाल का हिस्सा 44.52 प्रतिशत है। इससे पहले 2021-22 में यहां ऐसे मामले 66.29 प्रतिशत दर्ज किए गए थे। इसी अवधि में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी दोगुनी होकर 38.77 प्रतिशत पहुंच गई है।

वर्ष 2021-22 में 15.8 प्रतिशत गांवों में पानी में बैक्टीरिया की शिकायतें आई थीं, लेकिन 2024-25 आते-आते यह आंकड़ा लगभग दोगुना होकर 28.59 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इसी अवधि के दौरान पेयजल में रसायन पदार्थों की मिलावट 84.2 प्रतिशत से कम होकर 71.41 प्रतिशत हो गई है। लेकिन पेयजल में रासायनिक पदार्थों की मिलावट अभी भी प्रमुख खतरा बना हुआ है।

दूषित पानी के नमूनों का हिस्सा

वर्ष 2016-17 में पानी के कुल नमूनों में 16.52 प्रतिशत दूषित निकलते थे जबकि 2024-25 यह आंकड़ा घटकर 4.1 प्रतिशत पर आ गया है। लेकिन इस अवधि में परीक्षण का काम लगभग दोगुना हो गया। पहले जहां 46 लाख नमूने भरे जाते थे, अब यह संख्या 83 लाख पहुंच गई है।

सीएचसी पदमा में स्वास्थ्य मेला की तैयारी को लेकर बैठक

पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण

पदमा- प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में 6 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला की तैयारियों को लेकर मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य मेला की रूपरेखा, उपलब्ध सुविधाओं एवं जनसहयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. धीरज कुमार ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य ग्रामीणों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने आमजन तक इन सेवाओं का लाभ पहुंचाने में सभी से सहयोग की अपील की।

स्वास्थ्य मेला के दौरान सामान्य चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, मोतियाबिंद जांच व उपचार, दंत चिकित्सा, पोषण परामर्श, कुष्ठ रोग, टीबी, मलेरिया नियंत्रण, ईएनटी सहित विभिन्न गंभीर एवं लाइलाज रोगों की जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। लोगों से अधिक संख्या में स्वास्थ्य मेला में पहुंचकर लाभ उठाने का आग्रह किया गया।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, मुखिया अनिल मेहता, शांति देवी, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय मेहता, भरत पांडेय, डॉ. विनीत कुमार, डॉ. दीपक कोंगरी, दीपक सिंह सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

मजदूरों के हक की लड़ाई में अडिग राज महतो, हर संघर्ष में बने मजदूरों की आवाज

संवादाता परमबीर पात्रों समाज जागरण

गम्हरिया / सरायकेला-खरसावां: मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई में जेएलकेएम के मजदूर नेता राज महतो एक सशक्त और भरोसेमंद नाम बनकर उभरे हैं। वे मजदूरों के न्याय के लिए तन, मन और धन तक न्योछावर करने से पीछे नहीं हटते, चाहे इसके लिए उन्हें कानूनी मुकदमों का सामना ही क्यों न करना पड़े। राज महतो का मानना है कि जब तक मजदूर सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन नहीं जी पाएंगे, तब तक समाज का संतुलित विकास संभव नहीं है।

आज राज महतो सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि मजदूर वर्ग के बीच संघर्ष, साहस और भरोसे का प्रतीक बन चुके हैं। हर मजदूर के दिल में उनका नाम इसलिए बसता है क्योंकि वे सिर्फ भाषण नहीं देते, बल्कि जमीन पर उतरकर मजदूरों की समस्याओं को अपनी लड़ाई बना लेते हैं। क्राफ्ट्समेन कंपनी से जुड़े मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए वे लगातार संघर्षरत हैं और इस

आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। क्राफ्ट्समेन के मजदूरों का कहना है कि लंबे समय से बकाया भुगतान, काम की असुरक्षा और अधिकारों के हनन जैसे मुद्दों पर राज महतो ने मजबूती से आवाज उठाई है। कई बार दबाव, धमकी और मुकदमे जैसी परिस्थितियाँ भी सामने आईं, लेकिन वे कभी पीछे नहीं हटे। मजदूरों के बीच उनकी लोकप्रियता का कारण यही है कि वे हर हाल में मजदूरों के साथ खड़े रहते हैं।राज महतो का स्पष्ट कहना है कि मजदूरों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका संघर्ष केवल किसी एक कंपनी तक सीमित नहीं है, बल्कि वे पूरे क्षेत्र में मजदूरों को उनके अधिकार, सम्मान और न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। यही वजह है कि आज वे मजदूरों के लिए एक जीता-जागता उदाहरण बन चुके हैं।

पदमा सीएचसी में हंगामा, प्रभारी चिकित्सक पर अभद्र भाषा का आरोप

पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण

पदमा -प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सहियाओं ने सीएचसी प्रभारी डॉ. धीरज कुमार पर अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप लगाते हुए उग्र प्रदर्शन किया। सहियाओं ने कार्य बहिष्कार कर अस्पताल परिसर में विरोध जताया।आरोप है कि एक सहिया से स्पष्टीकरण मांगने के दौरान प्रभारी चिकित्सक ने अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे अन्य सहियाएं आक्रोशित हो गईं। सूचना मिलने पर मुखिया, विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे, लेकिन घंटों चली वार्ता के बावजूद विवाद सुलझ नहीं सका। वहीं डॉ. धीरज कुमार ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि उन्हें याद नहीं है कि उन्होंने क्या कहा था और किसी को अपमानित करने का उनका इरादा नहीं था। सहियाओं ने मामले की लिखित शिकायत जिला स्वास्थ्य समिति व उपायुक्त से करने का निर्णय लिया है। घटना के बाद सीएचसी में तनाव का माहौल बना रहा।

सब्जी विक्रेता का एक ट्रैक्टर के चपेट में आने से हुआ गंभीर रूप से घायल

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता

ईचागढ़- कुकडू प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह मार्केट चौक में बाइक पर सवार सब्जी विक्रेता को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर में ठोकर मार कर घायल कर दिया। सड़क पर लहुलुहान हालत में पड़े कुकडू गांव निवासी मधुसुदन कुमार 30 वर्ष को तिरूलडीह थाना के एस आई रंजीत प्रसाद ने तत्काल मिलन चौक के नर्सिंग होम में भर्ती कराया। मिलन चौक से बेहतर इलाज हेतु मुरी सिंहपुर नर्सिंग होम रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार वह अपनी बाइक से सब्जी लेकर तिरूलडीह डेली मार्केट सब्जी दुकान लगाने जा रहा था,तभी एक अनियंत्रित खाली ट्रैक्टर के चपेट में आने से वह घायल हो गया , ट्रैक्टर घटनास्थल से फरार हो गया था। तिरूलडीह पुलिस तत्परता दिखाते हुए एक खाली ट्रैक्टर को पकड़ कर कब्जे में लिया एवं पुलिस द्वारा छानवीन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मधुसुदन कुमार का दाहिना पैर टूट गया है।

गांवों में कार बिक्री ने शहरों को पछाड़ा, 2025 में ग्रामीण बाजार बना ऑटो सेक्टर की ताकत

ग्रामीण बाजारों में इस दौरान कुल 44.7 लाख यात्री वाहन बिके, जबकि साल 2024 में कुल 41 लाख वाहनों की बिक्री हुई थी

समाज जागरण

पिछले साल ग्रामीण बाजारों में वाहन बिक्री टॉप गियर में रही। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के आंकड़ों के अनुसार 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि में ग्रामीण बाजार शहरी इलाके से आगे निकल गई। शहरी बाजारों में यात्री वाहनों की बिक्री 8 फीसदी बढ़ी जबकि ग्रामीण इलाकों में इसमें 12 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। ग्रामीण बाजारों में इस दौरान कुल 44.7 लाख यात्री वाहन बिके, जबकि साल 2024 में कुल 41 लाख वाहनों की बिक्री हुई थी।

इससे भी महत्त्वपूर्ण यह है कि 2025 के दौरान कुल यात्री वाहनों की बिक्री का लगभग 33 फीसदी सीएनजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे वैकल्पिक ईंधन श्रेणी में आया। सीएनजी वाहनों की बिक्री हिस्सेदारी 18 फीसदी से बढ़कर 21 फीसदी हो गई और ईवी बिक्री हिस्सेदारी 2.4 फीसदी से बढ़कर 4 फीसदी हो गई। हाइब्रिड की बिक्री 2024 में 8.7 फीसदी थी जो 25 में घटकर 8.2 फीसदी रही। दूसरी ओर कुल वाहन बिक्री में पेट्रोल से चलने वाहनों की बिक्री हिस्सेदारी 2024 में 52 फीसदी थी जो 2025 में घटकर 49

फीसदी रह गई और डीजल वाहनों की बिक्री 18 फीसदी पर स्थिर रही।

दिसंबर महीने में भी यात्री वाहनों की बिक्री में तेजी बनी रही और सालाना आधार पर इस दौरान 26.64 फीसदी की वृद्धि हुई। दिसंबर में ग्रामीण बाजारों में यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि 32.40 फीसदी रही। दिसंबर 2024 में 2,99,799 यूनिट के मुकाबले दिसंबर 2025 में 3,79,671 वाहन बिके। फाडा के अध्यक्ष सीएस विघ्नेश्वर ने कहा, फसलों की पैदावार अच्छी रही और मॉनसून भी बेहतर रहा। सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य ने भी ग्रामीण खरीदारी में मदद की। इसके साथ ही माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, आयकर में राहत और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रीपो दर में कटौती से ग्रामीण बाजारों में बिक्री को दम मिला।

दोपहिया की बिक्री 7.24 फीसदी, यात्री वाहन की 9.70 फीसदी, वाणिज्यिक वाहन की 6.71 फीसदी और ट्रैक्टरों की बिक्री 11.52 फीसदी बढ़ी है। फाडा के अध्यक्ष ने कहा, शहरी बाजार में वाहनों की खुदरा बिक्री 8.20 फीसदी और ग्रामीण इलाकों में 7.31 फीसदी बढ़ी। यात्री वाहन की मांग ग्रामीण बाजार में ज्यादा रही जो शहरी बाजारों के 8.08 फीसदी की तुलना में 12.31 फीसदी बढ़ी। यह महानगरों से इतर व्यक्तिगत परिवहन के मजबूत प्रसार को रेखांकित करती है। फाडा के अनुसार ग्रामीण बाजारों में वे क्षेत्र शामिल हैं जहां 40 फीसदी से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। दिलचस्प है कि भारत की वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 2.82 करोड़ इकाई रही। विघ्नेश्वर ने कहा, ह्यजनवरी से अगस्त तक मांग नरम रही मगर बजट में आयकर कर राहत और ब्याज दरों में कटौती से बाद में बिक्री थोड़ी बढ़ी। जीएसटी दर में कटौती के बाद सितंबर से दिसंबर तक स्पष्ट बदलाव आया। दिसंबर 2025 में उद्योग ने 20.3 लाख वाहनों की खुदरा बिक्री की, जो इससे पिछले साल के समान अवधि से 14.63 फीसदी अधिक है। दोपहिया वाहनों की बिक्री 9.50 फीसदी बढ़ी। दोपहिया में ईवी की हिस्सेदारी बढ़कर 7.40 फीसदी हो गई। दिसंबर में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 24.60 फीसदी बढ़ी।

वेनेजुएला संकट का भारतीय IT कंपनियों पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा, कारोबार रहेगा स्थिर

समाज जागरण

भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेस (टीसीएस) के लिए लैटिन अमेरिका जरूर मायने रखता है मगर इसकी भी वेनेजुएला में कोई खास मौजूदगी नहीं है

वेनेजुएला में हुई गंभीर उठापटक से भारतीय सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के कामकाज पर खास असर पड़ने की आशंका नहीं है। विश्लेषकों का कहना है कि वेनेजुएला में भारतीय आईटी कंपनियों की काफी कम मौजूदगी है, जिससे असर भी मामूली या न के बराबर ही हो सकता है। इन्फोसिस और विप्रो जैसी कंपनियों की वेनेजुएला में इस समय कोई इकाई नहीं है। भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेस (टीसीएस) के लिए लैटिन अमेरिका जरूर मायने रखता है मगर इसकी भी वेनेजुएला में कोई खास मौजूदगी नहीं है।

अनअर्थ इनसाइट्स के सीईओ एवं संस्थापक गौरव वासु ने कहा, वेनेजुएला के मौजूदा अस्थिरता वाले हालात का कोई खास फर्क पड़ने वाला नहीं है। इसकी वजह यह है कि उस देश में भारतीय आईटी सेवा कंपनियों का कोई कार्यालय या आपूर्ति केंद्र (डिलीवरी सेंटर) नहीं हैं। वे वेनेजुएला से राजस्व नहीं हासिल करती हैं।

यानी वेनेजुएला में क्या चल रहा है, इससे भारतीय आईटी कंपनियों की सेहत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह स्थिति लगभग वैसी ही है जैसी लगभग चार वर्ष पहले यूक्रेन युद्ध छिड़ने के समय उभर कर आई थी। आईटी कंपनियों की रूस में मौजूदगी

बहुत कम थी, इसलिए उन्हें कारोबार संचालन बंद करने में कोई परेशानी नहीं हुई। लैटिन अमेरिका की अभी भी आईटी कंपनियों के राजस्व में मामूली हिस्सेदारी है। पिछले वित्त वर्ष में टीसीएस के राजस्व में लैटिन अमेरिका की हिस्सेदारी 1.9 प्रतिशत या लगभग 60 करोड़ डॉलर रही थी और स्थिर मुद्रा पर इसमें 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन्फोसिस लैटिन अमेरिका से अपने राजस्व को अलग से नहीं बताती है जबकि विप्रो अमेरिकाज 1 के तहत अपने राजस्व को दशार्ती है।

वासु ने आगे कहा,मौजूदा घटनाक्रम से संचालन, उपभोक्ता तक सेवा आपूर्ति या वित्तीय प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ता दिख रहा है। मोटे तौर पर वेनेजुएला की घटना आईटी सेवा उद्योग के लिए समग्र मांग पर असर नहीं डाल रही है। आईटी कारोबार में मांग वैश्विक स्थितियों, ग्राहक बजट और तकनीक जैसी प्राथमिकताओं पर निर्भर करती है। ऐसी घटनाएं अधिक मायने नहीं रखती हैं, जिनसे परिचालन या राजस्व को कोई जोखिम नहीं रहता है।

लैटिन अमेरिका में मेक्सिको, ब्राजील और चिली जैसे देशों से राजस्व आता है। इन देशों में इन कंपनियों के उत्तरी अमेरिका में अपने ग्राहकों को सेवा देने के लिए नियर-शोर सेंटर हैं। उत्तरी अमेरिका जरूर भारतीय आईटी कंपनियों के लिए बड़ा बाजार है। टीसीएस के लिए लैटिन अमेरिका अहम है, क्योंकि वहां नौ देशों में इस कंपनी के 26,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। कंपनी इस क्षेत्र में 400 ग्राहकों को सेवाएं देती है। वहीं एचसीएलटेक के लिए मेक्सिको महत्त्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। कंपनी कोस्टा रिका, पेरू, ब्राजील और ग्वाटेमाला में भी कारोबार कर रही है।

उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची में बड़ी छंटनी, रक्फमें करीब तीन करोड़ लोगों के नाम कटे

समाज जागरण

एसआईआर की मसौदा सूची मंगलवार को जारी की गई है, जिसमें 12 करोड़ 55 लाख मतदाता शामिल हैं। यह आंकड़ा पूर्व की संख्या 15.44 करोड़ से लगभग दो करोड़ 89 लाख कम है

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में लगभग तीन करोड़ लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। एसआईआर की मसौदा सूची मंगलवार को जारी की गई है, जिसमें 12 करोड़ 55 लाख मतदाता शामिल हैं। यह आंकड़ा पूर्व की संख्या 15.44 करोड़ से लगभग दो करोड़ 89 लाख कम है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में आंकड़े जारी करते हुए कहा कि अब मसौदा मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दर्ज कराई जा सकेंगी। इस दौरान लोग सूची में नाम शामिल करने, सुधार करने या आपत्ति करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले साल 27 अक्टूबर की मतदाता सूची में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता थे। एसआईआर की प्रक्रिया के बाद जारी मसौदा मतदाता सूची में 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। इस सूची से लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं को गिनती के दौरान शामिल नहीं किया जा सका है।

रिणवा ने कहा कि राज्य में 46.23 लाख मतदाता (2.99%) मृत पाए गए हैं, जबकि 2.57 करोड़ मतदाता (14.06%) या तो स्थायी रूप से बाहर चले गए या प्रमाणन की प्रक्रिया के दौरान मौजूद नहीं थे। वहीं, 25.47 लाख अन्य मतदाताओं का नाम एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाया गया। उन्होंने कहा, ह्यमसौदा मतदाता सूची में अब 12.55 करोड़ मतदाता हैं और इसमें राज्य के सभी 75 जिले और 403 विधान सभा क्षेत्र शामिल हैं। रिणवा ने बताया कि इस काम में एक लाख 72 हजार 486 बूथ शामिल किए गए थे। इनमें बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फार्म भरवाने के लिए मतदाताओं तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 5,76,611 बूथ स्तरीय एजेंटों ने भी इस काम में मदद की।

सीईओ ने बताया कि प्रदेश में एसआईआर की कवायद मूल रूप से 11 दिसंबर को खत्म होने वाली थी, लेकिन लगभग दो करोड़ 97 लाख मतदाताओं के नाम मसौदा सूची से बाहर हो रहे थे, जिसके बाद 15 दिन का अतिरिक्त समय मांगा गया। इसके मद्देनजर निर्वाचन आयोग की मंजूरी से एसआईआर प्रक्रिया की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गई थी।

रिणवा ने बताया कि शुरू में मसौदा मतदाता सूची जारी करने की तारीख 31 दिसंबर तय की गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से बाद में इसे 6 जनवरी कर दिया गया।

किशनगंज में मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।

पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, किशनगंज में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के अंतर्गत ग्रामीण भारत के बहुउद्देशीय कृत्रिम गभार्धान टेक्नीशियन (मैत्री) प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. चंद्रहास एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी, किशनगंज डॉ. सतीश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. चंद्रहास ने कहा कि कृत्रिम गभार्धान तकनीक पशुधन की नस्ल सुधार एवं उत्पादकता बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित युवाओं को न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा, बल्कि वे स्वरोजगार से जुड़कर अपने क्षेत्र में पशुपालकों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण कर पशुधन विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मैत्री कार्यकर्ता पशुधन विकास की रीढ़ हैं। यह प्रशिक्षण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ पशुपालकों की आय में वृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कोर्स को-ऑर्डिनेटर डॉ. नीलम कुशवाहा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण भारत में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर स्वरोजगार उपलब्ध कराना तथा पशुधन उत्पादकता को बढ़ाना है। प्रशिक्षित मैत्री कार्यकर्ता पशुपालकों के घर जाकर कृत्रिम गभार्धान के साथ-साथ प्राथमिक पशु चिकित्सा सेवाएं भी प्रदान करेंगे।

ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. नैन्सी जसरोटिया ने जानकारी दी कि महाविद्यालय द्वारा एक माह की अवधि का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो 5 जनवरी से 3 फरवरी तक संचालित होगा। प्रत्येक बैच में 30 मैत्री प्रशिक्षु शामिल हैं, जिन्हें सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर डॉ. राजू, डॉ. प्रत्युष, डॉ. अभिषेक सहित महाविद्यालय के अनेक संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।

जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्य शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किशनगंज जिला वर्तमान में राज्य स्तर पर अपेक्षाकृत पीछे है। उन्होंने कहा कि पूर्व में स्वीकृत ऋणों की वसूली को लेकर सख्ती बरती जा रही है और किसी भी स्थिति में ऋण को डिफॉल्टर नहीं बनने दिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिया कि वे छात्रों को बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम योजना के बारे में जागरूक करें तथा अधिक से अधिक आवेदन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता के लिए शैक्षणिक संस्थानों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि योजनाओं से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु सीधे डीआरसीसी प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक से संपर्क किया जाए। साथ ही सभी महाविद्यालय परिसरों में योजनाओं से संबंधित बैनर एवं पोस्टर लगाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में डीआरसीसी मैनेजर ने जानकारी दी कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत दिया जाने वाला ऋण पूरी तरह ब्याज मुक्त है। ऋण भुगतान के लिए 2 लाख तक की राशि पर 84 मासिक किस्तें तथा 2 लाख से अधिक की राशि पर 120 मासिक किस्तों में भुगतान की सुविधा दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित महाविद्यालय से फीस स्ट्रक्चर एवं बोनाफाइड प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

बैठक के अंत में जिला प्रशासन ने सभी शैक्षणिक संस्थानों से अपील की कि वे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करते हुए अधिक से अधिक छात्रों को इसका लाभ दिलाएं।

हथीन विधानसभा में सद्भावना पदयात्रा, सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद हुए शामिल

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

हरियाणा की हथीन विधानसभा क्षेत्र में आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से सद्भावना पदयात्रा का

आयोजन किया गया। इस पदयात्रा में किशनगंज के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने विशेष रूप से शिरकत की।

यह सद्भावना पदयात्रा हिसार से पूर्व सांसद चौधरी बिजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। पदयात्रा के दौरान देश में शांति, सौहार्द और आपसी एकता बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने कहा कि भारत की पहचान विविधता में एकता से है और संविधान द्वारा दिए गए मूल्यों पर चलकर ही समाज में सौहार्द कायम रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि नफरत और विभाजन की राजनीति से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे को मजबूत करना समय की आवश्यकता है।

पदयात्रा के माध्यम से आयोजकों ने आम लोगों से सामाजिक एकता, आपसी सम्मान और संवैधानिक मर्यादाओं को बनाए रखने की अपील की।

देव में विराट शिवगुरु महोत्सव का आयोजन 11 जनवरी को

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिला के देव प्रखंड स्थित रानी तालाब मैदान, थाना के निकट 11 जनवरी 2026 (रविवार) को एक दिवसीय विराट शिवगुरु महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शिव शिष्य परिवार नबीनगर के पिंटू कुमार उर्फ विधायक जी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे से होगा।विराट महोत्सव में शिवगुरु के उपदेशों का प्रसार ,भजन-कीर्तन ,सत्संग, आध्यात्मिक प्रवचन किया जाएगा।शिवशिष्य परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस महोत्सव से श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होगी। आयोजकों ने जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से सभी गुरु भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है। महोत्सव का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना, नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देना है।महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं।

सीसी नहीं मिलने से धान खरीद प्रभावितः पैक्स अध्यक्ष जबर आलम

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।

बेलवा पैक्स अध्यक्ष ने सरकार से सीसी बढ़ाने की मांग की। बेलवा पैक्स अध्यक्ष जबर आलम ने बताया कि पैक्स के माध्यम से धान की खरीदारी अपेक्षाकृत कम मात्रा में हो रही है। इसका मुख्य कारण सरकार द्वारा सीसी (कैश क्रेडिट) की पर्याप्त व्यवस्था नहीं किया जाना है। उन्होंने कहा कि पैक्स सरकार को अधिक से अधिक सीसी उपलब्ध कराए, तो किसानों से धान की खरीद बढ़ाई जा सकती है और किसानों को भी अधिक लाभ मिल सकेगा।

जबर आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जो भी धान की खरीदारी हुई है, उसका सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) जमा नहीं हो पा रहा है। इसका कारण एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) युक्त चावल की उपलब्धता नहीं होना है। एफआरके चावल नहीं मिलने के कारण मिलर सीएमआर गिराने में असमर्थ हैं, जिससे आगे की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में कुछ धान की खरीदारी की गई है, लेकिन जब तक सीएमआर जमा नहीं होता, तब तक आगे बड़े स्तर पर खरीदारी करना कठिन है। सीएमआर जमा होते ही पैक्स की ओर से खरीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

बेलवा पैक्स अध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि सीसी की सीमा बढ़ाई जाए तथा एफआरके चावल की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि धान खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कुटुम्बा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6 अजमानतीय वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

कुटुंबा (बिहार)औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान के तहत 6 अजमानतीय वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सुरेश यादव, चन्द्रदेव यादव, सुरेन्द्र यादव, अंगद सिंह, सत्येन्द्र सिंह और विकाश सिंह शामिल हैं। ये सभी अभियुक्त विभिन्न मामलों में वांछित थे और लंबे समय से फरार चल रहे थे ।गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पटना में महिला ने की आत्महत्या

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव में एक विवाहिता ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई वहीं मृतका के परिजनों और मायके वालों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान लोदीपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार साव की28 वर्षीय पत्नी सरिता देवी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि सरिता देवी का विवाह वर्ष 2011 में हुआ था। वह तीन छोटे बच्चों की मां थीं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। मां की असामयिक मौत से बच्चों की हालत बेहद दयनीय बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, बच्चों को अभी इस घटना की गंभीरता का पूरी तरह एहसास भी नहीं हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार की देर रात सरिता देवी घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटकी हुई मिलीं। जब परिजनों की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तत्काल घटना की सूचना नौबतपुर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम गांव पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर अपने कब्जे में लिया और प्रारंभिक जांच शुरू की। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, वहीं घर के अंदर और आसपास के हालात का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। मृतका का मायका पालीगंज थाना क्षेत्र के सरसी गांव में बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी लोदीपुर गांव पहुंचे। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पुलिस से निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। मायके पक्ष का कहना है कि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह सामने आनी चाहिए, ताकि सच उजागर हो सके। नौबतपुर थाना प्रभारी संजीत कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी प्रकार की लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी के अनुसार, यह भी जांच की जा रही है कि महिला किसी घरेलू तनाव, पारिवारिक विवाद या मानसिक दबाव से गुजर रही थी या नहीं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स पटना भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि मौत पूरी तरह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण भी छिपा हुआ है। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाएगी।

पटना में भीषण आगलगी से लाखों का नुकसान

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ सोमवार की देर रात जिले के खुसरूपुर सब्जी बाजार में भीषण आग लग गई। जिसके दौरान अरविंद कुमार उर्फ मुन्ना की मनभावन साड़ी की दुकान पल भर में लपटों की चपेट में आ गई। देखते ही देखते आग ने आसपास के इलाकों में दहशत फैला दी। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस भीषण अग्निकांड में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने की खबर मिलते ही बाजार में अफरातफरी मच गई। आस पास के दुकानदार और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और आग बुझाने में लग गए। आसमान में काले धुएं के गुब्बार उठते देख आसपास के घरों और दुकानों को तत्काल खाली कराया गया। लोगों ने तुरंत 112 इमरजेंसी कंट्रोल रूम और खुसरूपुर थाना को सूचना दी, जिसके बाद इमरजेंसी कंट्रोल रूम की गाड़ी और खुसरूपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति संभाली। वही थानाध्यक्ष की सूचना पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंचे फतुहा डीएसपी 2 संजीव कुमार सिंह ने स्थिति का जायजा लिया और घटना की विस्तृत जांच की। डीएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। उन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया और कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर मौजूद पुलिस टीम में एएसआई संतोष कुमार, एएसआई उपेंद्र प्रसाद, एएसआई राजेश कुमार, एएसआई संजय कुमार, एएसआई अब्दुल जब्बार, एएसआई मुन्ना यादव, एएसआई बबलू कुमार, एसआई अक्षय कुमार, तथा 112 की पीटीसी यूनिट से मनोज कुमार पूरे दलबल के साथ मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर दमकल विभाग समय पर नहीं पहुंचता, तो नुकसान और भी अधिक हो सकता था। प्रशासन के त्वरित एक्शन और पुलिस की तत्परता से बड़ी अनहोनी टल गई।

पटना जिले के पालीगंज में मद्य निषेध की टीम ने किया कार्यवाई

279 लीटर विदेशी शराब बरामद, कारोबारी की तलाश जारी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज में पुलिस की सहयोग से मंगलवार को मद्य निषेध की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाई करते हुए पालीगंज थाना क्षेत्र

के मसौढ़ा गांव से 279 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है।

जिसकी जानकारी देते हुए मद्य निषेध के पालीगंज सुपरिटेंडेंट अभय कुमार ने बताया कि बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर मद्य निषेध बिभाग के पालीगंज अधीक्षक के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। जिसमे शामिल सहायक अवर निरीक्षक धनन्जय कुमार के नेतृत्व में मनीष कुमार सिंह, सुधीर कुमार, मनुरंजन कुमार, पकंज कुमार, राहुल कुमार, मद्य निषेध सिपाही, होमगार्ड, ग्रुप सेन्टर पालीगंज एवं पालीगंज थाना के सहयोग से मसौढा में छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में परती जमीन पर भूसा के अंदर छुपा कर रखे गए विभिन्न ब्रांड जैसे रॉयल स्टेज,एमसी डावेल व रॉयल चैलेंज व्हिष्की नामक भारी मात्रा में विदेशी शराब जप्त की गई। वही अभियुक्त फरार है। वही अनुसंधान जारी है। साथ ही अभियुक्त का पता लगाकर अभियुक्त के विरुद्ध कारवाई की जायेगी। विदेशी शराब की कुल मात्रा 279.000 लीटर है।

पटना के पालीगंज प्रखंड मुख्यालय पर भूमिहीनों के हक में जोरदार आंदोलन

माले ने किया बुलडोजर राज के खिलाफ संघर्ष तेज

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पालीगंज/ प्रखंड मुख्यालय पर मंगलवार को भाकपा (माले) के आह्वान पर भूमिहीन परिवारों के हक में जोरदार आंदोलन हुआ। हाल ही में अखबारों में प्रकाशित तथाकथित ह्यअतिक्रमण-मुक्तह्ल गाँवों की सूची ने दशकों से बसे गरीब परिवारों में दहशत फैला दी है।आंदोलन को संबोधित करते हुए पालीगंज विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था और पुनर्वास के बुलडोजर चलाना पूरी तरह अमानवीय है। यह संविधान में दिए गए सम्मानपूर्वक जीवन के अधिकार पर सीधा हमला है। सरकार ने भूमिहीनों को 5-5 डिसिमल जमीन देने की घोषणा की थी, लेकिन न जमीन मिली और न बंदोबस्त अब उल्टे गरीबों को उजाड़ने की साज़िश की जा रही है। भाकपा (माले) इस गरीब-विरोधी बुलडोजर राज का डटकर प्रतिरोध करेगी और बिना बसाए किसी को उजाड़ने नहीं देगी। भाकपा (माले) नेता अनवर हुसैन ने कहा कि सरकार की यह नीति गरीबों को डराने और बेघर करने की साज़िश है, जिसे हम किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। वहीं पार्टी नेता सह पालीगंज मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि भूमिहीन परिवार वर्षों से सरकारी जमीन पर बसे हैं, अब अचानक उन्हें हटाने की कोशिश अन्यायपूर्ण है। इसके खिलाफ संघर्ष और तेज किया जाएगा। आंदोलन में बड़ी संख्या में भूमिहीन परिवार, पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए और सरकार से इस गरीब-विरोधी नीति को तत्काल वापस लेने की माँग की।

पटना के पालीगंज में अवैध बालू लदी छह ट्रैक्टर जब्त

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र में सोमवार की रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध रूप से बालू लादकर परिवहन किए जा रहे कुल छह ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रात के अंधेरे में नदी और आसपास के इलाकों से अवैध बालू खनन कर ट्रैक्टरों के माध्यम से उसका परिवहन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पालीगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित की और चिन्हित स्थानों पर छापेमारी की। मौके से चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए, जबकि सभी ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया। वही पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अवैध बालू खनन और परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा की वरीय अधिकारियों के निर्देश पर लगातार छापेमारी की जा रही है। अवैध बालू से लदे छह ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं तथा संबंधित लोगों के विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा। थानाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध खनन से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है और कानून व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध बालू खनन या परिवहन की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

नवीनगर में अनियंत्रित थार गाड़ी ने बच्चा को कुचला, चालक की पिटाई

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना क्षेत्र के दमड़ी बीघा गांव के समीप जपला झारखंड के तरफ से आ रही एक अनियंत्रित थार गाड़ी ने एक छोटे बच्चे को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद चालक भागने लगा, जहां ग्रामीणों ने उसे थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के समीप पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेते हुए गाड़ी जप्त कर थाना ले आई ।गिरफ्तार चालक की पहचान सिवान जिला के मो सुभान अली के रूप में हुई है।घायल बच्चे को तत्काल डेहरी ले जाया गया, लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बनारस रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार बच्चा अपने नाना माणिकचंद सिंह के घर दमड़ी बीघा गांव आया हुआ था, जहां सड़क पार करने के दौरान हादसा का शिकार हुआ।पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और चालक को हिरासत में ले लिया है।

बीडीओ ने किया मलबरिया गांव का निरीक्षण, नाली गली निर्माण का दिया आश्वासन

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा पंचायत अंतर्गत मलबरिया गांव वार्ड संख्या 12 में नाली एवं गली की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि नाली के अभाव और गली की जर्जर हालत के कारण बरसात के दिनों में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे आवागमन में कठिनाई के साथ-साथ गंदगी और बीमारियों का खतरा भी बना रहता है।स्थल निरीक्षण के बाद बीडीओ अरुण सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही वार्ड में नाली निर्माण का कार्य कराया जाएगा तथा गली में फेवर ब्लॉक लगाकर सड़क को सुचारु किया जाएगा। उन्होंने संबंधित कर्मियों को आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष दीपक तिवारी, पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।ग्रामीणों ने बीडीओ के स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करने और समस्या के समाधान का भरोसा देने पर संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि प्रस्तावित नाली और गली निर्माण कार्य जल्द शुरू होकर उन्हें वर्षों से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी।

माली थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 चोर गिरफ्तार, चोरी का बिजली का तार बरामद

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी किया हुआ बिजली का तार बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मोहित कुमार पिताअशोक चौधरी, निवासी रामगढ़ थाना अगरेर,उपलेश चौधरी पिता बद्री चौधरी, निवासी रामगढ़ थाना अगरेर,दीपक कुमार पिता सतेंद्र चौधरी, निवासी रामगढ़ थाना अगरेर, सुरेश चौधरी पिता स्व० यमुना चौधरी, निवासी शिशिरित थाना धरमपुरा,फिरोज पिता नईमुद्दीन अंसारी, निवासी रेही थाना शिवसागर। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि इन अभियुक्तों के खिलाफ माली थाना कांड संख्या 02/26 के तहत मामला दर्ज किया गया था। छापेमारी अभियान में एस आई मनीष कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

पटना के पालीगंज में सड़क हादसे में टेम्पो चालक की मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज नगर बाजार स्थित बंदरा बगीचा के पास मंगलवार की देर शाम एक सड़क हादसे में टेम्पो चालक की मौत हो गई। यह हादसा महाबलीपुर की ओर से आ रहे एक टेम्पो और पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा के बीच टक्कर से हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेम्पो महावलीपुर से पालीगंज की ओर आ रहा था। जैसे ही टेम्पो पालीगंज स्थित बंदरा बगीचा के पास पहुंचा पीछे से तेज गति में आ रही हाइवा ने टेम्पो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेम्पो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए पालीगंज पीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का पहचान नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।